ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 01 ● विक्रम संवत 2080 ● रविवार, 29 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 264 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

'आर्या' में ऐसी ताकत है जो बवंडर का मुकाबला ... पेज 10 पर

भारत ने मलेशिया को 5-0 से रौंदा, चीन और जापान को भी मिली जीत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे दिन 3 धमाकेदार मैच खेले गए। आज के दिन के तीसरे मैच मे भारत की टीम का सामना मलेशिया की टीम से हुआ। भारत ने मलेशिया को 5-0 से कारारी मात दी। इसके साथ ही भारत ने लगातार दूसरे दिन अपना दूसरा मैच जीत लिया है। महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के पहले दिन भारत ने थाईलैंड को 7-1 से मात दी थी।

भारत ने मलेशिया को 5-0 से दी मात

भारतीय महिला हॉकी प्लेयर्स ने अपने पहले दिना का धामकेदार प्रदर्शन मलेशिया के खिलाफ भी जारी रखा। भारत ने शुरूआत से ही मैच में दबदबा बनाए रखा। बंदना कटारिया ने भारत के लिए पहला गोल दागा और भारत को मलेशिया पर 1-0 से बढ़त दिला दी। ये गोल पेन्लटी कॉर्नर के जरिए आया। बंदना ने ही भारत के लिए दूसरा गोल दागा और इसके बाद संगीता ने तीसरा और लालरेम्सियामी ने चौथा गोल दागा। भारतीय टीम ने मैच के हाफ टाइम तक मलेशिया पर 4-0 की बढ़त बना ली थी। भारतीय टीम के लिए ज्योति ने दूसरे हाल में पांचवा गोल कर दिया। इसके बाद मलेशिया की टीम को मैच में वापस आने का कोई भी मौका नहीं मिला और भारत की टीम मे मलेशिया को 5-1 से हरा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की है।

चीन ने थाईलैंड को हराया

दूसरा मैच चीन आर थाईलैंड के बीच में हुआ। इस मैच में चीन ने थाईलैंड को 6-0 से हरा दिया है। इस मैच में चीन थाईलैंड पर शुरू से ही हावी रही और फर्स्ट हाफ में ही अपने आक्रामक खेल के दम पर गोल दाग दिया। चीन ने पहले क्वाटर के 10वें मिनट में गोल किया। चीन के लिए पहला गोल जहोंग जियाकी ने किया। इसके बाद मा निंग ने पेनाल्टी कॉर्नर के जरिए 30वें मिनट में दूसरा गोल कर दिया। इसके बाद 42वें मिनट में जोइंग जियाकी ने पेनल्टी शॉट के जरिए तीसरा गोल किया और चीन की कप्तान ओऊ जिक्सिया ने 50वें मिनट में गोल कि संख्या 4 कर दी। इस बढ़त से थाईलैंड की टीम उभर नहीं पाई। चीन के लिए 51वें मिनट में जोइंग जियाकी गोल दागा और फिर 57वें मिनट में चेन ई ने गोल कर स्कोर 6-0 कर दिया। मैच का फुलटाइम होने पर चीन ने थाईलैंड को 6-0 से रौंद दिया। थाईलैंड को पहले मैच में कल भारत से भी 7-1 से हार झेलनी पड़ी थी।

जापान ने कोरिया को दी मात

पहला मैच जापान और कोरिया के बीच खेला गया। इस मैच में जापान ने कोरिया को 4-0 से मात दी। इस मैच के जापान की कोबायसी एमी ने मैच के 7वें मिनट में गोल दाग स्कोर 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद मैच के15वें मिनट में कोरिया पर जापान ने दूसरा गोल दागा। हासेगावा मियू ने जापान के लिए 19वें मिटन में तीसरा गोल दाग बढ़त 3-0 कर दी। इसके बाद कोरिया की टीम इस मैच में वापसी नहीं कर पाई और जापान ने 49वें मिनट में टोरियामा मै की मदद से चौथा गोल दाग दिया। इसके साथ ही कोरिया को जापान ने 4-0 से हरा दिया। इस मैच में कोरिया को 3 पेनल्टी शॉट मिले लेकिन वो गोल नहीं कर पाई और मैच हार गई।

गागर में सागर

व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को मिलेंगे 1200 रुपये

रांची। राज्य के सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को 80 घंटे की इंटर्नशिप अनिवार्य रूप से कराई जाएगी। साथ ही इन विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान 1,200 रुपये का स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह राशि उनके बैंक खाते में डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर की जाएगी। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को बैंक खाता अनिवार्य रूप से खोलने का निर्देश दिया गया है। बैंक खाता के माध्यम से राशि डीबीटी का जा सकेगी। इसके अलावा व्यावसायिक शिक्षा के तहत इंटर्नशिप पूरा करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। इस दौरान 446 स्कूलों में 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप कराई जानी है। फिलहाल, 11 तरह की व्यावसायिक शिक्षा विद्यार्थियों को दी जा रही है। व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के राज्य समन्वयक स्वप्निल कुजूर ने शनिवार को बताया कि संस्थान का विद्यार्थियों के प्रति व्यवहार और बच्चों का कार्य में मन कितना लग रहा है। इन सभी विषयों का निरंतर आकलन करते रहना चाहिये। इसके अलावा इंडस्ट्रियल विजिट के लिए प्रति विजिट स्कूलों को 7500 रुपये भी दिए जाएंगें।

आईजी मुख्यालय की समीक्षा बैठक 30 अक्टूबर को होगा

रांची। झारखंड पुलिस मुख्यालय में आईजी मुख्यालय मनोज कौशिक 30 अक्टूबर को समीक्षा बैठक करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आईजी मुख्यालय सभी जिलों के एसएसपी और एसपी के साथ बैठक करेंगे। इस संबंध में सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय पीजी पोर्टल में कुल 807 शिकायत लंबित पायी गयी है। इसमें सभी एसएसपी और एसपी को शामिल होने के लिए कहा गया है। लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने के लिए यह समीक्षा बैठक बुलायी गयी है।

नाबालिग फुटबॉल खिलाड़ी के साथ प्रशिक्षक ने की छेड़खानी, गिरफ्तार

रांची। रांची के धुर्वा इलाके की एक फुटबॉल खिलाड़ी के साथ छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस वारदात को उसके प्रशिक्षक ने गुरुवार की शाम अंजाम दिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए धुर्वा पुलिस ने आरोपी प्रशिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सतीश मिंज है और वह धुर्वा थेथरकोचा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार नाबालिग खिलाड़ी आठवीं कक्षा में पढ़ाई भी करती है। सतीश नाबालिग खिलाड़ी को ट्यूशन के साथ उसे फुटबॉल खेलने की ट्रेनिंग भी दिया करता है। गुरुवार को आरोपी सतीश नाबालिग को ट्यूशन पढ़ाने के लिए उसके घर गया। उस वक्त घर पर कोई नहीं था। अकेला पाकर आरोपी ने नाबालिग के साथ जबरन अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने नाबालिग को जान से मारने की भी धमकी दी। कुछ देर बाद जब परिजन घर पहुंचे तो नाबालिग ने मामले की पूरी जानकारी दी। इसके बाद नाबालिग के साथ परिवार वाले सीधे धुर्वा थाना पहुंचे और आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को शनिवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

ऑस्ट्रेलिया - 388/10 (49.2 ओवर)

न्यूजीलैंड - 383/9 (50 ओवर)

नीदरलैंड्स - 262/10 (50 ओवर)

बांग्लादेश - 142/10 (42.2 ओवर)

आज का मैच

भारत बनाम इंग्लैंड, लखनऊ में (2 बजे से)

जेपीएससी परीक्षा में अभ्यर्थियों की कॉपी में ओवरराइटिंग

इंटरव्यू में हुई धांधली

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पहली और दूसरी जेपीएससी की परीक्षा में जबरदस्त धांधली की गयी है। झारखंड हाईकोर्ट में सीबीआई ने जो जानकारी दी है उसके मुताबिक अब तक की जांच में यह बात सामने आयी है कि लगभग 100 अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिका में ओवरराइटिंग कर न सिर्फ नंबर बढ़ाये गये, बल्कि उन्हें इंटरव्यू में भी ज्यादा नंबर दिये गये हैं। इस बात की पुष्टि एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेट्री) की जांच में भी हुई है। इसमें जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष व सदस्य राधा गोविंद नागेश और को-ऑर्डिनेटर परमानंद सिंह की काफी महत्वपूर्ण भूमिका थी। हाईकोर्ट में सीबीआई द्वारा दी गयी इस जानकारी के बाद अदालत ने सरकार से यह पूछा है कि जिन अफसरों के खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया से सही पाये गये हैं, उनके खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गयी है। इस पूरे मामले की हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंदा सेन की खंडपीठ इस पूरे मामले पर सुनवाई कर रही है। अदालत अब इस मामले में नौ नवंबर को सुनवाई करेगी। जेपीएससी की तरफ से ली गई विभिन्न परीक्षाओं में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए साल 2008 में बुद्धदेव उरांव ने जनहित याचिका दाखिल की थी, जिसपर सुनवाई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है राज्य सरकार इसको हर हाल में जाना चाहिए : नड्डा

हरमू मैदान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का समापन समारोह

आदिवासियों के नाम पर सिर्फ वोट की राजनीति

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि फरेबियों की सरकार है। सरकार में अपराध चरम पर है। भ्रष्टाचार में सरकार आकंठ डूबी हुई है। मुख्यमंत्री के पीछे ईडी पड़ी हुई है। यह ऐसी सरकार है, जहां शराब माफिया, लैंड-सैंड माफिया दनदना रहे हैं। ऐसी सरकार को जाना चाहिए।

नड्डा रांची के हरमू मैदान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस आदिवासियों के नाम पर राजनीति करती है। आदिवासियों को जितना नुकसान हेमंत की सरकार में हुआ है, उतना पहले किसी दूसरी सरकार में नहीं हुआ

है। इस सरकार का जाना तय है लेकिन झारखंड की भोली जनता एक बात समझ ले भाजपा की सरकार जब सत्ता पर बैठती है तो जनता की सेवा के लिए बैठती है। जब जेएमएम और कांग्रेस के लोग सत्ता पर बैठते हैं तो अपनी सेवा के लिए बैठते हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मंदिर तोड़े जा रहे हैं। शिव बारात को रोका जाता है। ऐसी सरकार जो तुष्टिकरण से युक्त हो, भ्रष्ट हो उसे वापस नहीं आने देंगे। एक समय था जब भाजपा की सरकार थी तो नक्सल पर नियंत्रण था। आज नक्सलियों की हालत क्या है। वह दनदना रहे हैं। आज राज्य में रेप हो रहा है। लूट हो रही है। यह जंगल राज बनाकर रखा है। मैं बाबूलाल और भाजपा को बधाई देना चाहता हूं कि सही पर बाबूलाल ने जनता को जगाया है। नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि झारखंड में सात हजार सात सौ 91 किमी की हाइवे है। एक हजार एक सौ करोड़ की लागत से एम्स बनाकर दिया। चार साल के अंदर देवघर का मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हुआ। जो काम प्रदेश के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

राज्य सरकार सिर्फ कमाने में लगी है : बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 4 साल से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार है। 4 वर्षों में से विकास ठप है। हेमंत सरकार कमाने में लगी हुई है। झारखंड में जो भी विकास का काम दिख रहा है वह भाजपा सरकार की देन है। देश में बीजेपी की सरकार बनी तो अलग झारखंड बना। राज्य बनने के बाद विकास का काम प्रारंभ हुआ। इस प्रदेश में गांव तक सड़क, बिजली, पुल पुलिया का निर्माण हुआ। कांग्रेस ने 50-55 वर्षों तक राज किया परंतु गांव की सुधि नहीं ली। ना ही राज्य अलग किया। पहले वाजपेई जी और मोदी जी के नेतृत्व में काम हो रहा है। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने कई घोषणा की। 5 लाख युवाओं को रोजगार देने, रोजगार नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने की। यह घोषणा केवल चुनावी मंचों से नहीं किया बल्कि विधानसभा से किया, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

लातेहार में आठ लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर अगनु गंझू को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सब जोनल कमांडर आठ लाख रुपये का इनामी था। वह चंदवा थाना क्षेत्र के मड़मा गांव का रहने वाला है। इस संबंध में लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी का एक दस्ता जोनल कमांडर रविंद्र गंझु के नेतृत्व में किसी घटना को अंजाम देने के लिए चंदवा थाना क्षेत्र के बेतर जंगल के आसपास भ्रमणशील है। इस सूचना के बाद डीएसपी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित कर उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। पुलिस को इस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सीएम 16 नवंबर से करेंगे 'आपकी योजना आपकी सरकार' कार्यक्रम की शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 16 नवंबर से 'आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार' कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू करने वाले हैं। मुख्यमंत्री साहिबगंज के बरहेट में अमर शहीद सिदो कान्हू के जन्मस्थली भोगनाडीह से इसकी शुरूआत करेंगे। इसका समापन दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह में धरती आबा बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर होगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि 'आपका अधिकार, आपकी सरकार,आपके द्वार-3.0' की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और विधिवत इसकी जानकारी मीडिया के माध्यम से जनता को दी जाएगी। विनोद पांडेय ने कहा कि

इस कार्यक्रम के दौरान जिस जिस जिले में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होगा वहां की जिला और प्रखंड इकाई पूरी तरह सहयोग करेगी।

मुख्यमंत्री की 16 नवंबर से प्रस्तावित 'आपका अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार-3.0' बाबूलाल मरांडी की राज्यव्यापी संकल्प यात्रा की समाप्ति के बाद हो रही है। बाबूलाल मरांडी की करीब दो महीना 10 दिन चली संकल्प यात्रा को झामुमो प्रभावहीन और हाट बाजार की सभा बता कर तंज कसता रहा है। लेकिन यह भी एक तथ्य है कि बाबूलाल मरांडी ने अपने संकल्प से सिद्धि तक की यात्रा के दौरान अपने आक्रमण के केंद्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रखा है। इस बीच भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा, बेरोजगारी सहित कई मुद्दों को भी उठाया था। अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तैयारी अपनी यात्रा के दौरान बाबूलाल मरांडी के आरोपों का जवाब देने के साथ साथ महागठबंधन की सरकार की बड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं, यूनिवर्सल पेंशन, ओल्ड पेंशन स्कीम, नियुक्ति एवं अन्य उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने की है।

पलामू में आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

पलामू। आठ साल की गूंगी और बहरी बच्ची के साथ 35 साल के एक शादीशुदा व्यक्ति ने दुष्कर्म किया। घटना पलामू जिले के थाना नावाबाजर थाना क्षेत्र के सदाबह नदी की है। बच्ची को गंभीर स्थिति में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उसकी मेडिकल जांच करायी गयी है। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम बच्ची घर से थोड़ी दूर पर स्थित सदाबाह नदी की ओर गई थी। इसी दौरान पंडवा मोड़ का रहने वाला कंचन वहां पहुंचा। सुनसान इलाके में बच्ची को ले गया और उसके साथ जघन्य अपराध को अंजाम दिया। हॉस्पिटल बच्ची की ईलाज के लिए पहुंचीं उसकी दादी ने शनिवार को बताया कि बच्ची काफी देर तक घर नहीं लौटी तो उसे परिवार वाले ढूंढने लगे। बच्ची की मां को स्थानीय लोगों ने बताया कि एक व्यक्ति बच्ची को सदाबह नदी के सुनसान इलाके में ले गया है।

झारखंड में 1.60 लाख के केसीसी लोन के लिए गारंटी जरूरी नहीं

किसानों को राहत देने की कोशिश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य में किसानों को बिना किसी दस्तावेज के 1.60 लाख रुपये तक केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) लोन दिया जा रहा है। अब किसानों को दस्तावेज वेरिफिकेशन के लिए बैंक का चक्कर काटने की कोई जरूरत नहीं है। राज्य में 1.60 लाख रुपये का केसीसी लोन लेने के लिए किसान को किसी भी तरह के दस्तावेज (गारंटी) देने की जरूरत नहीं है।

हालांकि, इस वर्ष मात्र तीन हजार किसानों ने ही डेढ़ लाख से दो लाख रुपये तक केसीसी ऋण लिया है। अधिकतम लोन 50 हजार रुपये से एक लाख रुपये के बीच लिया जाता है। कुल 4.15 लाख किसानों ने 25 हजार से 50 हजार रुपये तक का कर्ज लिया है।

किसान क्रेडिट कार्ड लोन को लेकर आरबीआई की तरफ से नई गाइडलाइंस जारी की गई है। इस गाइडलाइंस के माध्यम से केसीसी लोन को पूरी तरह से डिजिटल किया जा रहा है। इसे किसानों यह फायदा होगा कि उन्हें लोन लेने के लिए किसी भी तरह के डॉक्यूमेंट को लेकर बैंक की ओर रुख करने की जरूरत नहीं है। इसके तहत जैसे ही किसान केसीसी लोन के लिए अप्लाई करेंगे, वैसे ही बैंक अपने आप उसकी सारी जानकारी और दस्तावेज इकट्ठा कर लेगा और किसान का लोन पास कर दिया जाएगा।

झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को आश्वासन दिया था कि वह सबके 50 हजार रुपये तक का कर्ज चुकाएगी और इसके जरिए राज्य के 4.68 लाख किसानों का 50,000 रुपये तक का केसीसी ऋण माफ कर दिया गया है। हालांकि, कुछ बचें किसानों के ऋण को लेकर बैंक में वेरिफिकेशन की प्रक्रिया अभी भी जारी है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

शराब घोटाला मामला

योगेंद्र तिवारी खोल रहा नेताओं-अफसरों के राज

कोर्ट ने छह दिनों के लिए रिमांड बढ़ाई

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में शराब घोटाले के किंगपिन योगेंद्र तिवारी से ईडी अगले छह दिनों तक दोबारा पूछताछ करेगी। पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को ईडी की दरख्वास्त पर उसकी रिमांड को बढ़ाने की मंजूरी दे दी। इसके पहले ईडी योगेंद्र तिवारी से आठ दिनों तक पूछताछ कर चुकी है। इस दौरान उसने एजेंसी को अपने संरक्षकों और शराब कारोबार में पैसा लगाने वालों के नाम बताए हैं। उसने कई

राजनेताओं और अफसरों का संरक्षण होने की बात स्वीकार की है। योगेंद्र तिवारी को 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। इसके पहले शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 23 अगस्त को राज्य भर में 36 ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने अपनी जांच में पाया है कि देवघर के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

गागर में सागर

चुटिया में लिफ्ट में गिरने से युवक की मौत

रांची। चुटिया थाना क्षेत्र के अनंतपुर स्थित एक अपार्टमेंट में लगे लिफ्ट में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की है। मृतक का नाम शैलेश कुमार श्रीवास्तव है और वह अनंतपुर समृद्धि इनक्लेव में रहते थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को चौथी मंजिल से ग्राउंड फ्लोर में जाने के लिए लिफ्ट के बाहर खड़े थे। लिफ्ट का बटम दबाया और दरवाजा खुल गया। लेकिन लिफ्ट नीचे ही थी। शैलेश ने बिना देखा लिफ्ट में घुसने लगे। जिससे वह सीधे नीचे गिर गए। घटना में उन्हें गंभीर चोट भी लगी। गिरने की आवाज सुनकर फ्लैट में रहने वाले लोग बाहर निकले। आनन-फानन में घायल शैलेश को राज अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान शैलेश की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शनिवार को परिजनों को सौंप दिया। मामले में यूडी केस दर्ज किया गया।

पति समेत ससुराल वालों पर मारपीट और बच्चे छिनने का आरोप, केस दर्ज

रांची। गाड़ीखाना बानो मंजिल रोड की रहने वाली शाहीना मुस्तफा ने पति समेत ससुराल वालों पर मारपीट पर बच्चो को छीनकर ले जाने और मारपीट किए जाने का आरोप लगायी है। इस संबंध में शाहीना ने गुरुवार को सुखदेवनगर थाने में शारिब मुस्तफा, गुलाम मुस्तफा, राशिद मुस्तफा और याकूब मुस्तफा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। शाहीना की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उनके पति जबरन उनसे बच्चे को लेकर चले गए। जब 17 अक्तूबर वह बच्चे के मिलने के लिए गयी तो पति समेत ससुराल वालों ने उन्हें बच्चे से मिलने नहीं दिया। उनके बच्चो को पति कहीं लेकर चले गए। जबकि सीडब्ल्यूसी ने बच्चे को सौंपने का आदेश उसके पति को दिया है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

बदमाशों ने गिराई चहारदीवारी, तोड़फोड़

रांची। लालपुर थाना क्षेत्र के करमटोली मोरहाबादी रोड में बदमाशों ने अस्थायी चहारदीवारी को गिरा दिया और महिलाओं के साथ मारपीट भी की। इस संबंध में परमजीत खलखो ने मखुन टोप्पो, सिमोन टोप्पो, अलका टोप्पो समेत अन्य के खिलाफ लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। परमजीत ने पुलिस को बताया कि उनकी जमीन करमटोली में है। उनकी जमीन को टीन से चहारदीवारी की गई है। साथ ही उसमें एक छोटा कमरा भी बना हुआ था। बीते 19 अक्तूबर को मखुन और उसके परिवार के सदस्यों ने जमीन पर बने चहारदिवारी को गिरा दिया और घर में घुसकर तोड़फोड़ की। उनकी मां और बहन के साथ मारपीट भी किया है। इसके बाद वह सीधे लालपुर थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

गाजे-बाजे के साथ भाजपा नेत्री शोभा यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

रांची। संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को भाजपा नेत्री शोभा यादव (प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य, झारखंड प्रदेश) रांची, कांके, हटिया, खिजरी, मांडर के हजारों महिलाओं के साथ बाजे गाजे के साथ नाचते गाते कार्यक्रम स्थल हरमू मैदान पहुंचीं। इस मौके पर भाजपा नेता शिव किशोर शर्मा भी मौजूद थे। कार्यक्रम के पूर्व सभा स्थल पर सभी महिलाएं भाजपा नेत्री शोभा यादव संग बाजे गाजे के साथ नृत्यगान करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा का भगवान बिरसा मुंडा के पावन धरती पर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के लोगों ने सभी महिलाओं का उत्साह बढ़ाया और बधाई दी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से आई सभी महिलाओं ने शोभा यादव के साथ हाथ उठाकर बता दी कि इस राज्य के संवेदनहीन सरकार को हराकर संवेदनशील सरकार को लाना है। यह जानकारी भाजपा नेता शिव किशोर शर्मा ने दी।

रातू के चार जनवितरण दुकानों पर कार्रवाई

रातू। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने रातू के चार जनवितरण दुकानदारों के खिलाफ स्पष्टीकरण की मांग की है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत शुक्रवार को रातु के विभिन्न जनवितरण दुकानों का औचक निरीक्षक किया था। इस दौरान कई दुकान बंद पाई गयी। दुकानों के जांच करने पर पाया गया कि दुकान में खाद्य का भंडारण के बाद भी लाभुकों के बीच अनाज का वितरण नही किया गया । जिसमे सुंडिल पंचायत के लक्ष्मी महिला मंडल, मलमाण्डू के मलमाण्डू स्वयं सहायता समूह, पुरीयो के नूर मोहम्मद, व रातु चट्टी के दुकानदार शामिल है। डीएसओ ने उन्हें 48 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की है।

अश्लील फोटो से ब्लैकमेल कर महिला को बनाया हवस का शिकार

रातू। अश्लील फोटो खींचकर कई सालों तक महिला को अपने हवस का शिकार बनाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के काठीटांड निवासी विवाहित महिला ने रातु थाने में एक युवक के खिलाफ जबरदस्ती दुष्कर्म करने मामला रातु थाना में दर्ज कराई है। आरोपी 33 वर्षीय युवक जतरू मुंडा काठीटांड का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक महिला की शादी 10 वर्ष पहले काठीटांड निवासी मनोज मुंडा के साथ हुई है। दुष्कर्म का आरोपी जतरू मनोज का दोस्त है। दोस्त के नाते जतरू का आना- जाना उसके घर होता रहता था। महिला से हंसी मजाक भी होता था। इसी दौरान एक दिन जतरू ने महिला को घर मे अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद मोबाइल से उसका अश्लील फोटो खींच लिया। वह फोटो वायरल करने की धमकी देकर लगातार कई वर्षों तक महिला के साथ दुष्कर्म करता रहा।

हर देकर पति को मारने का बना रहा था दबाव

जतरू महिला को उसके पति मनोज को जहर देकर मारने का दबाव बना रहा था। पति के मौत के बाद जतरू महिला को उससे शादी का प्रलोभन भी देता था। जिससे महिला काफी परेशान हो गयी और तंग आकर रातु थाने में युवक के खिलाफ दुष्कर्म करने, नग्न तस्वीर वाइरल करने की धमकी व पति को जहर पिलाकर मारने को मजबूर करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस आईपीसी की धारा 376 के तहत कांड संख्या 418 दर्ज कर आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

बेड़ो में जमीन विवाद को लेकर महिला मजदूर की हुई हत्या

भाई के साथ चल रहा था जमीन विवाद को लेकर झगड़ा

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

बेड़ो जमीन विवाद में महिला मजदूर पुनम उरांव की पत्थर से कुचकर हत्या की खबर से पूरे प्रखंड में सनसनी मच गई और धीरे ही धीरे पूरे प्रखंड में हत्या की खबर आग की तरह फैल गई। महिला मूल रूप से बेड़ो विनय बगीचा की ही निवासी है और बेड़ो बिजली ऑफिस के नीचे किराए के मकान में अपनी मां के साथ रह रही थी। घटना बेड़ो बाजार स्थित बड़ा गोदाम के पीछे गली में शनिवार की शाम 6:30 बजे की है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना की सूचना बेड़ो पुलिस प्रशासन और परिजनों को दिए। इसके बाद बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम व एएसआई जितेंद्र यादव ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। वहीं मौके पर पहुंचे परिजनों में मृतक की मां सुमरी उरांव बहन अंगनी उरांव का रो रो कर बुरा है। इधर घटना के संदर्भ में मिली जानकारी

के अनुसार बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियो के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद उसी गली से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात लोगों को निकाल कर जाते हुए देखा गया था। इधर घटना के बाद घटनास्थल पर मृतक पूनम उरांव की मां अंगनी उरांव कह रही थी उसकी बेटी पूनम उरांव कि उसके अपने भाई दिलीप उरांव के साथ बेड़ो बाईपास में जा रहे जमीन के मुआवजे व जमीन विवाद को लेकर झगड़ा चल रहा था और इसी को लेकर मेरी बेटी को मार दिया। जानकारी के अनुसार घटना के वक्त गोली चलने की भी आवाज आसपास के लोगों को सुनाई दी थी ग्रामीणों में चर्चा है कि महिला को पहले गोली मारी गई उसके बाद उसके सिर को पत्थर से कुचा गया हो। इधर घटना के संदर्भ में बीरो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रोम ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

सड़क दुर्घटना में घायल का इलाज के दौरान हुई मौत

बेड़ो। बेड़ो में सड़क दुर्घटना में घायल युवक 45 वर्षीय राजेश बैठा की शनिवार को इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। मृतक का शव जैसे ही गांव पहुंचा तो पूरे गांव में मातम छा गया। स्वजनों में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि लोहरदगा पथ पर बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको कब्रस्तान के समीप शुक्रवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे पैदल अपने घर जा रहे राजेश बैठा को एक बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। जिससे राजेश बैठा व बाइक सवार 28 वर्षीय दानियल बेक दोनों तुको बेड़ो गांव निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए स्वजनों ने ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां युवक का इलाज चल रहा था। वहीं इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मौत हो जाने के बाद शव जैसे ही गांव पहुंचा पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया।

कांग्रेस पार्टी के संयोजक से मिले मोर्चा अध्यक्ष, सौंपा 8 सूत्री मांग पत्र, कहा-

राज्य पिछड़ा वर्ग के पदों पर आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की हो नियुक्ति

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के एक प्रतिनिधि मंडल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय संयोजक के० राजू को झारखंड प्रदेश में ओबीसी समुदाय के हक-अधिकार सुरक्षित करते हुए न्याय देने की मांग प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने की है। इस आशय का मांग पत्र सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने 8 बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया है, जिनमें जातीय सर्वेक्षण करने, तत्काल ओबीसी समुदाय का आरक्षण बढ़ाने, सात जिले में ओबीसी आरक्षण लागू करने, जेपीएससी द्वारा ओबीसी समुदाय के साथ भेदभाव बंद करने, सरकार के बोर्ड, निगमो में जनसंख्या के अनुपात में ओबीसी समुदाय के नेताओं को 50% प्रतिनिधित्व देने, किन्नर समुदाय को ओबीसी आरक्षण से बाहर कर उन्हें स्वतंत्र रूप से आरक्षण देने,

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सदस्यों की नियुक्ति अविलंब करने और ट्रिपल टेस्ट कर नगर निकाय चुनाव में ओबीसी के आरक्षण को सुनिश्चित करने की मांग की है। श्री गुप्ता ने मांग पत्र में यह भी अंकित किया है कि पिछले कई मौके पर ओबीसी के हक- अधिकार में कटौती हुई है। पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण नहीं दी गई है, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य का पद खाली हैं। श्री गुप्ता ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा ओबीसी समुदाय के मुद्दे को राष्ट्रीय पटल पर प्रमुखता से उठाने के लिए आभार व्यक्त किया है। मौके पर राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्र लेख उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, विनय कुमार अभय कुमार आदि शामिल थे।

उप विकास आयुक्त ने बेड़ो के कई गांवों में जलछाजन योजना का किया निरीक्षण

बेड़ो। विकास आयुक्त रांची दिनेश यादव ने शनिवार को बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा कर जल छाजन से संबंधित कई योजनाओं का निरीक्षण किया। दिघिया और घाघरा पंचायत के कई गांव का भ्रमण कर उन्होंने जल छाजन द्वारा बनाए जा रहे तालाब निर्माण की योजना, फील्ड बंड और टीसीबी सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल छाजन द्वारा निर्माण किया जा रहा विभिन्न योजनाएं ग्रामीण विकास का आधार है। खास तौर पर कृषि विकास की नई गाथाएं जल छाजन की योजनाओं से लिखी जा सकती हैं। जहां एक ओर तालाब की योजनाएं जलस्तर को बेहतर करने में काम आता है। वहीं टीसीबी की योजनाएं बारिश के पानी को संरक्षित करने में लाभकारी साबित होता है। बारिश का पानी बचा कर ही गांव की भविष्य बचाई जा सकती है। गांव की जलस्तर को बेहतर बनाकर कृषि के विकास के सपनों को साकार किया जा सकता है।

भाजपा के नेताओं को हो गया है हेमंत फोबिया : झामुमो

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आरोपों पर शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेताओं को सपने में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिखाई पड़ते हैं। सच्चाई यह है कि भाजपा के नेताओं को हेमंत फोबिया हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में जनता ने इन्हें पूरा सबक सिखाया था। आगामी चुनावों में तो इनका झारखंड से तो पूरी तरह सफाया ही हो जाएगा। विनोद पांडेय ने कहा कि इसी बौखलाहट और घबराहट में भाजपा के नेता हमेशा अनर्गल आरोप लगाते चलते हैं। इन्हें झारखंड की चौहद्दी और संस्कृति तक की जानकारी नहीं है। झारखंडियों ने अंग्रेजों को भी मार भगाया था। विनोद पांडेय ने कहा कि जिन आरोपों को नड्डा दोहरा रहे हैं, उसकी तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने एसआईटी से जांच तक कराई थी। झूठ कौ सौ बार दोहराने से वह सच नहीं हो जाता। पांडेय ने कहा कि भाजपा और आरएसएस इसी थ्योरी पर काम करती है। इन्हें पच नहीं रहा है कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा है, जो दिन-रात झारखंड और झारखंडियों के लिए काम कर रहा है। भाजपा ने तो अपने दल के आदिवासी नेताओं को भगाकर कर एक बाहरी छत्तीसगढ़िया को सीएम बनाकर सत्ता चलाया। झारखंड देश में निचले पायदान पर चला गया। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा और आरएसएस को असली चिढ़ आदिवासी से है। वे उन्हें जंगली और वनवासी कहते हैं। भाजपा के नेताओं को आदिवासी अपने गांवों में घुसने नहीं देते। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेता भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू में मिट्टी लेने गए थे तो मुंडाओं ने इन्हें वहां से खदेड़ दिया। भाजपा के नेताओं को अपने भीतर झांककर देखना चाहिए।

कैंसर से बचाव के लिए दिनचर्या में बदलाव जरूरी : डॉ रिदु कुमार शर्मा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मगध कैंसर सेंटर पटना के एम डी, डीएम मेडिकल ऑनकलॉजी डॉ रिदु कुमार शर्मा ने बताया कि कैंसर के मरीजों की संख्या और समस्या में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में 20 मिलियन से ज्यादा कैंसर के नए मरीजों का पता लग रहा है। कैंसर के कारण प्रत्येक वर्ष लगभग दस मिलियन मौतें हो रही है। यदि कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए और वृहत पैमाने पर कैंसर रोकथाम के उपाय हो तो लगभग एक तिहाई कैंसर को रोका जा सकता है। उन्होंने कैंसर रोकने के प्रमुख उपायों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अपने शरीर को ज्यादा मोटा होने से रोकें, कम से कम सप्ताह में एक सौ पचास मिनट जरूर व्यायाम करें, प्रण लें की तम्बाकू, गुटखा को कभी नहीं हाथ लगाएंगे, शराब का सेवन नहीं करना है , ऐसे संगत से दूर रहें जो शराब पीने को उकसाता हो , पार्टी, एवं पर्व - त्यौहार की आड़ में भी शराब न लें, भोजन में साग - सब्जी (दाल , हरी ताजी सब्जियों का इस्तेमाल करें, सादा भोजन लें) रेड मीट एवं फास्ट फूड से

बचें। टीकाकरण एच पी भी, एच बी भी- लीवर कैंसर का जरूर करवाएं। स्वास्थ्य की नियमित जांच कराएं, तनाव मुक्त जीवन जीयें, प्रदूषण से बचें और धूप में ज्यादा जाने से बचें। उन्होंने बताया कि साक्ष्य बताते हैं कि जितने भी कैंसर के कारण मौतें होती है उसमें 25 -- 30 प्रतिशत तम्बाकू के कारण होता है 30- 35 प्रतिशत खान-पान से सम्बंधित होता है और 15-20 प्रतिशत संक्रमण की वजह से होता है। जीवन चर्या में बदलाव और जागरूकता के द्वारा कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है और लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है।

स्वर्णरेखा मुक्तिधाम उत्थान के लिए आज होगी बैठक

मुरी। ज्ञात रहे कि स्वर्ण रेखा मुक्तिधाम में सिल्ली मुरी एवं आसपास के तमाम ग्रामों से शवों को ला कर जलाया एवं दफनाया जाता है। कभी-कभी रात में भी शवों को लाया जाता है, उस समय लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जैसे बिजली ,पानी, रास्ते में गंदगी इत्यादि। इसी असुविधाओं को देखते हुए इसे दूर करने के लिए सिल्लीझमुरी एवं आसपास के तमाम ग्रामों के ग्राम वासियों से सामाजिक कार्यकर्ता संघ अनुरोध करती है कि रविवार को समय सुबह 9 बजे स्वर्ण रेखा मुक्तिधाम (श्मशान घाट) के साफ सफाई तथा बिजली पानी की व्यवस्था को लेकर विचार झविमर्श करने हेतु आप तमाम सामाजिक कार्य में रुचि रखने वाले तथा बुद्धिजीवी लोगों से अनुरोध करती है कि आप लोग समय पर उपस्थित होकर इस पावन कार्य का भागीदार बनें। इसकी जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता संघ के सदस्यों के द्वारा दी गई।

30 दिवसीय फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी व मूवी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली

श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी एडिटिंग शॉर्ट मूवी सीखने का प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुरी ओपी थाना के ए एस आई आशीष रंजन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया इस प्रशिक्षण में राज्य के विभिन्न जिले बेडो, रामगढ़, रातु, अनगड़ा,

ओरमांझी, आदि प्रखंड से आए 25 युवा एव युवतियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। युवतियों को संबोधित करते हुए आशीष रंजन ने कहा कि आज के आधुनिक युग में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी रोजगार का बहुत बड़ा साधन है। आप चाहेंगे तो खुद का स्वरोजगार कर दुसरो को भी रोजगार दे सकते है। आप मालिक बनाना सीखिए एवं वित्तीय साधन आप के पास नही है तो बैंक से लोन लेकर भी स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकते है। वही रूडसेट संस्थान के वरिष्ट संकाय अनिल कुमार ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो , सुनील कुमार उपस्थित रहे।

जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – 24 / 2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 06.11.2023 को कार्यालय अवधि तक को (अपराह्न 3:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 07.11.2023 को 01:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 08.11.2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

क्र.	प्रखण्ड	गाँव	कार्य का नाम	प्रा० राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Khunti	Hatudami	Construction of community hall	12,00,000.00	24000.00	2500.00	03 माह
2		Hatudami, Hutar, Jamri, Jiyaratha	Gram Sabha Baithak Centre	10,00,000.00	20000.00	2500.00	02 माह
3		Jojahatu, Kalamati, Kanadih, Kujram	Gram Sabha Baithak Centre	10,00,000.00	20000.00	2500.00	02 माह
4		Kalamati, Phuddi	Gram Sabha Baithak Centre	10,00,000.00	20000.00	2500.00	02 माह
5		Landup, Maranghada, Poseya, Sandasom	Gram Sabha Baithak Centre	10,00,000.00	20000.00	2500.00	02 माह
6		Saradkel, Silda, Sibhukel, Tilma, Torangkel	Gram Sabha Baithak Centre	12,50,000.00	25000.00	2500.00	02 माह
7	Murhu	Balanga, Bamhari, Bande, Bari	Gram Sabha Baithak Centre	10,00,000.00	20000.00	2500.00	02 माह
8		Bichana, Binda, Bundu Mahail, Burju	Gram Sabha Baithak Centre	10,00,000.00	20000.00	2500.00	02 माह
9		Buruma, Charid, Digri, Durri	Gram Sabha Baithak Centre	10,00,000.00	20000.00	2500.00	02 माह
10		Gaigai, Gajgaon, Gajgaon, Goratoli	Gram Sabha Baithak Centre	10,00,000.00	20000.00	2500.00	02 माह
11		Gumpuru, Gutigara, Gutuhatu, Hansa, Hethgora	Gram Sabha Baithak Centre	12,50,000.00	25000.00	2500.00	02 माह

नोट :1. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
3. उक्त निविदा में जिला परिषद, खूँटी के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।

PR 310090 (District) 23-24 (D)

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी।

नेहरू युवा केंद्र ने मेरी माटी मेरा देश को लेकर कार्यक्रम का किया आयोजन

अमृत वाटिका के निर्माण के लिए झारखंड से अमृत कलश रवाना

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लेने के लिए झारखण्ड प्रदेश के 24 जिलों के 264 प्रखंडों से नेहरू युवा केंद्र संगठन के 507 स्वयंसेवक अमृत कलश के साथ रवाना हुआ। शनिवार को रांची रेलवे स्टेशन परिसर में नेहरू युवा केंद्र संगठन, झारखण्ड राँची की ओर से अमृत कलश यात्रा के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा (कुलपति, राँची विश्वविद्यालय), विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश अग्रवाल (महानिरीक्षक, सी.आर.पी.एफ., रांची), पी. कुजूर (उपमहानिरीक्षक, सी.आर.पी.एफ., राँची), जे. एस. बिंद्रा (मंडल रेलवे प्रबंधक, दक्षिण पूर्व क्षेत्र, रांची), निशांत कुमार (वरिष्ठ मंडल वाणिज्य

प्रबंधक), अब्दुल हमीद (संयुक्त निदेशक, पी.आई.बी., झारखण्ड) तथा अमित कुमार (सेनानायक, सी.आर.पी.एफ., राँची), उपस्थित रहे। सर्वप्रथम नेहरू युवा केंद्र संगठन, झारखण्ड की राज्य निदेशक हनी सिन्हा ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। सी.आर.पी.एफ., गेल, रांची विश्वविद्यालय, सरला बिरला विश्वविद्यालय, पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक कार्यालय, नगर पालिका रांची के अमृत कलश को हनी सिन्हा को प्रदान किया गया। इसके उपरांत रांची विश्वविद्यालय की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य निदेशक, हनी सिन्हा ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों सम्मानित किया एवं उनके सहयोग के लिए उन्हे धन्यवाद दिया। इसके साथ उन्होंने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के महत्व व इसका उदेश्य सभी को बताया। राकेश अग्रवाल (महानिरीक्षक, सी.आर.पी.एफ, रांची) द्वारा अपने उद्बोधन में मेरी माटी मेरा देश कार्यकम को देश के जमीनी स्तर से जुड़ाव को लेकर प्रकाश डाला गया तथा इस कार्यक्रम में सी.आर.पी.एफ. द्वारा किए गए प्रयास को वर्णित किया। तत्पश्चात जेएस बिंद्रा (मंडल रेलवे प्रबंधक, दक्षिण पूर्व क्षेत्र, रांची के द्वारा संबोधन दिया गया। अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अजीत कुमार सिन्हा (कुलपति, रांची विश्वविद्यालय) ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के संबंध में कहा की इस कार्यक्रम ने पूरे देश को एक सूत्र मे पिरोने का काम किया हैं। उन्होंने बताया की रांची विश्वविद्यालय ने इस कार्यक्रम की शुरूआत से ही अपने विभिन्न कालेजों में इस कार्यक्रम को आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र रांची के उप निदेशक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह तथा एन.एस.एस. के राज्य समन्वयकब्रजेश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं / स्वयंसेवको को झारखंडी बंडी तथा साड़ी प्रदान की गयी।

गागर में सागर

राज्यपाल ने वाल्मीकि जयंती पर लोगों को दी शुभकामनाएं

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने वाल्मीकि जयंती की सभी को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि प्रभु श्री राम के आदर्श चरित्र को लिपिबद्ध कर महाग्रंथ ह्यरामायण की रचना करने वाले, महान रचनाकार आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन किया है। साथ ही सभी लोगों को वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दी है।

मुख्यमंत्री ने कौमी तंजीम के पत्रकार के निधन पर जताया शोक

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कौमी तंजीम अखबार के स्थानीय संपादक एएच रिजवी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता को उन्होंने हमेशा मजबूत करने का काम किया। पत्रकारिता में उनके योगदान को कभी भूला नहीं सकते। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद ने भी एएच रिजवी के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वे सरल व्यवहार और कुशल व्यक्तित्व के धनी थे। पत्रकारिता को उन्होंने अलग आयाम दिया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में जगह दें और शोक संतप्त परिजनों को दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करें।

मां काली की पूजा 12 नवंबर को

रांची। मां काली की पूजा 12 नवम्बर को मनाया जाएगा। राजधानी रांची में काली पूजा भी धूमधाम से मनाई जाती है। इस दौरान कई आकर्षक पंडाल बनाए जाते हैं। इसी क्रम में युवा मोर्चा काली पूजा समिति टाटीसिलवे की ओर से पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। समिति के अध्यक्ष सनिल जॉय ने शनिवार को बताया कि इस वर्ष भव्य रूप से काल्पनिक पंडाल का निर्माण बंगाल के कारीगरों की ओर कराया जाएगा। पूजा स्थल और आसपास भव्य लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। 12 नवम्बर को मां काली की पूजा की जाएगी। 13 नवम्बर को भक्ति जागरण होगा। 14 नवम्बर को महाआरती की जाएगी। इसमें आसपास के सैकड़ों भक्तजन जुटेंगे। महाआरती को ऐतिहासिक बनाने के लिए कमेटी के लोग जोर-शोर से जुटे हैं।

पशुचिकित्सा महाविद्यालय में तीन दिवसीय वेट उत्सव 2023 की शुरूआत

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में शनिवार को तीन दिवसीय 'वेट उत्सव 2023' शुरू हुआ। उत्सव का उद्घाटन करते हुए पशु चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ. सुशील प्रसाद ने कहा कि व्यक्तित्व के संतुलित विकास के लिए छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रमों और खेलकूद गतिविधियों में भी भाग लेना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अध्ययन में समय और ऊर्जा लगाना। संगीत और साहित्य की साधना में लगने से मनुष्य की कोमल भावनाएं पुष्पित, पल्लवित और समृद्ध होती हैं। महाविद्यालय के वार्डन डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि शनिवार को रंगोली, पोस्टर डिस्प्ले, वाद विवाद प्रतियोगिता, ऑन द स्पॉट पेंटिंग तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 29 और 30 जनवरी को एकल गायन, एकल नृत्य, बैडमिंटन मेंस डबल्स एवं मिश्रित युगल, मैराथन, टग आफ वार, फेस पेंटिंग, कविता एवं शायरी, समूह नृत्य एवं समूह गीत तथा माइम प्रतियोगिता होगी। समापन समारोह महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में होगा। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक तथा विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में लगभग 250 छात्र छात्राएं हैं जिनका एक बड़ा भाग कार्यक्रमों में भाग ले रहा है। आयोजन की सफलता के लिए महाविद्यालय के शिक्षकगण उत्साह पूर्वक लगे हुए हैं।

जीवन को ही आध्यात्मिक रूप में जीने का प्रयास करना चाहिए : हरिवंश

रांची। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि भागवत चेतना में किसी काम को करने से उस काम का भाव ही बदल जाता है। उन्होंने कहा कि कुछ पल के लिए अध्यात्म से जुड़ जाना बड़ी बात नहीं होती। अपने जीवन को ही आध्यात्मिक रूप में जीने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने श्री अरविंद के कथन को दोहराते हुए कहा कि यदि एक बार मनुष्य आध्यात्मिक करण के लिए राजी हो जाए, तो सबकुछ बदल जाएगा। हरिवंश श्री अरविंद सोसायटी देवी मंडप में शनिवार को आयोजित हिंदी क्षेत्रीय समिति के 44वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय सम्मेलन के पहले दिन डेढ़ सौ से अधिक साधक सम्मेलन में शामिल हुए। मौके पर अध्यक्ष प्रदीप नारंग, विजय पोद्दार, आलोक तुलस्यान सहित अन्य कई लोगों ने अपने वक्तव्य दिये।

श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया

मंदिर का पट खुलते ही भक्तों की लगी कतार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर बाबा श्याम को श्वेत पोशाक (बागा) श्वेत आभूषण श्वेत फूलों का श्रृंगार किया गया। श्वेत प्रसाद के रुप में बाबा श्याम को कांजू एवं खीर का भोग लगाया गया उसके बाद सभी भक्तों के बीच वितरण किया गया। शनिवार सुबह से ही भक्तों का आना मंदिर में लगा हुआ था। सुबह मंदिर के पट खुलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन को मंदिर में पहुंच रहे थे। श्रृंगार के लिए तीनों मंड का परदा लगा कर श्वेत श्रृंगार किया गया। श्रृंगार आरती में भक्त बाबा श्याम का विशेष श्वेत दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे। श्रृंगार आरती प्रातः 8.30 बजे की गई। आज सभी मंड का परदा सभी देवी देवताओं के वस्त्र सभी आभूषण एवम सभी श्रृंगार श्वेत दूधिया रोशनी से जगमग कर रहे थे। श्वेत लाइट से पूरा मंदिर दूधिया रोशनी बिखेर रहा था। चंद्र ग्रहण होने के कारण आज सयन आरती दिन में 3 बजे की गई।

दोपहर 3:30 बजे मंदिर के पट बंद कर दिए गए। अब रविवार 29 अक्टूबर को प्रातः नियमित समय पर खुलेंगे। पूरे झारखंड में एकमात्र हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में ही शरद पूर्णिमा उत्सव खाटूधाम के परंपरा अनुसार इसी रूप में मनाया गया। आज के दिन बाबा श्याम का प्राकृतिक पंखा भी खोला गया जो वैशाख सुदी तीज अक्षय तृतीया के अवसर पर लगाया गया था। बाबा श्याम को नया श्वेत चंदवा भी लगाया गया। आज चंद्र ग्रहण होने के कारण रात्रि ढाई बजे के बाद पूरे मंदिर परिसर को धोया जाएगा एवं साफ सफाई कराई गयी। शरद पूर्णिमा उत्सव में आज मुख्य रूप से अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया उपमंत्री अनिल नारनोली रतन शर्मा रौनक पोद्दार अरविंद सोमानी किशन शर्मा आदि उपस्थित थे।

स्वास्थ्य महानिदेशालय के उपनिदेशक की टीम कर्मियों को कर रही अपमानित

रांची। सीजीएचडब्ल्यू यूनियन सीआईपी के पूर्व महासचिव अब्दुल कलाम ने स्वास्थ्य महानिदेशालय के उपनिदेशक एके वर्मा और उनकी टीम पर आरोप लगाया है। कहा है कि सीआईपी के कर्मचारी एवं नर्सिंग स्टाफ को बुलाकर उन्हें अपमानित और प्रताड़ित किया जा रहा है। नियुक्ति के 2 से 10 साल बीत जाने के बाद अनावश्यक प्रश्न किये जा रहे हैं। जबरन कहा जा रहा है कि कर्मचारियों की नियुक्ति सेटिंग से हुई है। अब्दुल ने कहा कि तानाशाही रवैया अपना कर नियमों को तक पर रखकर महानिदेशालय ने साजिश के तहत संस्थान के डायरेक्टर डॉ बी दास को बिना किसी कारण के पद से हटा दिया। एक गैर मनोचिकित्सक डॉ तरुण कुमार को संस्थान के निदेशक का प्रभार दे दिया गया। डॉ तरुण ने संस्थान के कर्मियों के परिजनों तथा पूर्व कर्मियों को संस्थान में प्रवेश करने से रोक लगाने का आदेश निकाल दिया है। उन्होंने मांग की है कि इस पर तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए।

विहिप ने महर्षि वाल्मीकि का पूजन कर मनायी जयंती

नवीन मेल संवाददाता। रांची

विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर की ओर से शनिवार को बिरसानगर, चाणक्य नगर, प्रताप नगर, श्रीराम नगर सहित कई स्थानों पर महर्षि वाल्मीकि जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोगों ने एकत्र होकर महर्षि वाल्मीकि का पूजन किया और जयंती मनायी। साथ ही उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का का भी आयोजन किया गया। बिरसानगर समिति की ओर से हटिया चौक स्थित शिव मंदिर में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इसमें पुरुषों के साथ-साथ माताएं बहने भी काफी संख्या में उपस्थित थी। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा महर्षि वाल्मीकि ने रामायण महाकाव्य की रचना की एवं इसके माध्यम से भगवान राम की प्रेरक कथा को जन जन तक पहुंचने का कार्य किया। महर्षि वाल्मीकि की पूजा करने वाले वाल्मीकि समाज के बंधु उन धर्म योद्धाओं के वंशज हैं जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं की यातनाएं सही परंतु हिंदू धर्म नहीं छोड़ा। हिंदू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए जातिगत भेदभाव को मिटाकर हिंदू समाज को संगठित करना ही विश्व हिंदू परिषद का लक्ष्य है।

झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 1 से 7 नवंबर तक जमशेदपुर में

रांची। झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के चौथे संस्करण का आगाज एक नवंबर को हो रहा है। यह फिल्म महोत्सव एक से सात नवंबर तक पूर्वी सिंहभूम के जिला मुख्यालय जमशेदपुर में चलेगा। एक व दो नवंबर को फिल्मों की पब्लिक स्क्रीनिंग श्रीनाथ विश्वविद्यालय आदित्यपुर व करीम सिटी कॉलेज प्रेक्षागृह साकची में होगी। तीन से छह नवंबर को फिल्मों की पब्लिक स्क्रीनिंग बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन प्रेक्षागृह ऑडिटोरियम में की जायेगी। सात नवंबर को रंगारंग सतरंगी कार्यक्रम के बीच सिने अवार्ड समारोह का आयोजन एक्सएलआरआइ टाटा ऑडिटोरियम बिष्टुपुर में होगा। अवार्ड समारोह में बॉलीवुड की अदाकारा व 'राम तेरी गंगा मैली' की अभिनेत्री मंदाकिनी शिरकत करेंगीं। वहीं, झारखंड के लोकगायक पद्मश्री मुकुंद नायक भी सिने अवार्ड समारोह में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी शनिवार को झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के संस्थापक संजय सतपथी, राजू मित्रा व संरक्षक पूर्वी घोष ने सोनारी ट्राइबल कल्चरल सेंटर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में 100 से ज्यादा फिल्में आयीं थीं। उनमें से केवल 60 फिल्मों को ही महोत्सव में एंट्री मिली है। महोत्सव में दर्शकों की एंट्री निःशुल्क होगी। उम्मीद किया जा रहा है कि इस महोत्सव में काफी लोगों को पहुंचने की उम्मीद है। यह काफी अच्छे तरीके से किया जा रहा है।

देश भर के 37 स्थानों पर रोजगार मेले में 51116 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

राष्ट्र निर्माण में दें अपना बहुमूल्य योगदान : अर्जुन मुंडा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रतिवर्ष 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के अभियान के तहत केंद्र सरकार के द्वारा शनिवार को रांची सहित देशभर के 37 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर रांची के सीसीएल दरभंगा हाउस में आयोजित रोजगार मेले के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की मौजूदगी में 123 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्या कहाः सीसीएल दरभंगा हाउस सहित देशभर के 37 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले को दिल्ली से संचार के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। पीएम ने कहा कि नियुक्ति पाने वाले युवाओं के लिए आज का दिन दीपावली से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर महीने से रोजगार मेले की शुरूआत की गई थी। आज का यह रोजगार मेला काफी महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार ने नियुक्ति प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने का काम किया है, जिसके कारण कम समय में अब नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो जाती है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने क्या कहाः इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह रोजगार मेला सिर्फ नियुक्ति के लिए नहीं है बल्कि मिशन कर्मयोगी है, जो राष्ट्र को मजबूत बनाने का काम करेगा। इस मौके पर सांसद संजय सेठ, सांसद सुदर्शन भगत, विधायक सीपी सिंह, विधायक समरी लाल के अलावे रेल डीआरएम सहित कई अधिकारी मौजूद थे। रांची में जिन 123 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया है, उसमें सर्वाधिक रेलवे के 85, डाक विभाग के 24, डिफेंस सेवा में 06 और बैंकिंग सेवा में 06 युवा शामिल हैं। देशभर में 51,116 को मिला नियुक्ति पत्रः केंद्र सरकार के द्वारा शुरू किए गए रोजगार मेले की दसवीं कड़ी में आज 51,116 युवाओं को विभिन्न विभागों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। जिसमें सर्वाधिक नियुक्ति रेलवे में हुई है। आज के रोजगार मेले की खासियत यह है कि कुल 51,116 नियुक्तियों में करीब 21% महिला कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। इधर नियुक्ति पाने वाले युवा पीएम मोदी के इस अभियान की सराहना करते हुए खुशी जताई है। बैंक पीओ में चयनित अर्चिता मिश्रा ने खुशी जताते हुए कहा कि आज के दिन का इंतजार वो लंबे समय से कर रहीं थीं। उनका चयन केनरा बैंक में हुआ है। उन्होंने पीएम मोदी के इस पहल की सराहना की है। इधर डिफेंस सेवा में चयनित होने वाले कुंदन कुमार दुबे काफी उत्साहित दिखे।

आज का यह रोजगार मेला काफी महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार ने नियुक्ति प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने का काम किया है

समाज में बदलाव तभी आएगा जब बच्चों का संस्कार बदलेगा : सीमा शर्मा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

शहर में मातृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची के प्राथमिक खंड के तत्वावधान में शनिवार को हुआ। इसका उद्देश्य वर्तमान समय में भौतिकतावादी शिक्षा के प्रभाव एवं मूल्यपरक शिक्षा के अभाव में बच्चे जन्मदात्री मां को विस्मृत कर रहे हैं, जिससे सदियों की पारिवारिक परंपराओं का ताना-बाना टूट के कगार पर है और वृद्धा आश्रम का बाहुल्य हो रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रांची महाविद्यालय रांची की प्राध्यापक डॉ सीमा शर्मा ने कहा कि समाज में बदलाव तभी आएगा जब बच्चों का संस्कार बदलेगा। संस्कार जगाने के लिए हमें तन-मन से माता-पिता की पूजा अर्चना करनी चाहिए। उन्होंने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा शिक्षा के साथ-साथ संस्कार जगाने का कार्य करता है । बच्चों का संस्कार बदलने के लिए बच्चों के प्रति माता का मधुर संबंध होना चाहिए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि स्टेट बैंक आफ इंडिया की सहायक महाप्रबंधक कविता कुमारी ने कहा कि बच्चों में संस्कार युक्त वातावरण के लिए इस तरह के कार्यक्रम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जैसे विद्यालयों में ही होते हैं ।

राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन आज से

नवीन मेल संवाददाता। रांची

स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन 29 एवं 30 अक्टूबर 2023 को झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद जेसी आरटी रातू में आयोजित की जा रही है। जिसमें राज्य के सभी जिलों से 10 विधाओं में बालक और बालिका वर्ग के कुल 480 प्रतिभागी भाग लेंगे। कला उत्सव में भाग लेने वाले यह प्रतिभागी अपने-अपने जिले में विभिन्न 10 विधाओं के प्रथम आए हुए प्रतिभागी राज स्तरीय कला उत्सव में भाग ले रहे हैं। ये 10 विधाएं जिनमें प्रतियोगिता होनी वे हैं संगीत (गायन) - शास्त्रीय संगीत,संगीत (गायन) - पारंपरिक लोक संगीत, संगीत (वादन) - अवनद्ध वाद्, संगीत (वादन) - स्वर वाद्य, नृत्य - शास्त्रीय नृत्य, नृत्य - लोक नृत्य, दृश्य कला (द्वि-आयामी), दृश्य कला (त्रि-आयामी),स्थानीय खिलौने एवं खेल नाटक एकल अभिनय आदि शामिल हैं। राज्य स्तरीय कला उत्सव का उद्घाटन 11:30 बजे राजसभा सांसद डॉ. महुआ माजी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर करेंगी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मेंद्र कुमार दीक्षित, निदेशक संस्कृति, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, उपनिदेशक महिप कुमार सिंह, बांके बिहारी सिंह जीसीईआरटी एवं राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीर सेन सोरेंग उपस्थित होंगे। राज्य स्तर पर चयनित 10 विधाओं के 10 बालक एवं 10 बालिका कुल 20 प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव जो भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली है वहां राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी ।यह जानकारी शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग झारखंड शिक्षा परियोजना के चंद्रदेव सिंह ने दी।

मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की बैठक

विशेष अभियान दिवस चलाने का पदाधिकारियों को दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 से सम्बंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 58 तमाड़ सह अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, संदीप अनुराग टोपनो , निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 61 सिल्ली- सह अपर समाहर्ता रांची, राजेश कुमार बरवार एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63 रांची-सह अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, दीपक कुमार दुबे, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 66 मांडर, प्रदीप भगत, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, विवेक कुमार सुमन एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित थे। विशेष कैंप से सम्बंधित जानकारी

: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा सम्बंधित अधिकारी से आगामी तिथियों 28 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 4 नवंबर तथा 5 नवंबर को प्रत्येक मतदान बूथ पर भी विशेष अभियान चलाये जाने को लेकर जानकारी लेते हुए कहा की इस विशेष अभियान में सभी बी.एल.ओ अपने-अपने बूथ में अनिवार्य रूप से रहेंगे। इसके अलावा आगामी 28 नवंबर को आदिम जनजातियों के लिए, 29 नवंबर को बेघर लोगों के लिए, 30 नवंबर को 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए, 2 दिसंबर को थर्ड जेंडर व सेक्स वर्कर्स के लिए तथा 3 दिसंबर को दिव्यांग जनों के लिए भी विशेष अभियान चलाया जाना है। बता दें कि शिक्षा विभाग के समन्वय से ऐसे स्कूली छात्र-छात्राओं का अग्रिम फॉर्म-6 आवेदन भरवाये जा रहे हैं जो आगामी 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं। जिसपर उपायुक्त रांची, ने सभी सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि वे अपने दायित्वों के निर्वहन के क्रम में निर्वाचन कार्यो को सदैव उच्च प्राथमिकता दें।

जिले में मृत व्यक्तियों की सूची : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा सम्बंधित अधिकारी को जिले में मृत व्यक्तियों की सूची बनाते हुए इसका सत्यापन करते हुए, उनका मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त कर मतदाता सूची से नाम विलोपन कराने का निर्देश दिया गया।

सम्बंधित कैंप का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा सभी एफ्ह/अएफ्ह एवं बी.एल.ओ. पर्यवेक्षक द्वारा सम्बंधित कैंप की तिथियों को मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया गया।

डाक विभाग द्वारा मतदाता पहचान पत्र वितरण करने का निर्देश : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा डाक विभाग के आए प्रतिनिधि को निर्देश देते हुए कहा की मतदाता पहचान पत्र मतदाताओं को ससमय मिलें इसपर विशेष ध्यान दे। कई बार शिकायत आती हैं, की मतदान पहचान पत्र डाकघरों के माध्यम से ससमय नही भेजा जाता है। ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए कार्य करें।

बी.एल.ओ. एवं बी. एल.ओ. पर्यवेक्षक के मानदेय भुगतान से सम्बंधित निर्देश : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक के मानदेय भुगतान की जानकारी लेते हुए कहा की इनका भुगतान ससमय हो जाए यह सुनिश्चित हो।

होम-टू-रोल सत्यापन : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा होम-टू-रोल सत्यापन पंजी सभी बी.एल.ओ.के पास पहुंच जाए, सभी बी. एल.ओ. द्वारा घर-घर जा कर सत्यापन अनिवार्य रूप से करें इसके लिए सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की इसपर विशेष रूप से ध्यान दे। कोई भी योग्य मतदाता नहीं छूटे इसपर ध्यान दें।

महर्षि बाल्मीकि जयंती प्रकट दिवस के रूप में मनाई गई

नवीन मेल संवाददाता। रांची

शनिवार को भाजपा अंनु. जाति मोर्चा रांची महानगर के तत्वावधान में महर्षि बाल्मीकि जयंती कार्यक्रम को प्रकट दिवस के रूप में हरमू रांची में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामलगन राम ने किया। मौके पर उपस्थित नेता व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर रामचंद्र नायक, निरज पासवान,भगत वाल्मीकि, उपेन्द्र रजक, रामलगन राम, धर्मेन्द्र कु0 राम ने कहा कि प्राचीन वैदिक काल के महान ऋषियों के श्रेणी में प्रमुख स्थान रखते थे। वह संस्कृत भाषा के कवि थे और वे अपने दिव्य ज्ञान से काव्य रामायण के रचयिता थे। वह महर्षि बनने से पूर्व रत्नाकर के नाम से जाने जाते थे, उनके गुरू नारद मुनी थे। एकबार नारद मुनी ने कहा कि तुम यह निम्न कार्य किस लिए करते हो तो उन्होंने कहा कि अपने परिवार को पालने के लिए। तब उन्होंने कहा कि यह अपराध है। साथ ही नारद ने सत्य व ज्ञान से परिचय करवाया और वह महर्षि बन गये और आज पूरे राज्य व देश में इनकी जयंती मनाई जाती है।

गागर में सागर

हजारीबाग : मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष कैंप का निरीक्षण

हजारीबाग। उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया ने शनिवार को मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित विशेष कैंप का निरीक्षण किया. उन्होंने इचाक और पदमा प्रखंड के मतदान केंद्रों का दौरा किया गया. इस क्रम मे इचाक प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या-333 एवं 334 केएन उच्च विद्यालय इचाक तथा मतदान केंद्र संख्या-336 एवं 337 परियोजना उच्च विद्यालय, हदारी पर जाकर बीएलओ को प्रपत्र-6, 7 एवं 8 को अविलंब ऑनलाइन करने, मृत मतदाताओं का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने और रंगीन फोटोग्राफ से प्रतिस्थापन करने का निर्देश दिया. वहीं पदमा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या-256, 257 एवं 258 राम नारायण प्लस टू हाई स्कूल, पदमा का निरीक्षण किया. वहां सभी बीएलओ उपस्थित थीं. उप निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को बताया गया कि जो भी फॉर्म भरा हुआ उपलब्ध है, उसे दो दिनों के अंदर इंट्री करें. साथ ही 30 अक्तूबर से द्वितीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर नया फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें. संबंधित हाई स्कूल के प्राचार्य से वर्तमान में अध्ययनरत 17-18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों का प्रपत्र-6 नामांकन पंजी के आधार पर भरवाने का निर्देश दिया गया.

नगरपालिका नियुक्ति परीक्षा रविवार को, शहर में बनाये गये 10 केंद्र

जमशेदपुर। झारखंड सरकार की ओर से आयोजित नगरपालिका नियुक्ति परीक्षा (जेएमएससीसीई) का रविवार (29 अक्तूबर) को आयोजन किया गया है. इस परीक्षा में करीब 6000 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे. परीक्षा के लिए शहर के विभिन्न स्कूलों में केंद्र बनाया गया है. इनमें राजेंद्र विद्यालय, दयानंद पब्लिक स्कूल, गुलमोहर स्कूल, विद्या भारती चिन्मया विद्यालय, केरला पब्लिक स्कूल समेत अन्य स्कूल शामिल हैं. जानकारी के अनुसार परीक्षा तीन पालियों में होगी, जो सुबह से शाम तक चलेगी. इसे लेकर जिला शिक्षा विभाग की ओर से सारी तैयारी कर ली गयी है. साथ ही परीक्षा के दौरान दंडाधिकारी एवं पुलिस जवानों की भी तैनाती की गयी है.

मुराईडीह काली पूजा कमेटी के अमर बाउरी बने अध्यक्ष, वीरेंद्र सचिव

धनबाद। मुराईडीह काली मंदिर परिसर में हर साल की तरह इस बार भी काली पूजा का आयोजन धूमधाम से होगा. मंदिर परिसर में शनिवार को हुई कमेटी की बैठक में तैयारी पर विचार-विमर्श किया गया. साथ ही पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का चुनाव किया गया. अध्यक्ष पर अमर कुमार बाउरी, उपाध्यक्ष कार्तिक कर्मकार, सचिव वीरेंद्र चौहान, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत कुमार, अभिषेक कुमार व नवीन सिंह सर्वसम्मति से चुने गए. संजय कुमार, मनोज मोदी, विश्वजीत दुबे, प्रदीप मिस्त्री, जगनारायण चौहान, इंद्रदेव सिंह, मुरारी कर्मकार व हरिकृष्ण यादव को संरक्षक बनाए गए हैं.

धनबाद : महर्षि दयानंद सरस्वती ज्ञान ज्योति महोत्सव 4-5 नवंबर को

धनबाद। आर्य समाज के प्रणेता महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती 4 व 5 नवंबर को डीएवी प्लस टू उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज कतरासगढ़ में ज्ञान ज्योति महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी. यह जानकारी कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ. मृणाल ने शनिवार को भारतीय क्लब कतरास में प्रेसवार्ता में दी. बताया कि इस बार महर्षि की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी. कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, क्षेत्रीय सांसद, विधायक को आमंत्रित किया गया है. समारोह में राज्य की कई अन्य जानी-मानी हस्तियां भी भाग लेंगी. आयोजन की तैयारी जोरों पर चल रही है. प्रेसवार्ता में राजेंद्र प्रसाद राजा, अधिवक्ता अमित भगत, जयदेव बनर्जी, मो. फिरोज रजा, महादेव चटर्जी, प्रभात मिश्रा, सकलदेव प्रमाणिक, उमेश ऋषि, सुरेश कुमार शर्मा आदि मौजूद थे.

धनबाद : शहरी क्षेत्र से हटाई गईं सहियाएं करेंगी उग्र आंदोलन

धनबाद। धनबाद के शहरी क्षेत्र से हटाई गईं सहियाओं को अब तक बहाल नहीं किया गया है. इससे क्षुब्ध सहियाओं ने उग्र आंदोलन करने का फैसला लिया है. ज्ञात हो कि बीते एक माह से सहियाएं सिविल सर्जन कार्यालय के सामने धरना दे रही थीं. उनके आंदोलन को पूर्व विधायक अरूप चटर्जी और राज्य चिकित्सा संघ का भी समर्थन मिला था. धरना के बाद भी सरकार व प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की गई. इससे नाराज सहियाओं ने उग्र आंदोलन करने की घोषणा की है. सहियाओं का कहना है कि यदि एक सप्ताह में उनकी मांग पूरी नहीं हुई, तो आंदोलन करने को बाध्य होंगी.

बाइक चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार, छह बाइक बरामद

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। गावां थाना पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. गावां थाना क्षेत्र में इन दिनों बाइक चोरी की बढ़ती घटनाओं के बाद प्रशासन द्वारा एक अभियान चलाकर चोरी की छह बाइक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने अलग-अलग स्थानों में छापामारी कर गावां थाना क्षेत्र के ककमारी निवासी 20 वर्षीय कमलेश कुमार पिता संजय वर्मा इस थाना क्षेत्र के महुअरी निवासी 19 वर्षीय राजा उर्फ राजकुमार यादव पिता उमेश प्रसाद यादव एवं घोड़थम्बा ओपी अंतर्गत बल्हारा निवासी 34 वर्षीय सीकेन्द्र प्रसाद वर्मा पिता स्व नारायण वर्मा को गिरफ्तार किया. उनकी निशानदेही पर छह बाइक समेत मोटरसाइकिल के खुले हुए पार्ट्स, मोटरसाइकिल के पार्ट्स खोलने में प्रयुक्त करीब एक बोरा, तीनों अभियुक्तों का मोबाइल भी बरामद किया है. खोरीमहुआ एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि गिरिडीह जिला के तीसरी, धनवार, लोकाई नयनपुर एवं कोडरमा के सतगावां ढाब समेत बिहार के सीमावर्ती इलाकों में बढ़ते चोरी मोटरसाइकिल चोरी छिनतई को देखते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेशानुसार गावां थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था. जिसमें गावां थाना के पुअनि राहुल कुमार चौबे हवलदार चालक झरि महतो, जैप9 के हवलदार मो नियाजुद्दीन, आरक्षी प्रवीण कुमार मेहता एवं रामेश्वर साहू को शामिल किए गए. 24 अक्टूबर को गावां दुर्गा मंदिर मेले से हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल की चोरी हुई थी. इसके पूर्व ढाब गावां जंगल इलाके में मोटरसाइकिल छिनतई का कोशिश किया गया. वहीं सतगावां में भी दुर्गा पूजा मेला में मोटरसाइकिल चोरी की घटना हुई. वहीं सीमावर्ती अन्य थानों से भी मोटरसाइकिल चोरी एवं छिनतई की घटना की सूचना लगातार मिल रही थी. 26 अक्टूबर से टीम के द्वारा क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था. इसी क्रम में तीनों अभियुक्तों के घर एव ठिकानों पर छापेमारी कर गिरफ्तारी की गई एवं उनके पास से हीरो पेंशन मोटरसाइकिल उछ 7र झ इल3068 को बरामद किया गया. बाद में थाना लाकर तीनो अभियुक्तों के निशानदेही पर छह बाइक को बरामद किया गया. सभी मोटरसाइकिल को जब्त करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया.

कॉमर्स कॉलेज में 11वीं का रजिस्ट्रेशन और परीक्षा फार्म भराना शुरू

चाईबासा। जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज में इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का पंजीयन फार्म सह परीक्षा प्रपत्र भरवाने का कार्य शुरू हो गया. झारखंड अधिवध परिषद रांची द्वारा जारी अधिसूचना के तहत प्रथम वर्ष के सभी छात्र-छात्राओं का पंजीयन फार्म सह परीक्षा प्रपत्र कॉलेज में भरवाया जा रहा है. शनिवार को कॉमर्स कॉलेज में विद्यार्थियों की लंबी लाइन लगी. इंटरमीडिएट के प्रभारी प्रोफेसर करण चन्द टुडू ने कहा कि प्रचार्य डॉ. संजीव कुमार सिंह के आदेशानुसार और जैक रांची द्वारा दी गई अधिसूचना के आधार पर कॉलेज में फार्म भरवाया जा रहा है. उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि समय से और सही-सही फार्म भरें, नहीं तो बाद में परेशानी होगी. इंटरमीडिएट विभाग की शिक्षिका प्रोफेसर लक्ष्मी बोदरा ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को सूचित कर दिया गया है कि वे अपना पंजीकरण प्रपत्र सह परीक्षा प्रपत्र कॉलेज आकर भर लें. कॉलेज के इंटरमीडिएट विभाग के परमेश्वर जोजो, सामु सिरका, शुकान्ति बहादुर और आशा गोप उपस्थित थे.

बॉलीवुड एक्ट्रेस मंदाकिनी 7 नवंबर को जमशेदपुर में

फिल्म फेस्टिवल में करेंगी शिरकत

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। झारखण्ड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव सीजन 4 का आयोजन 1 से लेकर 7 नवंबर तक किया जा रहा है. इसमें बॉलीवुड की लीजेंड्री एक्ट्रेस मन्दाकिनी भी शिरकत करेंगी. यह जानकारी आयोजकों ने प्रेस कान्फ्रेंस में दी है. बताया गया कि 1 से 6 नवम्बर तक अलग-अलग स्थानों पर फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा. इसमें क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों को प्राथमिकता दी जाएगी. वहीं, 7 नवम्बर को फेस्टिवल का फाइनल होगा, जिसमें बॉलीवुड की लीजेण्ड्री एक्ट्रेस मन्दाकिनी शामिल होंगी. उनके द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा. आयोजकों ने बताया कि फिल्मों को देखने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं है. एंट्री फ्री है. आयोजकों ने कहा कि सामाजिक मुद्दों पर बनी फिल्मों से छात्र वर्ग में जागरूकता आती है. इस कारण छात्रों को ज्यादा से ज्यादा फिल्में देखनी चाहिए. वैसे इस महोत्सव के दौरान झारखण्ड की फिल्मों को ऊंचाइयों तक ले जाने वाले निर्माताओं एवं कलाकारों को भी सम्मानित किया जाएगा.

रोटरी क्लब ने निकाली पोलियो उन्मूलन जागरुकता रैली

चाईबासा। रोटरी इंटरनेशनल द्वारा पूरे विश्व में पोलियो उन्मूलन अभियान शनिवार को चलाया जा रहा है. इसी के तहत रोटरी क्लब चाईबासा द्वारा 28 अक्टूबर को एक पोलियो रैली का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के छात्रों को लेकर किया गया. मुख्य अतिथि थाना प्रभारी प्रवीण कुमार एवं स्कूल के प्राचार्य कृष्ण कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को बैंड बाजे के साथ रवाना किया. यह रैली शहर के मुख्य मार्ग में जागरुकता का प्रचार एवं प्रसारण करते हुए अंत में शिशु मंदिर के प्रांगण में एक सभा के रूप में परिणत हो गई. अध्यक्ष हीना ठक्कर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पोलियो उन्मूलन जागरुकता की आवश्यकता इसलिए है कि अभी भी पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में पोलियो वायरस सक्रिय है. यह पूरे विश्व में फैल सकता है. इसलिए इसे जड़ से मिटाने के लिए इसके प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है. उन्होंने मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य का आभार व्यक्त किया. रैली को सफल बनाने में सचिन हर्ष राज मिश्रा, सौरभ प्रसाद, महेश खत्री, पोलियो चेयरमैन नरेन्द्र ठक्कर, सुशील चौमाल आदि का योगदान रहा.

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक

रामगढ़। झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक संगठन विस्तार के उद्देश्य से नगर परिषद के वार्ड नंबर 18 में संपन्न हुई । अध्यक्षता श्याम सुंदर महतो एवम संचालन राजेंद्र बेदिया द्वारा किया गया। बैठक में जिला कोर कमेटी के पदाधिकारी गिरी शंकर महतो, राजेन्द्र बेदिया, लीलावती महतो उपस्थित हुए। बैठक में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिला महिला कोर कमेटी की सक्रिय सदस्य लीलावती महतो ने कहा कि सभी को जेबीकेएसएस के केन्द्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत हैं। कहा की टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व में ही झारखंड का समुचित विकास संभव है। वहीं, जिला कोर कमेटी के सक्रिय सदस्य राजेन्द्र बेदिया ने कहा कि आज के समय में क्षेत्र के नवजवान, युवा, बुजुर्ग, महिला, शोषित,पीड़ित, वंचित, दबे कुचले, गरीब, मध्यम वर्ग, पिछड़ा वर्ग के लोगों की आवाज के रूप में टाइगर जयराम महतो सभी के दिलों में बस चुके हैं। आने वाल्स समय मे निश्चित तौर पे बदलाव की ओर अग्रसर है। बैठक में मुख्य रूप से राजेन्द्र बेदिया, गिरी शंकर महतो, सुरेंद्र महतो, धनंजय यादव, उमेश महतो श्याम सुंदर महतो, राजदीप महतो, अंजन महतो, रुपेश करमाली , लीलावती महतो, ननकी देवी,दीपा देवी, मालती देवी, गुड़िया देवी सीमा देवी, रूपा देवी, सालोनी देवी आदि मौजूद थे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने दी।

राज्य स्तरीय कला महोत्सव में शामिल होने के लिए रामगढ़ से रांची रवाना

रामगढ़ । 28 अक्टूबर को राज्य स्तरीय कला महोत्सव में भाग लेने के लिए रामगढ़ के विभिन्न विद्यालयों से चयनित 12 छात्र-छात्राएं झारखंड शिक्षा परियोजना रामगढ़ से रांची के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर हरी झंडी दिखाकर हरि उरांव ने उन्हें रवाना किया । जबकि एस्कॉर्ट शिक्षक के रूप में डॉ सुनील कुमार कश्यप, रूमा कुमारी को जिला प्रशासन ने प्राधिकृत किया। सहयोगी के रूप में डीएवी शिक्षक अभिषेक कुमार दुबे एवं सुवर्णा वासु साथ में गए। चयनित छात्र-छात्राओं में प्रसिद्ध झा डीएवी बरकाकाना शास्त्रीय नृत्य, उन्नति राय एसएस बालिका उच्च विद्यालय स्कूल रामगढ़ पारंपरिक गायन, राजा नायक उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिरु पारंपरिक गायन, अनन्या सिंह गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ कैंट चित्रकला,आशुतोष कुमार गुप्ता प्लस टू उच्च विद्यालय पतरातु चित्रकला, रिंतिका वशिष्ठ बरकाकाना शास्त्रीय गायन, मनीषा कुमारी उत्क्रमित उच्च विद्यालय साड़ी गोला मूर्ति कला, गोकुलदास प्लस टू उच्च विद्यालय गोला मूर्ति कला, संतोषी मंडल गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ कैंट खेल खिलौने, नितेश कुमार के बी प्लस टू उच्च विद्यालय लारी खेल खिलौने, आंचल कुमारी गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ लोक नृत्य, हर्ष राज सिंह डीएवी तोपा शास्त्रीय वादन शामिल हैं । ये सभी 28 से 30 अक्टूबर तक डॉ सुनील कुमार कश्यप और रुमा कुमारी की देखरेख में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

धनबाद दौरे पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे कहा-गठबंधन में युवराज भी और यमराज भी

धनबाद। केंद्रीय पर्यावरण एवं जलवायु सह उपभोक्ता मंत्री अश्विनी चौबे एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को धनबाद पहुंचे. जहां जिला भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ-साथ रेलवे अधिकारियों ने उनका स्वागत किया. सर्किट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस गठबंधन आइएनडीआइए पर जमकर निशाना साधा. कहा कि गठबंधन में युवराज भी है और यमराज भी. वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कहा कि वो पलटू राम है. बहुत जल्द कंठी माला लेकर जपते नजर आएंगे. साथ ही पांचो राज्य में हो रहे विधानसभा चुनाव में भारी मतों से जीत के दावे किए. साथ ही कहा की 2024 लोकसभा चुनाव में एनडीए भारी मतों से जीत दर्ज करेगी और केंद्र में सरकार बनाएगी. आने वाले झारखंड और बिहार के विधानसभा में भी भाजपा जीतेगी और सरकार बनाएगी. झारखंड में लूट और भ्रष्टाचार की सरकार है धनबाद में ही बड़े पैमाने पर कोयला खनिज की लूट हो रही है.

धमकी के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय पहुंचा संघ, लगाई सुरक्षा की गुहार

जमशेदपुर। पूर्वी सिंभूम जिला के पोटका तिरुलडीह में बयार सिंह सरदार के रैयति जमीन पर अवैध रूप से खनन करने और जान से मारने की धमकी को लेकर सामाजिक सेवा संघ के बैनर तले ग्रामीणों ने इस संबंध में उपायुक्त से शिकायत की. साथ ही जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है. बयार सिंह सरदार की खानदानी रैयति जमीन जिसका खाता संख्या 121 व प्लाट संख्या 100 है. इस पर जेमको निवासी मिंटू सिंह के द्वारा बयार सिंह के छोटे भाई को बहला फुसलाकर कर रैयति जमीन पर अवैध रूप से क्रेशर चलाया जा रहा है. मामले में विरोध करने पर मिंटू सिंह द्वारा गाली गलौज और मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया. इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी भी दी गई है.

बोकारो में सूर्यनाथ सिंह की 9वीं पुण्यतिथि मनी

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। मजदूर नेता सूर्यनाथ सिंह की 9वीं पुण्यतिथि महिला मंडल करगली में श्रमिक कल्याण और एकता दिवस के रूप में मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता मजदूर नेता गिरजाशंकर पांडेय और संचालन भाजपा फुसरो मंडल निवर्तमान अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने किया. कार्यक्रम में पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, पूर्व मंत्री लालचंद महतो और बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, सीसीएल के ढोरी और कथारा जीएम सहित विभिन्न दलों, संगठनों के नेता समेत अन्य अधिकारी शामिल थे. इस अवसर पर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि बेरमो कोयलांचल में श्रमिक नेता स्वर्गीय सूर्यनाथ सिंह की प्रतिमा निजी मद से स्थापित करेंगे. उन्होंने संघर्षों की बदौलत अपनी पहचान बनाई थी. पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने कहा कि सूर्यनाथ सिंह के जीवन से मजदूरों के लिए त्याग, समर्पण एवं जन सेवा सीखने की जरूरत है. मौके पर ढोरी जीएम एमके अग्रवाल, पूर्व मंत्री लालचंद महतो, झामुमो बोकारो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी, मजदूर नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी, भाजपा नेत्री उषा सिंह, अर्चना सिंह, काशीनाथ सिंह, सीसीएल के केंद्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्रा, मधुसूदन प्रसाद सिंह, भागीरथ शर्मा, पंचानन मंडल, विकास कुमार सिंह, सीपीआई नेता आफताब आलम खान, जिप सदस्य नीतू सिंह ने संबोधित किया.इस दौरान फुसरो के चिकित्सक डॉ सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया. श्रद्धांजलि देने वाले में बेरमो बीडीओ सह सीओ मघु कुमारी, थाना प्रभारी अशोक कुमार, पीओ मनोज कुमार, उनके पुत्र नंदलाल सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे.

डीपीएस रांची के छात्रों के लिए मुंबई और लोनावाला की मनोरंजक यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

रांची । दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची द्वारा ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए मुंबई और लोनावाला भ्रमण यात्रा का आयोजन विद्यार्थियों में सीखने के अनुभवों को उजागर करने के उद्देश्य से किया गया। दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची ने ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए एक रोमांचक भ्रमण यात्रा का आयोजन किया। समृद्ध संस्कृति और ज्ञानवर्धक अनुभवों से परिपूर्ण यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय यात्रा साबित हुई। इस भ्रमण के दौरान छात्रों को मुंबई और लोनावाला की संस्कृति, भौगोलिक परिस्थितियां, महत्वपूर्ण स्थान एवं परम्पराओं से अवगत होने का मौका प्राप्त हुआ। छह दिवसीय भ्रमण यात्रा के दौरान छात्रगण शिक्षकों के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र राज्य के समृद्ध इतिहास, प्रतिष्ठित स्थलों और जीवंत

परंपराओं से रूबरू हुए। यह यात्रा 22 अक्टूबर की सुबह शुरू हुई थी जब विद्यार्थी मुंबई के लिए रवाना हुए। मुंबई पहुंचने पर, छात्रों को तुरंत उनके होटल में स्थानांतरित कर दिया गया जहां उन्होंने शहर में अपनी पहली रात बिताई। दूसरे दिन, छात्र मुंबई के 3 घंटे के मनोरम शहर भ्रमण पर निकले। उन्होंने सीलिंक, नेहरू विज्ञान केंद्र और तारामंडल, हाजी अली, चौपाटी बीच, मरीन ड्राइव और गेटवे ऑफ इंडिया जैसे प्रतिष्ठित स्थलों का दौरा किया.यह दिन अन्वेषण और खोज से परिपूर्ण था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, डॉ. राम सिंह ने कहा, ह्लदिल्ली पब्लिक स्कूल राँची अपने छात्रों को नवीन शैक्षिक अनुभवों से प्रेरित करता रहता है एवं यह सुनिश्चित करता है कि विद्यार्थी नई जानकारियों को जानने की अभिलाषा और रोमांच की भावना के साथ एक पूर्णव्यक्ति के रूप में विकसित हों। इन यात्राओं ने छात्रों को सीखने, रोमांच और मनोरंजन का मिश्रण प्रदान किया।

ठंड से बचें

धनबाद एसएनएमएमसीएच में दवाओं का टोटा

ठंड में वायरल फीवर का शिकार हो रहे लोग, अस्पताल में भीड़

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। गुलाबी ठंड की शुरूआत हो चुकी है. दोपहर में गुनगुनी धूप व सुबह-शाम हल्की ठंड महसूस हो रही है. बदलते मौसम में वायरल संक्रमण पांव पसारने लगा है. अस्पतालों में संक्रमित मरीजों की संख्या आम दिनों के तुलना में बढ़ गई है. लोग सर्दी, खांसी, बुखार, बदन दर्द, सिर दर्द की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं. एसएनएमएमसीएच और सदर अस्पताल के मेडिसिन विभाग में मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई है.एसएनएमएमसीएच के मेडिसिन विभाग में हर दिन 350 और सदर अस्पताल में करीब 150 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं. बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक वायरल फीवर की चपेट में हैं. एसएनएमएमसीएच के मेडिसिन काउंटर पर 52 में से 25 तरह की दवाएं उपलब्ध नहीं हैं. वायरल संक्रमण से बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं. पेडियाट्रिक विभाग में इलाज के लिए आने वाले बच्चों को दी जाने वाली दवाओं का स्टॉक खत्म है. स्थिति यह है कि पारासिटामोल से लेकर एंटीबायोटिक तक नहीं हैं. परिजनों को दवा बाहर से खरीदनी पड़ रही है. अस्पताल के इनडोर मरीजों को भी काउंटर से दवा नहीं मिल पा रही है. वायरल संक्रमण की चपेट में सबसे ज्यादा बच्चे और बुजुर्ग आ रहे हैं. डॉक्टर बताते हैं कि बच्चे और बुजुर्गों में शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता लगातार बदलती है, अथवा कम रहती है. यही वजह है कि उनमें संक्रमण अधिक हो रहा है. डॉ यूके ओझा ने बताया कि तापमान में अचानक गिरावट होने से संक्रमण तेजी से फैल रहा है. ऐसे में ठंड से बचने के लिए बेहतर खानपान और गर्म पानी का सेवन करें. घर में गर्म सूप पीयें. शाम ढलते ही बच्चे और बुजुर्ग गर्म कपड़े पहनें, ठंडी चीजें खाने से बचें. सर्दी-बुखार होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं.

गागर में सागर

बरही विधानसभा-21 के छह बूथों का किया गया स्थल परिवर्तन

बरही । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निदेर्शानुसार बरही विधानसभा-21 के छह मतदान केंद्रों का स्थल परिवर्तन किया गया है. उक्त जानकारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सावना मांझी ने दी. उन्होंने बताया कि नव अनुमोदित स्थल के अनुसार 304-पुराना पंचायत भवन रसोईया धमना उत्तरी भाग को 302-बेंदगी मध्य विद्यालय पूर्वी भाग, 305-पुराना पंचायत भवन रसोईया धमना दक्षिणी भाग को 303-मदरसा अजिजया जियाउल उलूम रसोईयाधमना, 306-आंगनबाड़ी केंद्र लसकरी को 304-उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लसकरी, 323-उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहीडीह पूर्वी भाग को 321-प्लस टू उच्च विद्यालय बरही कमरा संख्या 01, 330-तहफूजे मदरसा इस्लाम भवन कोनरा पूर्वी भाग को 328-परियोजना कन्या उच्च विद्यालय बरही कमरा संख्या 01 तथा 331-तहफूजे मदरसा इस्लाम भवन कोनरा पश्चिमी भाग को 329-परियोजना कन्या उच्च विद्यालय बरही कमरा संख्या 02 में परिवर्तित किया जा चुका है. अब संबंधित मतदान केंद्र के मतदाता अपने नए स्थल पर ही मतदान कर पाएंगे.

गैड़ा में लगातार चोरी की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र के ग्राम गैड़ा में लगातर चोरी की घटना हो रही है। बीते दो दिन पूर्व चोरों ने पहले घरों में चोरी की। अब मंदिर को भी नहीं बख्श रहे हैं। मामले को लेकर उप मुखिया चंद्रदीप पांडेय ने बताया कि दशहरा का मेला देखने गए सुरेंद्र पंडित के सपरिवार के यहां चोरों ने लाखों की संपति चोरी कर ली। जिसके बाद चोरों ने गुरुवार को मंदिर का ताला तोड़ कर इस्कॉन मंदिर में प्रवेश कर भगवान जगन्नाथ,बलराम और सुभद्रा के प्रतिमा में लगे वस्त्र को इधर उधर कर दिया। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में पुलिस के प्रति काफी आक्रोश है। साथ ही ग्रामीण रात जग्गा करने को विवश हैं।वहीं चंद्रदीप पांडेय ने लगातार हो रही चोरी की घटना की जल्द खुलासा की मांग प्रशासन से की है। साथ ही कहा कि चोरी हुए वस्तुओं को पुलिस शीघ्र बरामद करें तथा बिना शर्त के पीड़ित परिवार को वापस करायें ।

बरकट्ठाः एक ही साइड से आ रही दो बाइक की भिडंत में तीन घायल

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के गोरहर थाना अंतर्गत सूर्यकुण्ड मोड बेलकप्पी के समीप जी.टी रोड पर पूर्वाहन 11:30 में एक ही दिशा बरही से धनबाद रूट में चल रहे दो बाइक सवार की आपस में भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों बाइक पर सवार लोग घायल हो गए ।वहीं घायलों में सुबोदीप बेरा 31 वर्ष पिता सोपन बेरा ,ग्राम तामलूक, जिला मेदनीपुर पश्चिम बंगाल व मंटू पाण्डेय 18 वर्ष पिता कैलाश पाण्डेय ग्राम बेढ़ना,चौपारण, जिला हजारीबाग एवं विशाल कुमार नायक 22 वर्ष पिता नारायण नायक ग्राम बेलकप्पी थाना गोरहर निवासी घायल हो गए।घायलों का गंभीरावस्था को देखते हुए स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा पहुंचाया ।वहीं मानवता का परिचय देते हुए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने वालों में सुरेश कुमार पाण्डेय,रविशंकर पाण्डेय,अभय पाण्डेय,डीलचंद पासवान, सुधाकांत पाण्डेय,रमेश पाण्डेय,आशिष पाण्डेय शामिल थे।जंहा चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया।सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है।

श्रीदस में मनाया गया ऊर्जा सरंक्षण दिवस, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

बरही। ऊर्जा दिवस के अवसर पर श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा मोड़ में विद्यार्थियो के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यार्थियो ने अपने पेंटिग्स के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण के तरीके उसके दुष्परिणाम को निरूपित करने का काम किया. बच्चो को जागरूक करते हुए प्राचार्य रोहित सिंह ने बच्चों से ऊर्जा के अंधाधुंध दुरुपयोग पर विराम लगाने और उसका सदुपयोग करने की बात कही. बढ़ती आबादी ने ऊर्जा की आवश्यकताओ को बढ़ाया है. संसाधनों की बढ़ती मांग के साथ, संसाधनों के विनाश की आशंका भी बढ़ने लगी है. ऐसे में ऊर्जा संरक्षण नितांत आवश्यक है. अन्यथा पूरी मानव सभ्यता खतरे में पड़ सकती है. मौके पर उन्होंने ऊर्जा सरक्षण के कई तरीको पर भी चर्चा किया. अंत में सबों से ऊर्जा संरक्षण की महता को आम जनों तक पहुंचाते हुए लोगो को जागरूक करने की बात कही. पेंटिग्स प्रतियोगिता मे वंदना, मिष्ठी, उपासना, रीया रानी, शीतल आदि ने भाग लिया. कार्यक्रम सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षको ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

अवैध खनन पर लगाएं लगाम : चंदन कुमार

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम शुक्रवार को खान निरीक्षक एवं थाना प्रभारी गोला द्वारा अवैध रूप से बालू के स्टॉक के विरुद्ध चलाए गए जांच अभियान एवं 9000 घन फिट बालू जप्त किए जाने की कार्रवाई की सराहना की। वहीं, बैठक में उपायुक्त को जानकारी दी गई की अक्टूबर माह में अब तक अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध लगभग 1लाख 50 हजार रुपए की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई है। वहीं, सात वाहनों को जब्त एवं 7 प्राथमिक की भी दर्ज किए गए हैं। केदला वाशरी से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों के चुटुवा नदी सहित अन्य जल स्त्रोतों में जाने पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को तत्काल रूप से इस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। तोपा कोलियरी में आग व जहरीली गैस के रिसाव संबंधित मामले पर उपायुक्त ने अभिलंब रूप से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने तोपा कोलियरी में ही हाल ही में क्रेन पलटने संबंधित मामले पर विस्तृत रूप से जांच करने एवं जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से

डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिले में ईट भटठों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को सभी ईंट भटठों के संचालकों के साथ वर्कशॉप आयोजित कर उन्हें संचालन हेतु विभिन्न नियमों की विस्तृत जानकारी देने एवं किसी भी हाल में नियमों की अवमानना करते हुए ईट भटठों का संचालन न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं तत्काल रूप से मामलों पर कार्रवाई करने के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त जिले में संचालित अवैध क्रशरों की पहचान करने एवं उनमे विद्युत आपूर्ति पर रोक लगाने सहित अन्य कार्रवाई करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, जिला परिवहन पदाधिकारी, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, थाना प्रभारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

हजारीबागः इचाक में विहंगम योग संस्थान ने लगाया रक्तदान शिविर

हजारीबाग। संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज के जन्मोत्सव पर शनिवार को इचाक के हदारी स्थित सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. यह शिविर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए लगाया गया. शिविर का उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, विहंगम योग संस्थान के प्रचार मंत्री नागेश्वर प्रसाद मेहता, जिला संयोजक संतोष कुमार समेत 26 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया. वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने आयोजकों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया. विहंगम योग संस्थान की ओर से 29 अक्तूबर को पदमा और एक नवंबर को प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा.

छह दिवसीय साथिया प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू, डीएस-मुखिया ने किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

बरही । पंचायत भवन बरही पश्चिमी में शनिवार से छह दिवसीय पीयर एजुकेटर (साथिया) प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ हुआ. जिसका उद्घाटन स्थानीय मुखिया मो शमशेर आलम और अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. 28 अक्तूबर से 2 नवंबर तक चलने वाले प्रशिक्षण में पंचायत के पूर्वी और पश्चिमी पंचायत के कुल 52 बच्चे बच्चियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा. प्रशिक्षण के दौरान छः महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारियां दी जायेगी. जिसके तहत प्रशिक्षणार्थियों को पोषण, यौन प्रजनन स्वास्थ्य, असंचारी बीमारिया नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी), मादक पदार्थ का दुरुपयोग , चोट और लिंग आधारित हिंसा और मानसिक स्वास्थ्य विषय से संबंधित जानकारियां मिलेगी. डीएस डॉ ज्ञानी ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से लोगो में बौद्धिक ज्ञान की जानकारियां होगी. वही मुखिया ने बताया कि यह प्रशिक्षण युवाओं को स्वास्थ्य के साथ चारित्रिक विकास में सहयोग करेगा. इस अवसर पर युवा समाजसेवी टिंकू आलम, सहिया दीदी भानु देवी, आफरीन कौसर, अनीता देवी, पुष्पा देवी, मालती देवी, मधु कुमारी इत्यादि मौजूद थे.

बीडीओ और बीपीआरओ ने विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण शिविर का किया निरीक्षण

बरही । संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण को लेकर प्रखंड के सभी मतदान केंद्र पर विशेष कैम्प लगाए गए है. शनिवार को सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार और प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सावना मांझी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर शिविर में होने वाले कार्यों की जानकारी लिया. निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों ने मतदान केंद्र संख्या 317, 318, 319, 320, +2 उच्च विद्यालय बरही, 335 नव प्राथमिक विद्यालय जरहिया एवं 332, 333 राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव का भ्रमण किया. इस दौरान वहाँ उपस्थित बीएलओ के पास प्राप्त सभी प्रपत्र-6, 7 एवं 8 को दो दिनो के अंदर ऑनलाइन करने का निर्देश दिया. साथ ही मृत मतदाताओं का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने एवं रंगीन फोटोग्राफ से प्रतिस्थापन करने की बात कही. इसके अलावा बीएलओ को संबंधित हाई स्कूल के प्रधान से वर्तमान मे अध्ययनरत 17-18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों का प्रपत्र-6 नामांकन पंजी के आधार पर भरवाने का निर्देश भी दिया.

हजारीबाग : शहर में ई-रिक्शा चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने कसा शिकंजा

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग शहर में ई-रिक्शा चालकों की जैसे बाढ़ सी आ गई है. मनमौजी तरीके से चला रहे ई-रिक्शा संचालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को अचानक शिकंजा कस दिया. ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब तीन दर्जन ई-रिक्शा का 22,750 रुपए का चालान काटा गया. यह अभियान एमवीआई, डीटीओ और यातायात इंस्पेक्टर केके शाह के नेतृत्व में शहर के नवाबगंज स्थित दाता मदाराशाह रहमतुल्ला अलैह की मजार के पास चलाया गया. ई-रिक्शा के आने से पैदल मुसाफिरों के लिए सुविधाएं बढ़ गई थीं. लेकिन चालक अनाप-शनाप किराया वसूल रहे थे. शहर में जाम का प्रमुख कारण भी ई-रिक्शा बने हुए थे. उनके रूट का भी कोई निर्धारण नहीं था. जहां-तहां खड़ा कर रोड को जाम कर रहे थे. ई-रिक्शा का न तो इश्योरेंस था, न ही रजिस्ट्रेशन और न ही चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस ही था. नाबालिग किशोर भी धड़ल्ले से ई-रिक्शा चला रहे थे. पुलिस और प्रशासन की इस कार्रवाई से ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया. जैसे ही चेकिंग की खबर सुनी, वाहन चालक इधर-उधर भगाने लगे. इस संबंध में एमवीआई ने बताया कि अब ई-रिक्शा चालकों को सभी कागजात अपडेट रखने होंगे, नहीं तो वाहन जब्त किए जाएंगे. उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन भी सुनिनिश्चत करना होगा और आगे रूट और किराया निर्धारित किया जाएगा. यह पहला चेकिंग अभियान था, इसलिए थोड़ी छूट भी दी गई. पकड़े गए प्रत्येक ई-रिक्शा चालक से 650 रुपए का जुर्माना वसूला गया. आगे जुर्माना के साथ सजा का भी प्रावधान है. यातायात इंस्पेक्टर ने कहा कि अगले दिन ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन या सभी दस्तावेज नहीं रखने पर करीब 8000 रुपए जुर्माना भरना होगा.

अचानक कार्रवाई करना उचित नहीं : ई-रिक्शाचालक

जबरा निवासी ई-रिक्शा संचालक जय वर्मा ने कहा कि अचानक कार्रवाई करना उचित नहीं है. पहले नोटिस देना चाहिए था. शो रूम से किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं दिया गया. फाइनांस के नाम पर वाहन दे देते हैं. ऐसे में शोरूम के संचालक पर पहले कार्रवाई होनी चाहिए. वहीं चौपारण निवासी ई-रिक्शाचालक विजय दास ने बताया कि वह किराया पर पुराना वाहन चला रहे हैं. मालिक के पास दस्तावेज होता है. हर दिन ढाई सौ रुपए देने होते हैं. ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन में पकड़े जाने पर जुर्माना कहां से भरेंगे.

हजारीबाग : लॉटरी ड्रॉ में सूरज को पहला, संतोष को मिला दूसरा पुरस्कार

हजारीबाग। हजारीबाग शहर के बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से शनिवार को तीसरी बार पूजा पंडाल के समीप लॉटरी ड्रॉ का आयोजन किया गया. इसमें रेवाली के सूरज कुमार को पहला पुरस्कार स्कूटी, द्वितीय पुरस्कार संतोष कुमार को टेलीविजन और तृतीय पुरस्कार इंवर्टर नंदकिशोर प्रसाद का मिला. चतुर्थ पुरस्कार फ्रिज, पांचवां पुरस्कार वाशिंग मशीन सावित्री गुप्ता को मिला. वही छठा पुरस्कार साइकिल निर्भय अग्रवाल को प्राप्त हुआ. 20 लोगों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में मिक्सर दिया गया. लॉटरी ड्रॉ में बतौर मुख्य अतिथि शांति लाल अग्रवाल शामिल हुए. साथ में महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव, सचिव दीप नारायण निषाद सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे. मंच संचालन पवन रावत खंडेलवाल ने किया. मौके पर महासमिति के दिलीप जायसवाल, शिवदीप सिंह,ओम प्रकाश गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, किशोर सोनी, बाल गोविंद निषाद, नरेश निषाद, अशोक कुमार, गुड्डन सोनकर, दिलीप सोनी, प्रदीप जैन, रितेश खंडेलवाल, संतोष गुप्ता, पवन गुप्ता, राजीव सिन्हा, आशुतोष चौधरी, पंकज कसेरा, मोहित कुमार, अभय निषाद सहित कई लोग मौजूद थे.

यूथ विंग ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग शहर में जिला व पुलिस प्रशासन के सहयोग से दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके सं संपन्न हो गया. इसके लिए सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने शनिवार को जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को मोमेंटो व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया. हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे और सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार को सम्मानित किया. तीनों अधिकारियों ने हजारीबाग यूथ विंग का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम सभी हर वक्त हजारीबाग वासियों के साथ खड़े हैं. आनेवाला त्योहार भी ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा. मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक प्रशासनिक दायित्व के साथ-साथ धार्मिक कार्यों में भी अपनी पूरी उपस्थिति सुनिश्चित कराते हैं. पूजा के दौरान विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचकर माता रानी का दर्शन कर उनकी आरती भी की. मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, विकास तिवारी, मोहम्मद ताजुद्दीन सहित कई लोग मौजूद थे.

टैलेंट सर्च प्रोग्राम — **गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण मवि. में उमंग कार्यक्रम शुरू**

प्रशिक्षुओं ने मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के विवेकानंद सभागार में शनिवार को दो दिवसीय उमंग कार्यक्रम शुरू हो गया. इसके जरिए बीएड सत्र-2023-25 के प्रशिक्षुओं की प्रतिभाएं परखी गईं. उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत मंच पर गीत-संगीत, नृत्य, भाषण, कविता समेत विभिन्न गतिविधियों से प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा का लोह मनवाया. वहीं ओरिएंटेशन कम इंट्रोडक्शन सेरेमनी में प्रशिक्षुओं की कॉलेज से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गईं. इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ आइक्यूएसी की को-ऑर्डिनेटर बसुंधरा कुमारी के नेतृत्व में सभी सहायक प्राध्यापकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. को-ऑर्डिनेटर ने कार्यक्रम से संबंधित विषयों और रूपरेखा को विस्तार से रखा. मंच संचालन करते हुए सहायक प्राध्यापक दशरथ कुमार ने समान अवसर के बारे में प्रशिक्षुओं को जानकारी उपलब्ध कराई. सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार ने फीडबैक के महत्व के बारे में प्रशिक्षुओं को समझाया. वहीं डॉ पुष्पा कुमारी ने एंटी रैगिंग के बारे में प्रशिक्षुओं को जानकारी दी. सहायक प्राध्यापिका पुष्पा कुमारी ने एनएसएस समेत अन्य गतिविधियों के बारे में बताया. नेहा कुमारी एंड टीम ने स्वागत गान प्रस्तुत किया. धन्यवाद ज्ञापन डी.एल.एड. के विभागाध्यक्ष महेश प्रसाद ने दिया. मौके पर सहायक अध्यापिका कुमारी अंजलि, अशोक कुमार, अनिल कुमार, संदीप खलखो, गुलशन कुमार, दिलीप कुमार सिंह आदि मौजूद थे. गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में आयोजित दो दिवसीय उमंग कार्यक्रम का समापन 30 अक्तूबर होगा. समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीइओ उपेंद्र नारायण और विशिष्ट अतिथि देव कॉलेज ऑफ एजुकेशन हजारीबाग की प्राचार्या डॉ रीतू कुमारी व डॉ. एस. राधाकृष्णन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज लारी, रामगढ़ के प्राचार्य डॉ शिव कुमार राणा होंगे.

जयंत सिन्हा की पहल पर संभव हुआ मृतक के पुत्र को नौकरी और मुआवजा

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। सीसीएल तोपा परियोजना में हुए क्रेन हादसे में अपनी जान गवा चुके भोला प्रसाद के परिजनों द्वारा घंटों शव को लेकर घटना स्थल पर मुआवजा हेतु प्रदर्शन करने की जानकारी उनके संबंधी कुजू निवासी दिनेश्वर साव द्वारा हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को फोन के माध्यम से दी गई। सांसद ने मामले की गंभीरता को समझते हुए स्वयं दूरभाष पर कोलयारी के जीएम और सीएमडी से वार्ता कर उचित मुआवजा और मृतक के पुत्र को तत्काल नौकरी का पत्र सौंपने का निर्देश दिया । जिससे उनके आश्रितों का आगे भरण पोषण होता रहे। सांसद ने तत्परता दिखाते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल का गठन कर इस संवेदनशील मामले पर स्थानीय स्तर पर उपरोक्त मांगों की पूर्ति शव के पोस्टमॉर्टम से



पहले करवाने की जिम्मेवारी सौंपी । जिसमे मुख्य रूप से महामंत्री खिरोधर साहू भी शामिल थे। सांसद जयंत सिन्हा द्वारा कोलफील्ड के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता और प्रतिनिधिमंडलों के स्थानीय स्तर पर किए गए प्रयासों के कारण सीसीएल प्रबंधन द्वारा मृतक के परिजनों को तत्काल सीसीएल के तरफ से मिलने वाली दुर्घटना मुआवजा राशि के 15 लाख रुपए सहित अंतिम संस्कार हेतु 75 हजार रुपए का भुगतान के साथ मृतक के सुपुत्र को सीसीएल का ज्वाइनिंग लेटर भी सौपा गया जो तत्काल प्रभावी है। प्रबंधन द्वारा सभी मांगों को अक्षरशः मानने और नियुक्ति पत्र मिलने के बाद परिजनों द्वारा सांसद जयंत सिन्हा सहित घटना स्थल पर उनकी मदद को उपस्थित रहने वाले भाजपा प्रतिनिधि मंडलों के सदस्यों का आभार जताते हुए कहा की अगर सांसद ने पहल नहीं किया होता तो हम सरकारी उपेक्षा का शिकार होकर महीनो अपने हक के लिए भटक रहे होते। वहीं, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा की मृतक के परिजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है । साथ हीं हमारे सांसद जयंत सिन्हा द्वारा ये मानवता भरी पहल हीं उनको औरों से अलग और विशेष बनाती है। जिसके कारण आज मुश्किल सा लगने वाला काम भी मात्र कुछ घंटों में पूरा हो सका।

गागर में सागर

कोडरमा : एक नवंबर को भाकपा जिला परिषद की बैठक

कोडरमा। भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक आगामी एक नवंबर को साहू धर्मशाला, झुमरी तिलैया में होगी. इसमें आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव, संगठन को मजबूती करने, जन संगठन आदि मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी. साथ ही बताया कि बैठक में हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, जिप सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अर्जुन यादव व धनंजय यादव, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, पुरुषोत्तम यादव, रंजन कुमार रजक एवं जिला सचिव कयूमुद्दीन भी मौजूद रहेंगे.

कोडरमा : खो-खो प्रतियोगिता आयोजित, पवन हाउस बना विजेता

कोडरमा। सेक्रेड हार्ट स्कूल में बालिका वर्ग के लिए शनिवार को इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें पानी, पवन, धरती और आकाश हाउस की छात्राओं ने हिस्सा लिया. पीटीआई कुंदन राणा, राकेश पांडेय, पायल सिंह और प्रमोद सिंह की देखरेख में प्रतियोगिता हुई. फाइनल मैच में पवन हाउस विजेता और पानी हाउस उप विजेता रहा. प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि बच्चों को खेलकूद और शिक्षा में सामंजस्य बनाकर आगे बढ़ने की जरुरत है. प्रतियोगिता में सृष्टि कुमारी, अदिति राज, सादिया मसूद, अनुष्का कुमारी, संगीता कुमारी, नीलम, शालिनी, खुशी, विनीता, मेघा, नैंसी, पायल, कोमल, श्वेता, तनीषा शर्मा, स्नेहलदीप, रितिका पंडित, स्नेहा कुमारी, प्रिया कुमारी, शताक्षी गौतम, वर्षा रानी, आर्ची कुमारी, आनंदित कुमारी, प्रीति कुमारी, अल्फिया अंसारी, रिया पंडित, राजनंदनी, चाहत जैन, श्वेता कुमारी, प्रियांशी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मन्नत आनंद, नीतू कुमारी, पारुल कुमारी और रूपा पांडेय का बेहतर प्रदर्शन रहा.

कोडरमा : जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला

कोडरमा। जल जीवन मिशन के तहत शनिवार को प्रखंड के पपलो पंचायत सचिवालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस दौरान पंचायत के सभी जलसहिया, जल सखी, पानी समिति के सदस्य, वार्ड सदस्यों को जल की गुणवत्ता जांच से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया. वहीं, पंचायत की मुखिया चिंता कुमारी ने सभी जल सहिया के बीच फिल्ड टेस्ट कीट का वितरण किया. प्रशिक्षकों में क्वालिटी मैनेजर रामपुकार प्रसाद, टेक्निकल मैनेजर पंकज कुमार, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर राम कुमार व लैब असिस्टेंट मनीष कुमार शामिल रहे. मौके पर दशरथ यादव संजू, सुरेन्द्र यादव, उमेश पासवान अरविंद कुमार, जलसहिया ममता पांडेय, संगीता देवी, सुनीता देवी, शबनम खातून, वार्ड सदस्य सुनीता देवी, रेखा देवी, अलाउद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे.

अवैध रूप से संचालित आरा मील को वन विभाग ने किया ध्वस्त

कोडरमा। गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने नवलशाही पुलिस के सहयोग से शनिवार को नवलशाही थाना क्षेत्र के कुण्डीधनवार में अवैध रूप से संचालित आरा मील पर छापेमारी कर उसे ध्वस्त कर दिया. वहीं छापेमारी दल का नेतृत्व रेंजर रवींद्र कुमार कर रहे थे. छापेमारी दल ने आरा मील को ध्वस्त करते हुए आरा ब्लेड, मील का चक्का, जेनेरेटर समेत कई उपकरण को जब्त कर अपने साथ ले गए. छापेमारी में बड़े पैमाने पर चिरान व बोटा लकड़ी भी जब्त की गई है, जो अकसिया व गम्हार आदि की है. जब्त लकड़ी की कीमत लगभग एक लाख की बताई जा रही है. वहीं उक्त आरा मिल कुंडीधनवार निवासी अशोक कुमार राणा का बताया जा रहा है. मिली जानकारी अनुसार उक्त आरा मील का अवैध रूप से संचालन पिछले कई महीनों से किया जा रहा था. गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को उक्त आरा मील पर कार्रवाई की गयी. हालांकि आरा मील के संचालक को छापेमारी की सूचना पहले ही हो गयी थी और वह भागने में सफल रहा.

चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के सदस्यों ने चलाया जनसंपर्क अभियान

कोडरमा। अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के सदस्यों ने सतगावां प्रखंड का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया. इस मौके पर महासभा के सदस्य महेश राम चन्द्रवंशी, बीरेन्द्र राम चन्द्रवंशी, चन्द्रवंशी दीपक नवीन, सुरेंद्र चन्द्रवंशी व पवन चन्द्रवंशी ने इस हफ्ते बैठक कर निर्णय लिया कि जिला समिति का चुनाव करना है, जिसके लिए चुनाव प्रभारी के रूप में कोडरमा जिला के सभी प्रखंडों में बैठक करके जिला चुनाव की जानकारी देंगे. जिसमें सतगावां प्रखंड में बैठक कर जिला अध्यक्ष का चुनाव 3 दिसम्बर 2023 को कोडरमा ध्वजाधारी धाम में होगी. बैठक की अध्यक्षता जयशंकर प्रसाद ने और संचालन बीरेंद्र राम चन्द्रवंशी ने की. इस मौके पर प्रमंडल प्रभारी सह चुनावी पर्यवेक्षक चन्द्रवंशी दीपक नवीन ने कहा कि अखिल भारतीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा जिला कार्यभार वीरान पड़ा है, जिससे चन्द्रवंशी समाज का मनोबल गिरता जा रहा था.

21वां वार्षिक जागृति शिक्षा महिला संघ सम्मेलन का उद्घाटन

महिला शिक्षा के प्रति जागरूक होकर सशक्त बने : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल. चर्च कोचेडेगा पेरिस का 21वां वार्षिक जागृति शिक्षा महिला संघ सम्मेलन का उदघाटन शुक्रवार की रात कोचेडेगा पेरिस के पिथरा मंडली में किया गया। सम्मेलन का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने दीप जलाकर किया। मौके पर कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षित समाज का निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका होगी। महिलाएं अपने गांव समाज के हर बच्चे को उच्च दिलाने के लिए पहल करें। समाज व शिक्षा के विकास में महिलाओं का योगदान शुरू से ही सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि जागृति युवा सम्मेलन महिलाओं को संगठित करने के साथ साथ महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूकता लाएगा। इस तरह के सम्मेलन में महिलाएं गांव समाज मे फैल रही बुराइयों को साझा करें। साथ ही उन बुराइयों को दूर करने की दिशा में मंथन करें। विधायक ने कहा कि महिलाओ के बिना शिक्षित समाज की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। हर क्षेत्र में अच्छा कर रही है। आप सभी महिलाएं भी अन्य महिलाओ के लिए प्रेरणा स्रोत बनें। समाज हित मे और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आप सभी महिलाओं द्वारा किया गया अतुलनीय कार्य अन्य क्षेत्र व अन्य समाज की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। लोग आपके ऐसे सराहनीय कार्यों की मिशाल देंगे। विधायक ने महिलाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का भी आह्वान किया।मौके पर जीप सदस्य जोसीमा खाखा, समरोम पोल तोपनो,अजित लकड़ा ,कोचेडेगा पेरिस चेयरमेन पादरी जस्टिन एक्का, सहायक पादरी सुरजमानी केरकेट्टा, कांडीदत्त गोबिंद महतो, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का, मुखिया बिनीता खाखा, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित

बानो। प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में शनिवार को सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में परिवहन विभाग के जॉइंट सेक्रेटरी बजेंद्र हेमरोम ने कहा आज मृत्यु दर बढ़ने लगे हैं। सड़क दुर्घटना के कारण लोगो की मृत्यु अधिक हो रही हैं।लोगो को रोकें कि नशापान कर वाहन न चलायें। सड़क सुरक्षा को लेकर एक मुहिम चलाई जा रही हैं।थाना प्रभारी रंजीत कुमार महतो ने कहा सड़क सुरक्षा के लिये हमेशा लोगो को सजग रहना चाहिए ।कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने न दे ।निर्धारित उम्र हो जाने पर गाड़ी के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस होना अति आवश्यक है।इस समय तेज गति से वाहन चलाने के कारण अक्सर देखा जा रहा युवा वर्ग ही दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। सावधानी बरतें।जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि अपने अपने क्षेत्र के लोगो को समझाए की वाहन सावधानी पूर्वक चलाये । हेल्मेट पहना सुरक्षा की दृष्टि कोन सभी को पहनना चाहिए।

कुरडेग में माइकल किंडो स्टेडियम में चार दिवसीय अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

नवीन मेल संवाददाता

कुरडेग। प्रखंड के माइकल किंडो स्टेडियम में शनिवार को चार दिवसीय बिरसा मुंडा अंतर राज्य फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य तरीके से उद्घाटन हुआ उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव , अंचल अधिकारी किरण डांग ,निवर्तमान बीडीओ ज्ञानमणि एक्का , थाना प्रभारी मनीष कुमार , जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल , मुखिया उमीर्ला कुजूर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं आसमान में गुब्बारे उड़ा कर किया गया।प्रतियोगिता का पहला मैच सरगुजा एलेवन और नायक ब्रदर्स के बीच खेला गया जिसमें सरगुजा एलेवन 2-1 से बिजयी रहा दूसरा मैच रेड राउरकेला और मुंडा ब्रदर्स रांची के बीच हुआ जिसमें राउरकेला की 2-0 से बिजयी रही । मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि यहाँ के लोग खेल प्रेमी है और खेल का आनंद पूरे अनुशासन में रहकर खेलते है। खेल से मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है टीम से यही उम्मीद है कि वह खेल भावना के साथ खेल और आगे बढ़े। बतातें चलें इस तरह की फुटवॉल प्रतियोगिता का आयोजन कुरडेग में 10 बर्षों के बाद हो रही है जिससे दर्शकों में काफी उत्साह है। पुरा स्टेडियम दर्शकों से भरा रहा। वहीं दर्शकों ने ताली बजाकर खिलाड़ीयों का उत्साह बढ़ाया । वही इस खेल से पूर्व भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया इसके अलावा आरसी मध्य विद्यालय के छात्राओं के द्वारा बैंड मार्च किया गया एवं निर्मल उच्च विद्यालय के छात्रों के द्वारा नृत्य प्रस्तुति की गई । मौके पर आयोजन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे ।

मनरेगा लोकपाल ने कोनमेरला पंचायत में चल रहे योजनाओं का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। प्रखंड के कोनमेरला पंचायत के कोनमेरला, बलडेगा, गांगुटोली आदि क्षेत्रों का भ्रमण मनरेगा लोकपाल पुष्पा कुमारी द्वारा किया गया। लोकपाल पुष्पा कुमारी द्वारा भ्रमण के दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत रोमानुस कुल्लू, सहाय तोपनो, सोमित कुमार नाग, रवि भुषण कांसी आदि लाभुकों का आम बागवानी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने आम बागवानी मे पौधों पर एच टेका लगाने, सुरक्षा घेरा करने एवं पौधों के बीच में आंतरिक खेती के साथ साथ पौधों का उचित देखभाल करने का निर्देश दिया। भ्रमण के क्रम में उन्होंने मनरेगा योजना से संचालित तोबियस कुल्लू सहित कई अन्य लाभुकों का कुआं निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। इससे पूर्व उन्होंने पंचायत सभागार में लीड्स द्वारा आयोजित हाई वैल्यू क्रॉप प्रशिक्षण में आए किसानों से वार्तालाप की और मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कुछ लोगों ने कहा कि उन्हें जॉब कार्ड नवीकरण करना है जिस पर लोकपाल ने रोजगार सेवक को ग्रामीणों की शिकायतों का अविलंब समाधान करने का निर्देश दिया। जिसके बाद मनरेगा लोकपाल द्वारा पंचायत में कई योजना रजिस्टरों का जांच भी किया गया। मौके पर मुखिया अनीमा तोपनो, पंचायत सचिव अमित आशीष डुंगडुंग, रोजगार सेवक रामकुमार गुप्ता, एई प्रकाश मुंडा, जेई अर्नेस्ट लकड़ा उपस्थित थे।

डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की समीक्षा बैठक

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमिटी की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला स्तर पर संचालित पैक्स एवं लैम्पस के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने सहकारिता पदाधिकारी को प्राथमिक डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियों का ज्यादा से ज्यादा निबंधन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लैम्पस के माध्यम से प्राथमिक सहकारी समितियों को आर्थिक रूप से जीवंत संस्था बनाने एवं पैक्स द्वारा मॉडल उपनियमों को बहुउद्देशीय एवं बहुआयामी बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने अछूते पंचायतों/गांवों में नए बहुउद्देशीय पैक्स या प्राथमिक डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियों के गठन हेतु निर्देश दिए।

सिमडेगा के रेंगारीह में बच्ची के साथ दुष्कर्म का किया प्रयास युवक को भेजा जेल

सिमडेगा। सिमडेगा के रेंगारीह थाना क्षेत्र में 9 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने शनिवार को पुलिस ने 33 वर्षीय दीपक बाखला गेलेसेरा निवासी शख्स को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मनोज मरांडी ने बताया कि बच्ची के माता-पिता के शिकायत के बाद थाना में मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए मेडिकल जांच करने के उपरांत सिमडेगा जेल भेज दिया गया। वहीं बच्ची को पुलिस ने अपने संरक्षण में लेकर मेडिकल जांच के लिए सिमडेगा भेज दिया। वहीं पुलिस ने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सांप ने डंसा, इलाज के दौरान युवक की मौत

ठेठईटांगर। थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरोमिया पंचायत के बलसेरा गांव निवासी 25 वर्षीय विनय सिंह नामक युवक को जहरीले सांप ने डसा और इलाज के क्रम में सदर अस्पताल सिमडेगा में उसकी मौत हो गई । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विनय सिंह नामक युवक को शुक्रवार खाना खाकर अपने घर में जमीन में सोया हुआ था इसी दौरान देर रात 12 बजे उसके घर में सांप ने डसा और तबियत बिगड़ी तब परिवार वाले उसे सदर अस्पताल लाया ,जहां पर इलाज के क्रम में शनिवार सुबह 5 बजे उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

बानो के कंपुदा तालाब में डूबने से महिला की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

बानो। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कम्पुदा में तालाब में डूबने से शनिवार को एक महिला की मौत हो गयी।महिला की पहचान कुंतीला कुमारी के रूप में हुई। मामले की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी जिसके बाद घटनास्थल पर एएसआई अक्षयवर राम दलबल के साथ पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया ।वही मामले की छानबीन में जुटे। बताया गया कि महिला का पैर फिसल जाने के कारण तालाब में गिर जाने से डूब गई और मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार दोपहर को भोजन के बाद बर्तन धोने के लिये तालाब गई थी ।इसी क्रम में पैर फिसल जाने से गिर गई और डूब गई ।गहराई होने के कारण अंदर चला गया।बाद में अन्य लोग नहाने के तालाब गये तो शव देख कर इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी गई । वही कागजी प्रक्रिया में शाम हो जाने की वजह से व सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा जा सका।जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना परिजनों से मिल कर परिवार वालो को ढांढस बंधाया।

उपायुक्त की अध्यक्षता में तकनीकी पदाधिकारी के साथ हुई योजना शाखा की बैठक

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में तकनीकी पदाधिकारियों के साथ शनिवार को कार्यालय में जिला योजना शाखा की समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान जिला अनाबद्ध निधि अंतर्गत विभिन्न विभागों से प्राप्त नये योजनाओं का विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु जो मुख्य योजनाएं हैं, उनका चयन किया गया। साथ ही स्कूल, एवम आंगनबाड़ी केंद्रों सहित कई गांवों के बीच जहां पहुंच पथ एवं कनेक्टिविटी की अभाव था, वहां पथ निर्माण की योजनाओं का चयन किया गया। कई नालों में वर्तमान में लकड़ी के पुलिया है, वहां पर नई पुलिया निर्माण करने हेतु विभाग से प्राप्त योजनाओं का चयन किया गया। मौके पर कई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

जलडेगा में दो महीने से 108 एम्बुलेंस सेवा ठप

जलडेगा। प्रखण्ड में 108 एम्बुलेंस रहते हुए भी मरीजों को समय से एम्बुलेंस सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसका कारण यह है कि झारखंड सरकार ने 108 एम्बुलेंस को संचालन करने के लिए जेडएचएल नामक कंपनी को दिया था जिसका टेंडर अगस्त 2023 में ही समाप्त हो गया है। और दुबारा टेंडर जीवीके नामक नया कम्पनी को मिला है जिस वक्त पुराना कम्पनी नया कम्पनी को गाड़ी सौंपा उस वक्त जलडेगा कि गाड़ी खराब होने के कारण नया कम्पनी जलडेगा की गाड़ी को नहीं ली। लेकिन अब लगभग 2 महीने से एम्बुलेंस बन कर तैयार है पर पुरानी कम्पनी से नयी कम्पनी में गाड़ी हेंडओवर नयी होने के कारण जलडेगा प्रखण्ड के मरीजों को एम्बुलेंस की आवश्यकता होने पर कोलेबिरा या बानो से एम्बुलेंस सेवा दी जा रही है। जहाँ एम्बुलेंस को 20 मिनट में पहुंचना चाहिए वहीं कोलेबिरा और बानो से एम्बुलेंस आने पर लगभग एक से डेढ़ घंटा लग रहा है और कभी कभी तो एम्बुलेंस फ्री नहीं रहने के कारण मिल भी नहीं पाता है।

अंतिम

डीसी ने अमृत कलश यात्रा को दिखाई हरी झंडी

शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। मेरी माटी, मेरा देश॒ कार्यक्रम के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा के अंतिम चरण में राष्ट्र-स्तरीय अमृत कलश यात्रा के लिए जिले से नेहरू युवा केंद्र के 20 स्वयंसेवकों को अमृत कलश के साथ उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर नई दिल्ली के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त महोदय ने कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश॒ अभियान देशभक्ति, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का प्रतीक है, जो मातृभूमि के प्रति सामूहिक कर्तव्य को बताता है। यह कार्यक्रम उन शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न गाँवों से एकत्र की गई मिट्टी को प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से एकत्र करते हुए, 30-31 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित होने राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में भेजा जा रहा है। देश के विभिन्न गाँवों की मिट्टी से 31 अक्टूबर को माननीय प्रधानमंत्री जी के कर कमलों के द्वारा अमृत महोत्सव का समापन और अमृत वाटिका निर्माण कार्यक्रम किया जाएगा। इस कार्यक्रम हेतु झारखंड के सभी स्वयंसेवक राँची से अमृत यात्रा स्पेशल ट्रेन के माध्यम से नई दिल्ली जाएंगे।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, जिला नेहरू युवा केन्द्र के रोशन कुमार, सहित नेहरू युवा केंद्र के कर्मचारी एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

डीसी ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कृषि, सहकारिता व पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक की. बैठक में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत पर विस्तृत चर्चा की गयी. उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आवेदनों का निस्तारण करते हुए पिछले वित्तीय वर्ष की बची राशि का लाभुकों को भुगतान करें. साथ ही झारखंड राज्य फसल राहत योजना पर चर्चा करते हुए उन्होंने योजना के लिए अधिक से अधिक किसानों का निबंधन और आवेदन करने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया. वहीं झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत ई-केवाईसी को लेकर उपायुक्त ने कहा कि छूटे हुए ऋणी पर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जायेगी. साथ ही केसीसी को लेकर अधिक से अधिक आवेदनों का निस्तारण करने का निर्देश अग्रणी

जिला प्रबंधक को दिया गया. इसके अतिरिक्त डीसी मेघा भारद्वाज ने कृषि विभाग में संचालित योजनाओं का समीक्षा की और इससे संबंधित दिशा निर्देश दिये. डीसी मे मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए केज फिसिंग को बढ़ावा देने को कहा. साथ ही फिश फीड प्लांट को लेकर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया. वहीं पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने मुर्गी और बत्तख पालन के लिए लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत लाभुकों को योजना का लाभ देने को कहा. बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, जिला मत्स्य पदाधिकारी व संबंधित विभाग के कर्मी मौजूद रहे.

'जो इंद्रियों पर राज करेगा वही दुनिया पर भी राज करेगा'

नवीन मेल संवाददाता।
श्री बंशीधर नगर

पाल्हे-जतपुरा में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अवसर पर श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण की कथा करते हुये अयोध्या से पधारे जगद्गुरु रत्नेशप्रपन्नाचार्य कहा कि जो अपने पर राज नहीं कर सकता वो दूसरे पर क्या राज करेगा। पहले अपने इंद्रियों पर राज जो करेगा वही दुनिया पर राज कर सकता है। रामराज्य की भूमिका त्याग और साधना से शुरू होती है। श्रीराम साधक बनकर, तपस्वी बनकर वन को गये। जीवन में जबतक हम तप को, श्रम को, त्याग को नहीं अपनायेंगे तब तक श्रेष्ठ जीवन की कल्पना नहीं हो सकती। श्रीराम के साथ माता सीता भी वन को गयी। माता सीता ने कहा कि पत्नी का अधिकार यदि पति के सुख में है तो दुख में भी होना चाहिये। हमें आगे बढ़कर एक दूसरे की विपत्ति का सहायक बनना चाहिये। हम हर किसी सुख में हिस्सेदारी तो चाहते हैं पर दुख में साथ छोड़ देते है। हमें अपने देश की विपत्ति में देश के साथ खड़ा होना चाहिये। रामायण की कथा हमें ये शिक्षा देती है। धर्म हमें स्वार्थ नहीं त्याग सिखाता है। भगवान श्रीराम के अवतरण के पूर्व भी राज्य तंत्र था और राजा प्रजापालन भी करते थे, किंतु वे प्रजा की उनके किसी कार्य की क्या प्रतिक्रिया होगी, इसका कदाचित ही चिंतन करते थे। भगवान श्रीराम ने प्रजा की इच्छानुकूल राज्य व्यवस्था की थी। वनगमन के समय जब अनुज लक्ष्मणजी साथ चलने का आग्रह करने लगे, तब प्रजातंत्र का अनन्यतम सूत्र प्रकट करते हुए प्रभु श्रीराम कहते हैं - हे भाई! तुम यहीं अयोध्या में रहो और सबका परितोष करो, अन्यथा बहुत दोष लगेगा। जिसके राज्य में प्यारी प्रजा दुःखी रहती है, वह राजा अवश्य ही नरक का अधिकारी होता है। ऐसी नृप नीति होने के कारण ही उनके राज्य में सभी सुखी रहते थे।

कहा कि भगवान श्रीराम त्रेतायुग के युगपुरुष थे। सतयुग में धर्म चारों पैरों पर स्थिर रहता है, तो त्रेता में मात्र तीन पदों पर, किंतु तत्समय उनके रामराज्य में ऐसा विलक्षण काल आया, जो सतयुग से भी गुरुतर हो गया। निषादराज तथाकथित निम्न जाति के होने पर भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने उनके साथ जो सखा धर्म निभाया, यही प्रजातंत्र का भी मूल ध्येय है। प्रभु श्रीराम उनको कहते हैं- हे प्रिय मित्र! तुम भरत तुल्य मेरे भ्राता हो। अयोध्या में आते-जाते रहना। श्रीराम के गुणों से माता कैकेयी भी अभिभूत थीं। दासी मंथरा ने मां को उकसाने की बहुत चेष्टा की, किंतु माता कैकेयी ने श्रीराम के बारे में जो कहा वह अविस्मरणीय रहेगा। 'राम धर्म के ज्ञाता, गुणवान, जितेंद्रिय, कृतज्ञ, सत्यवादी और पवित्र होने के साथ-साथ महाराज के ज्येष्ठ पुत्र हैं, अतः युवराज होने के योग्य वे ही हैं। वे दीर्घजीवी होकर अपने भ्राताओं और भृत्यों का पिता के सदृश पालन करेंगे। उनके अभिषेक से तू इतना क्यों जल-भुन रही है? मेरे लिए तो जैसी भरत के लिए मान्यता है, वैसी ही बल्कि उससे भी अधिक राम के लिए है, क्योंकि वे कौशल्या से भी बढ़कर मेरी सेवा-सुश्रूषा करते हैं...।' कथावाचकों में प्रमुख रूप से जगद्गुरु अयोध्यानाथ, मारुति किंकर, वैकुंठ नाथ, मुक्तिनाथ, चतुर्भुजाचार्य आदि ने भी प्रवचन किया।

'छल-छद्म, पाखंड से बड़ा आदमी बनने वाला बहुत दिनों तक टिक नहीं पाता'

नवीन मेल संवाददाता।
श्री बंशीधर नगर

श्री बंशीधर नगर प्रखंड के पाल्हे जतपुरा गांव में शनिवार को श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के समापन के अवसर पर भागवत कथा के दौरान लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि परमात्मा ही सारे अवतारों के कर्ता हैं। जब-जब पृथ्वी पर उनकी आवश्यकता होती है तब तब अवतरित होते हैं। महाप्रलय के समय एकमात्र परमात्मा ही धरती पर विराजमान रहते हैं। परमात्मा वस्तुतः अवतार नहीं अवतारी हैं। समस्त अवतार परमात्मा (नारायण) से ही निःसृत होते हैं। सभी अवतार परमात्मा के ही रूप हैं। वह परमात्मा से अभिन्न हैं। सूत-शौनक संवाद की चर्चा करते हुए कहा कि धान का एक बीज बोने से सैकड़ो दाने आ जाते हैं। बीज रूप में बोया गया धान का मूल अलग है और उससे प्राप्त दान का स्वरूप अलग है। इस तरह परमात्मा मूल से ही अनेक रूपों में अवतार लेते हैं। परमात्मा के अनेक अवतारों को आश्चर्य नहीं मानना चाहिए। स्वामी ने कहा कि परमात्मा के अनंत अवतार हैं। इनमें 1000 विशेष हैं। उनमें 108 प्रसिद्ध हैं, जिनमें 24 अवतार प्रमुख हैं, इनमें से चार अवतारों की विशेष प्रसिद्ध है। इन चार अवतारों में भी दो बहु चर्चित हैं। इनमें से भी एक अवतार को सर्वाधिक प्रमुख माना गया है, जो कृष्णावतार हैं।

स्वामी जी ने कहा कि चारों युगों की अवधि अलग-अलग है। कलयुग का काल 4,32,000 वर्ष, द्वापर का 8,64,000 वर्ष, त्रेता का 12,96,000 वर्ष और सतयुग का 17,28,000 वर्ष है। स्वामी ने कहा कि छल-छद्म और पाखंड से बड़ा आदमी बनने वाला बहुत दिनों तक टिक नहीं पाता। क्योंकि उसकी बुनियाद कमजोर होती है। वह हमेशा निडर होने का दिखावा करता है, लेकिन भीतर से काफी कमजोर होता है।

गागर में सागर

भवनाथपुर बीडीओ को मिला केतार प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार

केतार। उपायुक्त शेखर जमुवार ने भवनाथपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद जी राम को केतार बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। उपायुक्त ने भवनाथपुर बीडीओ को केतार बीडीओ के साथ- साथ, अंचलाधिकारी केतार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी केतार का भी प्रभार सौंपा है। उल्लेखनीय है कि केतार प्रखंड के बीडीओ मुकेश मछुआ की पदस्थापना अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर (पश्चिम सिंहभूम) के पद पर होने के कारण केतार में बीडीओ का पद रिक्त हो गया था। इससे भूमि संबंधी कार्य और प्रखंड में संचालित विकास योजनाएं प्रभावित हो रही थीं।

रमना उपडाकघर सुविधायुक्त गुलरही बांध के पास नये भवन में स्थानांतरित

रमना। उपडाकघर रमना अपने पुराने भवन से स्थानंतरित होकर गुलरही बांध के पास स्थित वीरेंदर प्रसाद के भवन में संचालित हो रहा है। इस बात की जानकारी देते हुए उपडाकपाल रामु कुमार गुप्ता ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक के बगल वाली गली अमवाटीकर में संचालित उपडाकघर भवन काफी छोटा था, जिसमें डाककर्मी और उपभोक्ताओं के लिए स्थान नहीं था। कमरे में डाक का सामान और कर्मियों के बैठने के लिए जगह पर्याप्त नहीं थी। इससे कार्य करने में कठिनाई होती थी। नये भवन में उपडाकघर स्थानांतरित होने से सभी कर्मियों के लिए अलग-अलग काउंटर हो गया है, जिससे ग्राहकों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। 25 वर्ष बाद सुव्यवस्थित भवन मिलने से एक अलग ही ऊर्जा की अनुभूति है।

नौ दिवसीय रामलीला का हुआ शुभारंभ

चिनिया। प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रणपुरा में दशहरा पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो जाने के बाद बाहर से बुलाए गए कलाकारों द्वारा 9 दिवसीय भव्य रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ शुक्रवार की देर शाम पंचायत के कई गणमान्य लोग व जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। मौके पर मौजूद झामुमो पंचायत अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह ने भगवान श्री राम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें रामचरित्र मानस के पात्र और चरित्र को अपने जीवन में उतारना होगा, तभी हमारा जीवन सफल हो सकता है। भगवान राम आज्ञाकारी बेटे, मां सीता पतिव्रता पत्नी, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, भरत एक आज्ञाकारी भाई होने का संदेश देते हैं। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुगनी देवी, दयानंद राम, मधुसूदन सिंह, रमेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

कुल 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का विशाल समूह पहुंचा यज्ञ स्थल, अंतिम दिन घी व खीर की आहुति

ऐतिहासिक लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समापन

नवीन मेल संवाददाता।
श्री बंशीधर नगर

प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा में आयोजित ऐतिहासिक लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समापन शनिवार को हो गया। विगत 23 अक्टूबर को भव्य कलश यात्र के साथ शुरू हुए महायज्ञ में 30 लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हुये। शनिवार को घी और खीर की आहुति दी गयी, जिसके पश्चात यज्ञ संपन्न हो गया। यज्ञ महान संत जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ था। उधर, अंतिम दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं का विशाल समूह यज्ञ स्थल पहुंचा और जीयर स्वामी का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने बताया कि श्री बंशीधर नगर की पवित्र भूमि पर इस तरह का आयोजन अपने आप एक अलौकिक अनुभूति देने वाला रहा। एक साथ देशभर के साधु-संतों का दर्शन बहुत ही सौभाग्य की बात है। यज्ञ के अंतिम दिन यज्ञ में शामिल होने देश के हर क्षेत्र से लोग पहुंचे थे। अहले सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों की भीड़ परिक्रमा करने उमड़ पड़ी थी। व्यवस्था बनाये रखने में वोलेंटियर और पुलिस बल के जवानों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पार्किंग के लिए बनाए गये शहर के सभी एरिया गाड़ियों से पटा था। भवनाथपुर मोड से ही श्रद्धालुओं का तांता यज्ञ स्थल तक लगा था। पुलिस द्वारा जगह-जगह बैरिकेटिंग कर गाड़ियों को सही जगह लगाने के लिए निर्देशित किया जा रहा था।

संगीत संध्या में भोजपुरी कलाकारों ने दी प्रस्तुति

यज्ञ स्थल पर शुक्रवार की शाम धर्म सम्मेलन के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में भोजपुरी के दिग्गज कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। भोजपुरी के दिग्गज कलाकार भरत शर्मा व्यास, रितेश पांडेय, अंकुश राजा और गोपाल राय ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से लोगों को झूमने पर मजबूर किया। भरत शर्मा व्यास ने मोह माया छोड़ के अपन जीयर स्वामी जी होईल त्रिदंडी स्वामी के चेला के साथ कई भजन प्रस्तुत किये। अंकुश राजा ने सत्य सनातन धर्म के रक्षक कलयुग के भगवान जीयर स्वामी के साथ भगवान राम के जीवन चरित्र पर आधारित भजन गाया। गोपाल राय ने नाई देखली देवी देवता, नाहीं कोई भगवान, हो रउरे में देखली जीयर स्वामी जी श्याम हो के अलावे कवने विरिक्षिया के ए चिरई, खोतवा लगैलु गाकर दर्शकों को खूब झुमाया। रितेश पांडेय ने जगतगुरु जीयर स्वामी जी नाम अमृत का प्याला है, जीयर स्वामी जी की महिमा सुनो के अलावे कई भजन प्रस्तुत किया। भोजपुरी के इन दिग्गज कलाकारों को एक साथ देखने सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ देर रात तक पंडाल में जमी रही।

जो हमें अच्छी बात सिखाए वही सनातन धर्म है : जीयर स्वामी

अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन : रामानुजीय परंपरा का सिद्धांत प्रत्येक मानव के लिए अनुकरणीय : स्वामी हरिप्रकाश

नवीन मेल संवाददाता।
श्री बंशीधर नगर

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में जीयर स्वामी महाराज की ओर से कराए जा रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन यज्ञ स्थल पर अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें देश के महान धमार्चार्य उपस्थित रहे। धर्म सम्मेलन में जीयर स्वामी ने कहा कि श्रीरामानुजार्य स्वामी की सहस्राब्दी स्मृति महोत्सव के उपलक्ष्य में यह धर्म सम्मेलन आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि जो हमें अच्छी बात सिखाये वो सनातन धर्म है। सनातन धर्म हमें जीवन को उदात्त बनाने की हर बात सिखाता है। हम श्रेष्ठ मनुष्य बनकर आत्म कल्याण व समाज का कल्याण कर सके उसी के लिये ये धर्मायोजन है।

इससे पहले तमिलनाडु के कांची से पधारे स्वामी श्रीश्रीनिवासाचार्य श्रीगादी स्वामी ने दीप प्रज्वलन कर धर्म सम्मेलन का शुभारंभ किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि श्रीरामानुजाचार्य स्वामी भक्ति आंदोलन के श्रेष्ठ आचार्य हुये, जिन्होंने विशिष्टाद्वैत जैसा सिद्धांत मानव मात्र के कल्याण के लिये बताया। मानव मात्र ईश्वर को प्राप्त करने का अधिकारी है। मानव-मानव में कोई भेद नहीं है। सब ईश्वर की संतान हैं और हर कोई ईश्वर को पाने का अधिकारी है। ईश्वर को पाने का सबसे सरल मार्ग भक्ति मार्ग है और उसी का प्रचार प्रसार जीयर स्वामी कर रहे हैं। तमिलनाडु से ही पधारे स्वामी अनंताचार्य बालक स्वामी ने कहा कि सेवा को अपनाकर सहज ही मोक्ष का भाजन हुआ जा सकता है। स्वामी हरिप्रकाश जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के बिना शांति नहीं मिलती, प्रेम और भक्ति की बात सनातन धर्म ने सिखाया है। रामानुजीय परंपरा का सिद्धांत प्रत्येक मानव के लिए अनुकरणीय है। स्वामी स्वरूपदास महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के संपोषक रामानुज ने जो प्रपत्ति का मार्ग बताया वो ईश्वर को पाने का सबसे सरलतम मार्ग है।

'जिसे हम धारण करते हैं उसे ही धर्म कहते हैं'

वहीं इस्कॉन मंदिर कोलकाता से आये श्रीसुभग बलरामदास ने कहा कि श्रीसंप्रदाय में जो सेवा भाव है वो हर किसी को सीखना चाहिये। भक्तजन सेवा मात्र अपना कर के ईश्वर के प्रिय हो सकते हैं। अयोध्या से आये जगद्गुरु रामानुजार्य रत्नेश प्रपन्नाचार्य ने कहा कि जिसे हम धारण करते हैं वो धर्म है। जैसे- जल से शीतलता को, अग्नि से उष्णता को, कोई अलग नहीं कर सकता वैसे भारत से कोई सनातन धर्म को अलग नहीं कर सकता। काशी से आये जगद्गुरु रामानुजाचार्य डॉ पुण्डरीक शास्त्री ने कहा कि विशिष्टाद्वैत संप्रदाय के सिद्धांत को प्रत्येक मानव को आत्मसात करना चाहिये। काशी से आये जगद्गुरु मारुति किंकर महाराज ने कहा कि भारत का अर्थ है, जहां के लोग ब्रह्म विद्या में रत रहते हों। भारत से धर्म को निकाल दिया जाये तो भारत प्राण रहित हो जायेगा। सोनपुर, बिहार से पधारे जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी लक्ष्मणाचार्य ने कहा कि धर्म की रक्षा यदि हम करते हैं तो धर्म हमारी रक्षा करता है। धर्म न हो तो हम पशुतुल्य हो जायेंगे। अयोध्या से पधारे जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्याम नारायणाचार्य ने कहा कि मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव जैसे उपदेशों को जीवन में अपनाना आवश्यक है। धर्म हमें संस्कार सिखाता है। अयोध्या से पधारे जगद्गुरु सूर्यनारायणाचार्य महाराज ने कहा कि समाज धर्म के बिना अनियंत्रित हो जाता है। धर्म जीवन को अनुशासित करता है। इसलिये धर्म संसद का आयोजन हमेशा होते रहना चाहिये।

मध्यप्रदेश से शशिधराचार्य ने कहा की मानव धर्म ही सनातन धर्म है। हर जीव वैष्णव है क्योंकि हर कोई विष्णु का है। पूर्व डीजीपी बिहार जगद्गुरु रामानुजाचार्य गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि आज दुनिया में हर जगह लड़ाई चल रही है। कहीं क्षेत्र को लेकर, कहीं धर्म को लेकर, कहीं मानव के किसी भेद को लेकर। सनातन धर्म हमें प्रेम सिखाता है। दुनिया यदि सनातन धर्म अपना लें तो दुनिया में शांति हो जायेगी। धर्म सम्मेलन में मुंबई से पधारे स्वामी नारायण संप्रदाय से भक्ति प्रकाश दास, कच्छ गुजरात से सत्य प्रकाश दास, जगतगुरु स्वामी श्रीअयोध्यानाथ, श्रीवैकुंठनाथ, श्रीचतुर्भुजाचार्य, श्रीमुक्तिनाथ, आरा से गिरिधर शास्त्री, श्रीउद्धव स्वामी, उदय नारायणाचार्य, वीरराघव महाराज, योगाचार्य, ब्रह्मदेवाचार्य, बलिया से कौशिक, वाराणसी से शिवपूजन शास्त्री, श्रीरामचंद्र बालव्यास, जगदीश तिवारी, शम्भू महाराज, भोजपुरिया बाबा ने भी धर्म सम्मेलन को संबोधित किया।

बैठक डीसी ने विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए निर्देश

लैंड पोजेशन सर्टिफिकेट ससमय करें निर्गत

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

उपायुक्त शेखर जमुआर ने भू अर्जन, राजस्व, आपूर्ति समेत अन्य विभाग से संबंधित कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक किया। बैठक में उपायुक्त ने भू अर्जन की समीक्षा करते हुए एनएच 75 को लेकर अधिग्रहित सेक्शन 4 एवं 5 में हुए मुआवजा भुगतान की जानकारी लिया।

जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि उक्त सेक्शन में मुआवजा भुगतान का कार्य जारी है। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी को लैंड पोजेशन सर्टिफिकेट समय पर निर्गत करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अनिवार्य रूप से अंचल के कर्मचारी एवं अमीन को स्पॉट पर जाकर एलपीसी निर्गत करने संबंधित कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं पेंडिंग जीएम लैंड जो ठल्लअक को हस्तांतरित करना है, इस संबंध में गढ़वा, मेराल, रमना एवं नगर उंटारी अंचल को निर्देशित किया गया। राजस्व की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने दाखिल खारिज के 30 एवं 90 दिनों से अधिक के लंबित मामलों की समीक्षा किया। उपायुक्त ने रमुना, भवनाथपुर, गढ़वा, भंडरिया समेत अन्य अंचलों में 30 एवं 90 दिनों से अधिक लंबित मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आवेदन को लंबित न रखे एवं निर्धारित समयसीमा के अंदर आवेदनों का निष्पादन करें। उपायुक्त ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करने को लेकर पंचायत स्तर पर व्यवस्था करने का निर्देश दिया। लैंड डेमोक्रेशन, वन पट्टा से जुड़े मामलों पर भी समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिए। जला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा जिले में राशन उठाव की वर्तमान स्थिति पूछी गई। शिकायतों पर कार्रवाई एवं निष्पादन से संबंधित प्रतिवेदन की जानकारी ली गई। शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया गया।

सीआईएसएफ में कार्यरत रुस्तम हवारी का निधन

रमना। पत्रकार सोहराब हवारी के पिता व सीआईएसएफ बीजापुर (सोनभद्र) में सीटीडब्ल्यूएम के पद पर कार्यरत रुस्तम हवारी (बैठा) का शुक्रवार को देर शाम बीजपुर औद्यौगिक परिसर स्थित बैरक में हृदयघात से निधन हो गया। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। रुस्तम शुक्रवार की रात्रि अपने बैरक में आराम कर रहे थे कि अचानक सीने में दर्द की शिकायत पर साथी जवानों द्वारा इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रुस्तम के निधन पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी, मुखिया दुलारी देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात आदि ने संवेदना व्यक्त की।

चिनिया : वोटर लिस्ट का हुआ प्रकाशन

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया

प्रखंड कार्यालय परिसर में स्विप कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने बताया कि प्रखंड के सभी मतदान केदों पर नए मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। अगर इस मतदाता सूची में किसी मतदाता का नाम, पता, फोटोग्राफ गलत है, या किसी अन्य तरह की गड़बड़ियां हैं तो वह इसकी सूचना अविलंब अपने मतदान केंद्र के बीएलओ को देकर इसे सुधरवा ले।

इसके साथ ही मतदाता वोटर हेल्पलाइन और एनवी एसपी पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन अपने त्रुटियों में सुधार कर सकते हैं। इस दौरान सुपरवाइजर व क्षेत्र के सभी बीएलओ का हौसला बढ़ाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की सफलता का सारा श्रेय बीएलओ एवं सुपरवाइजर को जाता है। इन्होंने डोर टू जाकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य किया। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने एवं शुद्धिकरण के लिए यह कार्यक्रम दिसंबर महीने की 9 तारीख तक चलेंगे, जिनका नाम मतदाता सूची से छूट गया है वह अपने नजदीक के बीएलओ के पास जाकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

मौके पर ईएलसी मास्टर ट्रेनर कमलेश कोरवा, बीएलओ सुपरवाइजर अनिकेश कुमार, प्रमुख सुनैना देवी, प्रखंड अंचल कर्मी ब्लॉक कर्मी मौजूद थे।

एक नजर इधर भी

प्याज ने दिखाया दम महंगाई का फोड़ा बम

भारत में नवरात्र के 9 दिन धूमधाम से चलने वाले इस महापर्व में ज्यादातर हिंदू परिवारों में इन दिनों में व्रत रखे जाते हैं और प्याज लहसुन आदि कुछ सब्जियों व वस्तुओं का सेवन नहीं किया जाता जिसके कारण इनके दाम कम हो जाते हैं या स्थिर रहते हैं, क्योंकि इनका इस्तेमाल नहीं होने से खपत बहुत कम हो जाती है, और प्याज की कीमतें अनेको दिनों तक कम ही रहती है, परंतु इस बार नवरात्रा समाप्त होने के दूसरे दिन ही प्याज की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के साथ ग्राफ बढ़ता जा रहा है। जब मैं नवरातत्रा समाप्ति के दूसरे दिन सब्जी मंडी में गया तो प्याज का भाव सुनकर स्तब्ध रह गया क्योंकि नवरात्रा के एक दिन पहले ही मैं 26 रुपए प्रति किलो के रेट से प्याज खरीदे थे, इस महंगाई का कारण मेरी समझ से परे है! सब्जी वाले से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस बार प्याज 100 रुपए प्रति किलोग्राम से अधिक तक जाने की संभावना है। हालांकि सरकार ने दिनांक 19 अगस्त 2023 को वित्त मंत्रालय राजस्व विभाग द्वारा अधिसूचना क्रमांक 47/2023 सीमाशुल्क जारी कर प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है जो तत्काल प्रभाव से 31 दिसंबर 2023 तक जारी रहेगा, क्योंकि एक जानकारी के अनुसार जनवरी : मार्च 2023 में प्याज का निर्यात 8.2 लाख टन रहा जबकि यही पिछली अवधि यानें जनवरी-मार्च 2022 में 3.8 लाख टन था। भारत में टमाटर और प्याज को स्वाद याने टेस्ट की चाबी माना जाता है जो भोजन रूपी दरवाजे और उसके स्वाद को प्याज टमाटर रूपी चाबी से खोला जाता है। यानें यह दोनों नहीं रहे तो मेरा मानना है कि अमीर से गरीब व्यक्ति तक को भोजन के स्वाद में कुछ ना कुछ कमीं महसूस करने को मिल जायेगी, इसका अनुभव घर के होम मिनिस्टर यानें महिलाओं को अधिक अनुभव होना लाजमी है, क्योंकि बिना प्याज टमाटर के सब्जी बनाना कितना मुश्किल होता है इनसे अधिक कोई नहीं जान सकता। क्योंकि यदि सब्जी में प्याज किसी को वर्जित है तो उसका अल्टरनेट टमाटर है और टमाटर का अल्टरनेट प्याज है, यदि दोनों ही नहीं हो तो स्वाद की चाबी गुम समझो ! चूंकि अभी प्याज एकाएक 60 -70 रुपए प्रति किलोग्राम हो गये हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी और मेरी ग्राउंड रिपोर्टिंग के आधार पर हम चर्चा करेंगे वाह प्याज ! अब आंसुओं के सरताज। साथियों बात अगर हम प्याज की महंगाई के क्रमिक रूप से बढ़ती भारी कीमतों को समझने की करें तो, टमाटर के बाद प्याज ने रुलाने की प्लानिंग शुरू कर दी है। बीते 15 दिनों में लासलगांव एपीएमसी में प्याज की थोक कीमतों में 58 फीसदी का इजाफा हो चुका है। खास बात तो ये है पिछले हफ्ते ही प्याज की कीमत में 18 फीसदी का इजाफा हुआ है। दिसंबर महीने तक प्याज के दाम में तेजी देखने को मिल सकती है। दो दिन पहले तक, लासलगांव मार्केट में में प्याज की औसत कीमत 38 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो दो सप्ताह पहले 24 रुपए प्रति किलोग्राम से 58 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले जुलाई और अगस्त के महीने में टमाटर की कीमत आसमान पर पहुंच गई थी। जिसकी वजह से आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। महंगाई की वजह से सरकार के माथे पर बल पड़ने शुरू हो गये थे। अब प्याज रुलाने की तैयारी कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमतें 25-50 फीसदी तक बढ़ गई हैं। फिलहाल प्याज 60-70 रुपये किलो बिक रहा है। बुधवार को दिल्ली के साथ-साथ महाराष्ट्र के कुछ बाजारों में अच्छी क्वालिटी वाले प्याज की उच्चतम कीमत 70 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। अहमदनगर में, 10 दिनों में प्याज की औसत कीमतें लगभग 35 रुपए प्रति किलो से बढ़कर 55 रुपए प्रति किलो हो गई हैं। इसी तरह, महाराष्ट्र के अधिकांश प्याज उत्पादक जिलों में प्याज की थोक कीमतें अब 45 से 48 रुपए प्रति किलोग्राम के बीच है।

■ किशन भावनानी गोंदिया

अमरत्व का संधान है देव भाषा संस्कृत

अंग्रेजी आग्रही लोगों के लिए शुभ सूचना नहीं है। लेकिन संस्कृत प्रेमी प्रसन्न हैं। लिथुआनिया यूरोप का विकसित और समृद्ध देश है। उत्तर-पूर्वी यूरोप में बाल्टिक सागर के किनारे स्थित यह देश संप्रति संस्कृत भाषा के आकर्षण में है। जर्मन विद्वान मैक्समूलर संस्कृत और ऋग्वेद पर मोहित थे ही। विलियम जोन्स भी संस्कृत प्रेमी थे। अब लिथुआनिया ने विश्वास प्रकट किया है कि इसकी भाषा और संस्कृति का जुड़ाव भारत की भाषा संस्कृत से है। लिथुआनिया में संस्कृत के विद्वान विटिस विदुनस भारत आये हैं। वे विल्नियस यूनिवर्सिटी के एशियन एवं बहुसांस्कृतिक अध्ययन विभाग में प्रतिष्ठित विद्वान हैं। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एक भाषण दिया है। उन्होंने भारत और लिथुआनिया में भाषाई समानता के तथ्य सामने रखे। लिथुआनिया आगे शोध करना चाहता है। कार्यक्रम में भारत लिथुआनिया की राजदूत डायना मिकेविसीन भी मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि संस्कृत, लिथुआनियाई भाषा की करीबी बहन है। उन्होंने जानकारी दी कि भारत में लिथुआनिया के दूतावास ने देशभर में दोनों भाषाओं के सम्बंधों की पहचान के लिए प्रयास प्रारम्भ किये हैं। उन्होंने बताया कि दोनों भाषाओं की समानताएं शब्दावली तक ही सीमित नहीं है। व्याकरण की संरचना में भी समानताएं हैं। भारत में ज्ञान, विज्ञान, अर्थशास्त्र, आयुर्वेद, धनुर्वेद, नाटक, संगीत, कला, योगदर्शन और अनुभूति की भाषा संस्कृत है। पाली प्राकृत और अपभ्रंश होते हुए हिन्दी का विकास हुआ। अनेक भाषा विज्ञानी विकास क्रम में भिन्न मत भी रखते हैं। लेकिन प्राकृत के वैयाकरण वररूचि ने लिखा है 'प्रकृतिः संस्कृंत/ तस्मादुदभूतं प्राकृतं।' संस्कृत प्रकृति है। प्राकृत उसी से प्रकट हुई है। भारतीय संस्कृति का विकास और कथन संस्कृत में हुआ था। हिन्दी ने उसे आगे बढ़ाया। संस्कृत को मृतभाषा कहने वाले मित्र दयनीय हैं। भाषा कभी नहीं मरती। उसे बोलने वाले ही भाषा प्राणतेज रहित होते हैं। हिन्दी संस्कृत की उत्तराधिकारी है। बेशक विदेशी सत्ता ने संस्कृति व संस्कृत को दुर्बल बनाया लेकिन संस्कृत को मिटाया नहीं जा सकता। संस्कृत अमरत्व का संधान है। यूरोपीय सभ्यता का केन्द्र ईसाईयत है। ईसाईयत का विरोध या ईसाईयत की निकटता दोनों परस्पर पूरक हैं। भारतीय सभ्यता सोच विचार और चिन्तन का केन्द्र वैदिक दर्शन है। वैचारिक विविधता तर्क प्रतितर्क और सतत शोध इस संस्कृति की प्रकृति है। संस्कृत हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में शोध और बोध की विरासत है। अंग्रेजी ऐसी अनुभूति नहीं देती। लेकिन भारत में अंग्रेजी की ठसक है। अनेक हिन्दी विद्वान भी अंग्रेजी को अंतरराष्ट्रीय भाषा मानते हैं। गांधी जी हिन्दी लिखने बोलने में कठिनाई अनुभव करते थे। उन्होंने समर्थकों से कहा था 'अंग्रेजी की कोई जरूरत नहीं। वायसराय से भी अपनी भाषा में बात करो।' बंकिम चन्द्र भारतीय भाषाओं के प्रेमी थे। उन्होंने लिखा, 'हम चाहे कितनी ही अंग्रेजी लिख पढ़ लें, अंग्रेजी हमारे लिए मरे हुए शेर की खाल ही सिद्ध होगी। हम उसे पहनकर सिंह गर्जना नहीं कर सकते।' अंग्रेजी ने हम सबके भीतर आत्महीन भाव पैदा किया है। अंग्रेजी संस्कारों के कारण ही हम वास्तविक इतिहास बोध से दूर हैं। स्वाधीनता संग्राम के समय अंग्रेजी प्रतीकों से भारत की टक्कर थी। संस्कृत और हिन्दी व अन्य भारतीय भाषाओं की समृद्धि समय का आह्वान है। संविधान सभा में पं. नेहरू ने भी स्वीकार किया था कि संस्कृत भारत ही नहीं एशिया के बड़े क्षेत्र में विद्वानों की भाषा थी। आज संस्कृत की स्थिति वैसी नहीं है। संस्कृतविद् प्रायः आधुनिकता की अपेक्षा से दूर है और आधुनिकता प्रेमी संस्कृत से। संस्कृत आधुनिक विज्ञान, तकनीकी, उद्यम और प्रबोधन की भाषा भी हो सकती है। प्राचीन भारत का सारा ज्ञान विज्ञान, हर्ष विषाद और प्रसाद प्रकट करने वाली भाषा आखिरकार आधुनिक जगत की लोकप्रिय भाषा क्यों नहीं हो सकती? चुनौती बड़ी है। संस्कृत जैसा पूर्ण अनुशासन किसी भी भाषा में नहीं है लेकिन संस्कृत कालवाह्य घोषित हो रही है। हम विशिष्ट संस्कृति के कारण ही विश्व के अद्वितीय राष्ट्र हैं। संस्कृति और संस्कृत परस्पर एक हैं। संस्कृत और संस्कृतिनिष्ठ नया वातावरण बन रहा है। यह प्रसन्नता का विषय है। भारत में संस्कृत ही प्रार्थना की भाषा है। विवाह और अन्य संस्कारों की भी। इसी तरह मुस्लिम मित्रों के यहां संस्कार आदि की भाषा अरबी है। रोमन कैथोलिक में लैटिन है। यहूदियों में हिब्रू है। आथोर्डाक्स ईसाई ग्रीक का प्रयोग करते हैं। भिन्न-भिन्न सभ्यताओं में प्रार्थना और संस्कार की भाषाएं भिन्न-भिन्न हैं। हरेक भाषा के संस्कार होते हैं। वैदिक भाषा के अपने संस्कार हैं। वैदिक समाज ने इसी भाषा को संवाद का माध्यम बनाया था। उन्होंने इसी भाषा माध्यम को समाज गठन का उपकरण भी बनाया। इसी भाषा से दैनिक जीवन के कामकाज भी किये और इसी भाषा के माध्यम से सूर्य, चन्द्र, नदी, पर्वत और वनस्पति आदि से भी संवाद बनाया। यज्ञ कर्मकाण्ड में भी इसी भाषा का प्रयोग होता। अभिनय कला भारत में ही विकसित हुई। भरत मुनि ने संस्कृत में उसे नाट्य शास्त्र बनाया। इसे नाट्यवेद की संज्ञा मिली। दर्शन भारत में देखा गया। द्रष्टा ऋषि कहे गये। 'अर्थशास्त्र' संस्कृत में ही उगा पहली बार। कौटिल्य 'अर्थशास्त्र' के प्रथम प्रवक्ता हैं। आयुर्विज्ञान भी संस्कृत में प्रकट हुआ। ज्ञान विज्ञान और कला कौशल सहित राष्ट्रजीवन के सभी अनुशासन संस्कृत में ही प्रवाहमान हुए। सामूहिक हुए। एक से अनेक हुए। अनेक से एक हुए। संस्कृत ने एक संस्कृति दी और एक संस्कृति ने एक राष्ट्र। भतृहरि ने 'शब्द और अर्थ के सभी संकल्पों और विकल्पों को व्यवहारजन्य ही बताया था। आस्था ही नहीं इहलौकिक कर्मो के संधान का उपकरण भी संस्कृत ही है। संधान जैसा शब्द दूसरी भाषा में नहीं है।

जर्मन विद्वान मैक्समूलर संस्कृत और ऋग्वेद पर मोहित थे ही। विलियम जोन्स भी संस्कृत प्रेमी थे। अब लिथुआनिया ने विश्वास प्रकट किया है कि इसकी भाषा और संस्कृति का जुड़ाव भारत की भाषा संस्कृत से है। लिथुआनिया में संस्कृत के विद्वान विटिस विदुनस भारत आये हैं। वे विल्नियस यूनिवर्सिटी के एशियन एवं बहुसांस्कृतिक अध्ययन विभाग में प्रतिष्ठित विद्वान हैं।

इन दिनों



हृदयनारायण दीक्षित

वैचारिक भाव-भूमि के प्रसंग

कई फोटो अपने में बड़ा भाव और संदेश देने वाले होते हैं। चित्रकूट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जगतगुरु रामभद्राचार्य की भेंट के चित्र ऐसे ही हैं। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी को श्रीराम मंदिर अयोध्या के लोकार्पण का आमंत्रण दिया गया। इसके बाद शुक्रवार को चित्रकूट में मोदी और रामभद्राचार्य की मुलाकात हुई। यह विलक्षण संयोग है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने में इन दोनों महानुभावों का योगदान उल्लेखनीय है। प्रधानमंत्री ने रामभद्राचार्य की तीन पुस्तकों का विमोचन भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चित्रकूट की पावन और पुण्य भूमि पर मुझे दोबारा आने का अवसर मिला है। यह अलौकिक क्षेत्र है। इसके बारे में हमारे संतों ने कहा है कि चित्रकूट सब दिन बसत प्रभु सिया लखन समेत अर्थात चित्रकूट में प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी के साथ नित्य निवास करते हैं। उन्होंने चित्रकूट में कांच मंदिर (श्री रघुवीर मंदिर) में दर्शन-पूजन किया। प्रधानमंत्री ने नये सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ किया। चित्रकूट में अरविंद भाई मफतलाल की सौवीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उन पर आधारित डाक टिकट जारी किया। रामभद्राचार्य ने श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर के संबंध में 400 से अधिक प्रमाण सुप्रीम कोर्ट को दिये थे। उन्होंने प्राचीन ग्रंथों के प्रामाणिक उद्धरण प्रस्तुत किये थे। रामभद्राचार्य ने दावे के साथ कहा था कि वाल्मीकि रामायण के बाल खंड के आठवें श्लोक से श्रीराम जन्म के बारे में जानकारी शुरू होती है। यह सटीक प्रमाण है। इसके बाद स्कंद पुराण में राम जन्म स्थान के बारे में बताया गया है। राम जन्म स्थान से तीन सौ धनुष की दूरी पर सरयू माता बह रही हैं। एक धनुष चार हाथ का होता है। आज भी यदि नापा जाय तो जन्म स्थान से सरयू नदी उतनी ही दूरी पर बहती दिखेंगी। अथर्व वेद के दशम कांड के इकतीसवें अनु वाक्य के द्वितीय मंत्र में स्पष्ट कहा गया है कि आठ चक्रों व नौ प्रमुख द्वार वाली श्री अयोध्या देवताओं की पुरी है। उसी अयोध्या में मंदिर महल है। उसमें परमात्मा स्वर्ग लोक से अवतरित हुए थे। ऋग्वेद के दशम मंडल में भी इसका प्रमाण है। तुलसी शतक में कहा गया है कि बाबर के सेनापति व दुष्ट यवनों ने राम जन्मभूमि के मंदिर को तोड़कर मस्जिद का ढांचा बनाया और बहुत से हिंदुओं को मार डाला। तुलसीदास ने तुलसी शतक में इस पर दुख भी प्रकट किया है। मंदिर तोड़े जाने के बाद भी हिंदू साधु रामलला की सेवा करते थे। इस पूरे प्रसंग से रामभद्राचार्य जी की विलक्षण प्रतिभा का अनुमान लगाया जा सकता है। उनका अध्ययन अद्भुत है। जिस शिशु की दो माह बाद ही नेत्र ज्योति चली जाए, उसके लिए जीवन अंधकारमय हो जाता है। लेकिन ऐसे अनेक विलक्षण लोग हैं, जिन्होंने इस अभाव को बाधक नहीं बनने दिया। प्रबल इच्छाशक्ति के साथ उन्होंने अभाव को प्रभाव में बदल दिया। आंखें न होने के बाबजूद अपना जीवन प्रकाशित किया, साथ में समाज को भी रोशनी दिखाई। रामभद्राचार्य ऐसी ही विभूति हैं। नेत्र ज्योति चली जाने से उनके परिवार में चिंता व निराशा थी। शिशु के भविष्य को लेकर बड़ी आशंका थी। तब किसी ने यह कल्पना नहीं की होगी कि एक दिन यह बालक समाज को मार्ग दिखायेगा। श्रीराम भूमि पर उनके तर्क अकाट्य थे। सभी लोग उनके अध्ययन व ज्ञान को देखकर हतप्रभ थे। भारतीय दर्शन व प्रज्ञा का चमत्कार प्रभावित करने वाला था। ज्ञानचक्षु जीवन आलोकित हो जाता है। इसे प्रत्यक्ष देखा जा रहा था। अति विशाल भारतीय वैदिक वांग्मय के अलावा अन्य सभी ग्रन्थों की पृष्ठ संख्या तक उनकी स्मृति में थी। उन्होंने इस विलक्षण ज्ञान को अपने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि समाज का भी वह अनवरत मार्गदर्शन कर रहे हैं। विद्या का सतत दान कर रहे हैं। वह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति है। इस रूप में वह विद्यार्थियों को शिक्षित करते हैं। वह प्रभावी व ज्ञानवर्धक रामकथा के वाचक हैं। इस रूप में समाज को प्रभु राम की मर्यादा का संदेश देते हैं। वह तुलसीपीठ के संस्थापक और पीठाधीश्वर हैं। चित्रकूट स्थित इस संस्थान के माध्यम से केवल धार्मिक ही नहीं, सामाजिक सेवा के कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। वह चित्रकूट में जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति हैं। यह तब है जब अभाव के कारण सत्रह वर्ष की उम्र तक उनको औपचारिक शिक्षा का अवसर नहीं मिला था। उन्होंने कभी भी ब्रेल लिपि का उपयोग नहीं किया। सत्रह वर्ष की उम्र में ही उनके अनेक ग्रन्थ कंठस्थ हो गये थे। उनका बाईस भाषाओं पर अधिकार है। अभी तक 100 से अधिक पुस्तकें लिख चुके हैं।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने में इन दोनों महानुभावों का योगदान उल्लेखनीय है। प्रधानमंत्री ने रामभद्राचार्य की तीन पुस्तकों का विमोचन भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चित्रकूट की पावन और पुण्य भूमि पर मुझे दोबारा आने का अवसर मिला है। यह अलौकिक क्षेत्र है।

■ डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

है न विचित्र बात !

डॉक्टरों पर हमला करने वालों को भेजो जेल

पिछले दिनों राजधानी में सैकड़ों डॉक्टर राजघाट पर एकत्र हुए। ये वही डॉक्टर हैं, जो जानलेवा कोरोना की दूसरी लहर के समय भगवान के दूत बनकर रोगियों का इलाज कर रहे थे। लेकिन, अब ये डरे-सहमे हुए हैं। इनके डर की वजह यह है कि इन पर होने वाले हमलों और दुर्व्यवहार के मामलों की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है। केन्द्र सरकार से यह मांग कर रहे हैं कि वो तुरंत ही कोई सख्त कानून लेकर आये ताकि डॉक्टर बिना किसी भय भाव के काम सकें। फिलहाल तो डॉक्टरों पर हमले लगातार बढ़ते ही चले जा रहे हैं। आप स्वयं गूगल करके देख लें। आपको डॉक्टरों पर हमलों के अनगिनत मामले मिलेंगे। बेशक, डाक्टरों के साथ बदतमीजी या मारपीट करना किसी भी सभ्य समाज में सही नहीं माना जा सकता। इसकी भरपूर निंदा तो होनी ही चाहिए और जो इस तरह की अक्षम्य हरकतें करते हैं, उन्हें कठोर दंड भी मिलना चाहिए। बेशक, देशभर में हजारों-लाखों निष्ठावान डॉक्टर हैं। वे रोगी का पूरे मन से इलाज करके उन्हें स्वस्थ करते हैं। आपको पटना से लेकर लखनऊ और दिल्ली से मुंबई समेत देश के हरेक शहर और गांव में सुबह से देर रात तक कड़ी मेहनत करते हुए हजारों डॉक्टर बंधु मिल जायेंगे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल भी राजघाट तक के मार्च में शामिल थे। उनकी मांग है कि डॉक्टरों पर हमले करने वालों पर पांच लाख रुपये तक का जुर्माना और तीन साल तक की कैद हो। ये सारे कदम इसलिए उठाये जाने की जरूरत है ताकि डॉक्टरों पर हमले करने के बारे में कोई सपने में भी न सोचे। ड़ॉ. विनय अग्रावल कोरोना काल में किसी फरिश्ते की तरह कोरोना की चपेट में आये लोगों को अस्पताल में बेड दिलवा रहे थे। यह उन दिनों की बातें हैं जब कोरोना के रोगियों के संबंधी अस्पतालों में बेड तलाश रहे थे। निश्चय ही उस डरावने दौर को याद करते ही दिल बैठने लगता है जब कोरोना के कारण प्रलय वाली स्थिति बन गई थी। तब कोरोना के रोगियों के इलाज करने के लिए सिर्फ डॉक्टर और उनका स्टाफ ही सामने आ रहे थे। उस भयानक दौर में डॉ. विनय अग्रवाल और उनके साथी डॉक्टर दिन-रात रोगियों का इलाज कर रहे थे। उन्होंने उस दौरान सैकड़ों कोरोना रोगियों के लिए बेड की व्यवस्था करवाई थी। आज वे ही डॉक्टर अपनी जान की रक्षा करने के लिए सरकार से गुजारिश कर रहे हैं। यह वास्तव में बेहद दुखद स्थिति है। आप कभी राजधानी में देश के चोटी के डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल यानी आरएमएल में जाइये। वहां की इमरजेंसी सेवाओं में हर समय करीब एक दर्जन बलिष्ठ भुजाओं वाले बाउंसर तैनात मिलते हैं। यहां पर मरीजों के दोस्तों और रिश्तेदारों के डॉक्टरों के साथ कई बार हाथापाई करने के बाद अस्पताल मैनेजमेंट ने बाउंसरों को तैनात कर दिया है। जब से यहां पर बाउंसर रहने लगे हैं तब से अस्पताल में शांति है। वरना तो लगातार डॉक्टरों के साथ बदसलूकी और मारपीट के मामले सामने आते थे। कई बार डॉक्टरों को इलाज में कथित देरी या किसी अन्य कारण के चलते कुछ सिरफिरे लोग मारने-पीटने भी लगते थे। यहां पर कुछ महिला बाउंसर भी हैं। याद रख लें कि अगर डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भी डॉक्टर सुरक्षित नहीं हैं तो फिर बाकी जगहों की बात करना बेकार है। इस अस्पताल में सरकारी बाबुओं से लेकर देश के सांसदों और मंत्रियों तक का इलाज होता है। कोरोना काल में यहां के डॉक्टरों ने अनगिनत लोगों की जान बचाई थी। राजधानी के ही लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल ने भी अपने डॉक्टरों को बचाने के लिए बाउंसर रख दिये हैं।

■ आर.के. सिन्हा

बन्दूक-संस्कृति से दागदार होती अमेरिका की छवि

दुनिया में स्वयं को सभ्य एवं स्वयंभू मानने वाले अमरीका में बढ़ रही 'बंदूक संस्कृति' के साथ-साथ लोगों में बढ़ रही असहिष्णुता, हिंसक मनोवृत्ति और आसानी से हथियारों की सहज उपलब्धता का दुष्परिणाम बार-बार होने वाली दुखद घटनाओं के रूप में सामने आना चिन्ताजनक है। अमेरिका में एक हत्यारे ने गोलियां बरसाकर करीब 21 लोगों को मौत की नींद सुला दिया और कई को जख्मी कर दिया है। तीन स्थानों पर गोलीबारी करने के बाद हत्यारा घटनास्थल से भागने में सफल हुआ है। आश्चर्यकारी है कि दुनिया की सबसे दुरस्त एवं सक्षम अमेरिकी पुलिस एक हत्यारे को पकड़ने में इतनी लाचार हो गई कि उसे सहयोग के लिए आम लोगों से अपील करनी पड़ी। हिंसा की बोली बोलने वाला, हिंसा की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में हथियारों की आंधी लाने वाला अमेरिका अब खुद हिंसा का शिकार हो रहा है। अमेरिका की आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही रही है कि यहां हिंसा इतनी सहज बन गयी है कि हर बात का जवाब सिर्फ हिंसा की भाषा में ही दिया जाने लगा। वहां हिंसा का परिवेश इतना मजबूत हो गया है कि वहां की बन्दूक-संस्कृति से वहां के लोग अपने ही घर में बहुत असुरक्षित हो गये थे। अमेरिका को अपनी बिगड़ती छवि के प्रति सजग होना चाहिए क्योंकि यह एक बदनुमा दाग है जो उसकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि को आघात लगा रहा है। दुनिया में बंदूक की संस्कृति को बल देने वाले अमेरिका के लिये अब यह खुद के लिये एक बड़ी समस्या बन चुकी हैं। अमेरिका घृणा, अपराध, हिंसा और बंदूक संस्कृति के गढ़ के रूप में पहचान बना रहा है। किसी सिख या किसी मुस्लिम बच्चे की हत्या हो या किसी अश्वेत पर बर्बरता, अमेरिका की स्थिति लगातार निंदनीय, डरावनी एवं असंतुलित होती जा रही है। कोई भी सामान्य सा दिखने वाला आदमी हथियार लेकर आता है और अनेक लोगों की जान ले लेता है। नवीनतम घटना 25 अक्तूबर को देर रात 'एंड्रोस्कोगिन काऊंटी' के अंतर्गत पडने वाले लेविस्टन में हुई, इस हादसे का सबसे खराब पहलू यह है कि अनेक लोग भगदड़ की वजह से घायल हुए तो अनेक हत्यारे की गोलियों से गहरी नींद सो गये हैं। नरसंहार के कथित आरोपी 40 वर्षीय रॉबर्ट कार्ड को पुलिस ने हथियारबंद और खतरनाक व्यक्ति माना है, पर सवाल है कि क्या वह रातों-रात हत्यारा एवं हिंसक हुआ है? हत्यारा रॉबर्ट कार्ड अमेरिकी सेना से जुड़ा रहा है और आग्नेयास्त्र प्रशिक्षक है। मानसिक अस्वस्थता एवं मनो विकारों से ग्रस्त हत्यारे के खिलाफ अनेक शिकायतें पहले भी मिल चुकी थी, प्रश्न है कि उन्हें क्यों नहीं गंभीरता से लिया गया। अमेरिका में आये दिन ऐसी खबरें आती रही कि किसी सिरफिरे ने अपनी बंदूक से कहीं स्कूल में तो कभी बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उसमें नाहक ही लोग मारे गये। अब तो अमेरिकी बच्चों के हाथों में भी बन्दूकें हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण वहां आम लोगों के लिए हर तरह के बंदूकों की सहज उपलब्धता है और इन बन्दूकों का उपयोग मामूली बातों और उन्मादग्रस्त होने पर अंधाधुंध गोलीबारी में होता रहा है, जो गहरी चिन्ता का कारण बनता रहा। आम जन-जीवन में किसी सिरफिरे व्यक्ति की सनक से किसी बड़ी अनहोनी का अन्देशा हमेशा वहां बना रहता है, वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। दरअसल, अमेरिका अपने यहां नफरत, मानसिक असंतुलन, विद्रोह एवं असंतोष रोकने के अभियान में नाकाम हो रहा है। एफबीआई की वार्षिक अपराध रिपोर्ट रेखांकित करती है कि बंदूक संस्कृति एवं इससे जुड़ी हिंसा बहुत व्यापक हो गई है। पिछले साल अमेरिका में लगभग पांच लाख हिंसक अपराधों में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। वर्ष 2020 में बंदूक संस्कृति अमेरिकी बच्चों की मौत का मुख्य कारण बन गई और 2022 में हालात और बदतर हो गये। जान गंवाने वाले बच्चों की संख्या 12 प्रतिशत बढ़ गई। इन हालातों में अमेरिका किस तरह दुनिया का आदर्श बन सकता है। जबकि दुनिया अमेरिकी संस्कृति का अनुसरण करती है, वहीं अमेरिका तमाम देशों की सामाजिक व मानवाधिकार रिपोर्ट जारी करता है। अमेरिका अगर अपनी कथनी-करनी का भेद मिटाने की ओर बढ़े, तो उसके साथ-साथ दुनिया को ज्यादा फायदा होगा। राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार अमरीका में 'बंदूक संस्कृति' बढ़ाने में वहां की नकारात्मक राजनीति की बड़ी भूमिका है। आम जनता तो हथियारों पर अंकुश लगाने के पक्ष में है परंतु अपने निहित स्वार्थों के कारण अमरीका में हथियारों को बढ़ावा देने वाली वहां की सशक्त हथियार लॉबी और राजनीति से जुड़े लोग इस पर अंकुश नहीं लगने देते। जब भी बंदूक संस्कृति पर नियंत्रण करने की बात उठती है तो हथियार रखने के संवैधानिक अधिकार की कट्टर समर्थक मानी जाने वाली 'रिपब्लिकन पार्टी' के नेता और उनके समर्थक इसके विरोध में उतर आते हैं जिनके सामने डैमोक्रेटिक पार्टी बेबस होकर रह जाती है। पिछले साल जून में भारी तादाद में लोगों ने सड़कों पर उतर कर बंदूकों की खरीद-बिक्री से संबंधित कानून को बदलने की मांग की। जरूरत इस बात की है कि इस समस्या के पीड़ितों को राहत देने के साथ-साथ बंदूकों के खरीददार से लेकर इसके निर्माताओं और बेचने वालों पर भी सख्त कानून के दायरे में लाया जाय। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गये। खुद सरकार की ओर से कराये गये एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि अमेरिका में सत्रह साल से कम उम्र के करीब तेरह सौ बच्चे हर साल बंदूक से घायल होते हैं। अमेरिकी प्रशासन को 'बंदूक संस्कृति' ही नहीं बल्कि हथियार संस्कृति पर भी अंकुश लगाना होगा, अब तो दुनिया को जीने लायक बनाने में उसे अपनी मानसिकता को बदलना होगा। किसी भी संवेदनशील समाज को इस स्थिति को एक गंभीर समस्या के रूप में देखना-समझना चाहिए।

अमेरिका में एक हत्यारे ने गोलियां बरसाकर करीब 21 लोगों को मौत की नींद सुला दिया और कई को जख्मी कर दिया है। तीन स्थानों पर गोलीबारी करने के बाद हत्यारा घटनास्थल से भागने में सफल हुआ है। आश्चर्यकारी है कि दुनिया की सबसे दुरस्त एवं सक्षम अमेरिकी पुलिस एक हत्यारे को पकड़ने में इतनी लाचार हो गई कि उसे सहयोग के लिए आम लोगों से अपील करनी पड़ी। हिंसा की बोली बोलने वाला, हिंसा की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में हथियारों की आंधी लाने वाला अमेरिका अब खुद हिंसा का शिकार हो रहा है।

■ ललित गर्ग

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

गागर में सागर

भूतपूर्व सांसद शहाबुद्दीन के बेटे की मोतिहारी कोर्ट में पेशी एक नवंबर को

पटना। भूतपूर्व सांसद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। दिवंगत सांसद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा पर सिवान जेल में प्रोटेक्शन वारंट पहुंच गया है। उन्हें मोतिहारी कोर्ट ने एक नवम्बर को उपस्थित होने का आदेश दिया है। मोतिहारी के ज्ञानबाबू चौक स्थित रानीकोठी में फायरिंग और तोड़फोड़ मामले में मोतिहारी कोर्ट से प्रोटेक्शन वारंट निर्गत हुआ है। नगर थाना कांड के अनुसंधान कर्ता ने प्रोटेक्शन वारंट को सेंट्रल जेल के अधीक्षक को प्राप्त करा दिया है। प्रोटेक्शन वारंट को मोतिहारी जेल से सिवान कारा को उपलब्ध करा दिया गया है।
ओसामा अभी सिवान जेल में बंद है। सिवान के मामले में यदि जमानत मिल भी जाता है तो वह बाहर नहीं निकल पाएंगे। इसके बाद उन्हें मोतिहारी सेंट्रल जेल लाया जाएगा। मोतिहारी कोर्ट ने एक नवम्बर को पेश होने का आदेश जारी किया है ।
दिवंगत बाहुबली सांसद के पुत्र ओसामा को राजस्थान के कोटा पुलिस ने तब गिरफ्तार किया था जब वह दो दोस्तों के साथ गोवा जा रहे थे। ओसामा शहाब और उसके दोस्त सैफ और वसीम को संदिग्ध पाया गया, जिसके बाद राजस्थान के रामगंज मंडी इलाके में एक पुलिस चेक पोस्ट से उन्हें पहले हिरासत में लिया गया। वहां उसे बेल पर रिहा करने का आदेश हुआ तो एक मामले में सिवान पुलिस ने कोटा से हिरासत में लेकर आयी थी।
इससे पहले ओसामा पर मोतिहारी में भूमि विवाद में रंगदारी मांगने को लेकर फायरिंग करने का भी आरोप लगा था। ओसामा के खिलाफ पुलिस ने इस मामले में एफआईआर भी दर्ज की थी। ओसामा पर आरोप लगा था कि मोतिहारी शहर के ज्ञानबाबू चौक पर 19 रानी कोठी भूमि विवाद को लेकर दो भाइयों में विवाद होने पर उसने गोली चलाई थी। इस मामले में एक पक्ष की तरफ से ओसामा पर कार्बाइन से फायरिंग और जेसीबी से दीवार तोड़ने के आरोप लगे थे।

डोडा चूरा के तस्करों को दस-दस वर्ष का सश्रम कारावास व 1-1 लाख का जुर्माना

मंदसौर। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपीगण धर्मेन्द्रसिंह पुत्र रोडसिंह सोनगरा (32) राणाखेडा थाना अफजलपुर जिला मंदसौर लालसिंह पुत्र सामंतसिंह राठौर उम्र 50 साल नि0ग्रा0 साखतली थाना सीतामउ जिला मंदसौर राजेन्द्र उर्फ राजू पुत्र बालूराम निनामा उम्र 22 साल नि0ग्रा0 लसुडियाईला थाना भावगढ जिला मंदसौर को डोडाचूरा तस्करी करने का दोषी पाते हुए 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास और 1-1 लाख रू अर्थदण्ड से दण्डित किया।
अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि 29 फरवरी 2016 को थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर प्रकोष्ठ मंदसौर में मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए उक्त आरोपियों के कब्जे से प्लास्टिक के कट्टो से 104 किलोग्राम डोडाचूरा मिला था।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पिता की मौत, पुत्र घायल

नवादा। नवादा जिले के कौआकोल-महुडर मुख्य पथ पर मधुरापुर पुरानी बथान के पास शनिवार को एक बाइक और ई-रिक्शा की सीधी टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई। वहीं मृतक के साथ बाइक पर सवार रहे उनका 8 वर्षीय पुत्र भी घायल हो गया। जबकि ई रिक्शा पर सवार तीन अन्य लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से नवादा जिले के कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां सभी का ईलाज चल रहा है। मृतक की पहचान जमुई जिला के खैरा प्रखण्ड के सहायक थाना गरही के देवलाटांड़ गांव निवासी मोहम्मद करामत मियां का 38 वर्षीय पुत्र मोहम्मद सगीर अंसारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सगीर अंसारी अपने 8 वर्षीय पुत्र साजिद अंसारी के साथ देवलाटांड़ से कौआकोल बाजार जा रहे थे,इस बीच विपरीत दिशा से आ रही ई रिक्शा से मधुरापुर पुरानी बथान के पास उनके बाइक से सीधा टक्कर हो गई ।जिससे सगीर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं उनका पुत्र साजिद तथा ई रिक्शा पर सवार लालपुर गांव निवासी नरेश मांझी की 38 वर्षीय पत्नी केसो देवी,मड़पो गांव निवासी हरिदयाल राय के 14 वर्षीय पुत्री गनिता कुमारी तथा सुदामा प्रसाद के 12 वर्षीय पुत्री सोनाली प्रिया घायल हो गए। सभी घायलों को कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ सभी का ईलाज चल रहा है। सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जाती है। सूचना के बाद कौआकोल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। इस घटना के बाद इलाके में मातम का माहौल कायम हो गया है। कौवाकोल के थाना प्रभारी ने बताया कि ई रिक्शा चालक की गलती के कारण ही दुर्घटना हुई है। मामले की विशेषताओं पर जांच की जा रही है। तेज रफ्तार चलने की ललक नहीं इस तरह की दुर्घटना का जन्म दिया है।

केजी से लेकर पीजी तक की शिक्षा होगी मुफ्त: राहुल गांधी

एजेंसी। कांकेर

जिले के भानुप्रतापपुर में शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ के छात्रों के लिए केजी से लेकर पीजी तक सरकारी संस्थानों में मुफ्त शिक्षा का ऐलान किया है। इसके साथ ही उन्होंने तेंदूपत्ता उत्पादकों के लिए चार हजार रुपये प्रति मानक बोरा प्रोत्साहन राशि प्रति वर्ष मिलेगी और लघु वनोपज में न्यूनतम समर्थन मूल्य से दस रुपये अतिरिक्त देने का ऐलान किया है। राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने सभी वादों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि हम गरीबों की मदद करते हैं और भाजपा अडानी को मदद करती है। केंद्र सरकार हर चीज अडानी को दे रही है। नरेंद्र मोदी जाति जनगणना से क्यों डरते हैं? यूपीए सरकार के आंकड़ों को केंद्र सरकार जारी करे।
आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश ने कहा कि भाजपा सरकार किसान के विरोध में लगातार काम कर रही है। जब कांग्रेस ने किसान के कर्जमाफी की घोषणा की तो भाजपाइयों के पेट में दर्द हो रहा है। रमन सरकार ने चुनाव से पहले खूब राशन कार्ड बनाया पर चुनाव के बाद हजारों राशन कार्ड को निरस्त कर दिया। आदिवासियों के एक लाख एकड़ जमीन छीनने का काम रमन सरकार ने किया। 15 साल में रमन सरकार पेसा कानून तक नहीं बना पाई। हमने कांग्रेस सरकार बनते ही शपथ लेने के बाद दो घंटे में ही 19 लाख किसानों का कर्ज माफ किया, 1700 आदिवासी किसानों को जमीन का पट्टा दिया गया। चार हजार रुपये प्रति मानक बोरा से तेंदूपत्ता खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा गन्ना और मिलेट्स की कीमत छत्तीसगढ़ में है। चुनाव के बाद बस्तर में मक्का प्रोसेसिंग यूनिट शुरू की जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री भूपेश ने कहा कि ईवीएम में नोटा (नन अदर दैन एबव-इनमें से कोई नहीं) के विकल्प पर चुनाव आयोग को पुनर्विचार करना चाहिए। शनिवार को माना एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि वो इसलिए कह रहे हैं कि कई बार नोटा को अधिक मत मिल जाते हैं। इससे चुनाव परिणाम पर असर पड़ता है। इसलिए नोटा या विकल्प नहीं होना चाहिए।

बिना भेदभाव के विकास के कार्य कर रही सरकार: योगी

एजेंसी। कानपुर

पूर्व की सरकारें समाज को बांटने का काम कर रही थीं, लेकिन केंद्र और राज्य की मौजूदा सरकारें बिना भेदभाव से विकास का कार्य कर रही हैं। यह बातें शुक्रवार को भाजपा के अनुसूचित जाति सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार समाज से कटे हुए वनटांगिया, चेरू, थारू, मुसहर सहित जन जातियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया गया। पहली बार उन्हें अपना प्रधान चुनने का मौका मिला। इससे पूर्व मतदान करने का अधिकार ही नहीं मिला था। वर्ष 2017 के पहले की सरकार अनुसूचित जाति, गरीब और वंचित लोगों के अधिकारों से वंचित करने का काम करती थी। योगी ने कानपुर देहात की उस मार्ग दुर्घटना को याद दिलाया जिसमें 35 परिवार उजड़ गये थे। उनके सामने संकट खड़ा हो चुका था। भाजपा सरकार उनके दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी रही है। सरकार ने महर्षि वेदव्यास के नाम से टाउन सिप बनाकर दी, जिसमें वे गरीब परिवार रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि त्रिकाल दर्शी थे, उन्होंने ऐसे ग्रंथ की रचना की थी, जिसके माध्यम से समाज को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया था। वह समरसता के प्रेमी संत थे, उनके अन्दर त्रिकालदर्शी दर्शन था।

राहुल गांधी को बिहार से क्या मतलब: प्रशांत किशोर

एजेंसी। सीतामढ़ी

चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने शनिवार को कांग्रेस पर भड़कते हुए कहा कि कांग्रेस ने तो 40 सालों तक बिहार को बर्बाद किया है। यही कारण है कि बिहार की जनता ने इतनी समझदारी दिखाई कि कांग्रेस को बिहार से पूरे सिरे से काटकर फेंक दिया।
उन्होंने सवाल पूछा कि राहुल गांधी से बिहार को क्या मतलब है। बिहार में जन सुराज पदयात्रा पर निकले प्रशांत किशोर ने सीतामढ़ी में सवालिया अंदाज में कहा कि आप बताइए जरा कि राहुल गांधी को बिहार में पिछली बार कब देखा था? बिहार के मुद्दे पर कभी बोलते हुए सुना आपने? कांग्रेस ने तो 40 सालों तक बिहार को बर्बाद किया है। आज कांग्रेस का बिहार में कोई नाम लेने वाला नहीं है।
उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने जो बिहार में गलती की उसका खामियाजा उन्होंने भुगता। बिहार में कांग्रेस साल 1990 तक रूलिंग पार्टी हुआ करती थी लेकिन आज कांग्रेस का 5 प्रतिशत वोट बिहार में नहीं है। प्रशांत किशोर ने आगे कटाक्ष करते हुए कहा कि गरीब की बात करने वाले ये बोल रहे हैं कि कर्नाटक में महिलाओं को 3 हजार रुपये देंगे। कर्नाटक की महिला ज्यादा गरीब है या बिहार की महिला ज्यादा गरीब है? अगर कर्नाटक की महिला को 3 हजार रुपये मिलना चाहिए तो कांग्रेस के लोग बिहार में सरकार में शामिल हैं तो जरा बताइए कि बिहार की महिलाओं को क्यों नहीं एक हजार भी दिलवा रहे हो? उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने बिहार के लोगों के साथ भेदभाव किया उसी का नतीजा है कि राज्य से पलायन हुआ है।

बंगाल राशन वितरण घोटाला: जब्त मैरून डायरी ने ईडी को मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक तक पहुंचाया

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के करीबी सहयोगियों में से एक के कब्जे से जब्त की गई मैरून डायरी ने जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों को करोड़ों रुपये के राशन वितरण मामले में उनकी कथित संलिप्तता के बारे में महत्वपूर्ण सुराग दिए। डायरी के कवर पर मंत्री के उपनाम 'बालू' ने जांच अधिकारियों का ध्यान खींचा।
सूत्रों के मुताबिक, डायरी में राशन वितरण मामले से संबंधित तिथिवार लेनदेन और मामले में विभिन्न लाभार्थियों के नाम शामिल थे।
शुक्रवार की सुबह अपनी गिरफ्तारी से पहले पूछताछ के दौरान मल्लिक शुरू में असंगत थे और जब उनसे डायरी के कंटेंट्स के बारे में पूछताछ की गई तो उन्होंने सहयोग नहीं किया। कोलकाता की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को सबसे पहले मल्लिक को 6 नवंबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। फैसला सुनने के बाद मल्लिक अदालत के भीतर ही बेहोश हो गए, जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसके बाद विशेष अदालत के न्यायाधीश ने अपने पिछले आदेश को आंशिक रूप से संशोधित किया और कहा कि मंत्री की 10 दिन की ईडी हिरासत अस्पताल से रिहा होने के बाद ही शुरू होगी।
इस बीच, केंद्रीय एजेंसी ने फैसला किया है कि जैसे ही मल्लिक थोड़ा स्थिर हो जाएंगे, उन्हें दक्षिण कोलकाता में रक्षा संचालित कमांड अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उपलब्ध जानकारी के अनुसार मंत्री की चिकित्सा स्थितियों में बहुत अधिक गंभीरता नहीं है।
अब मंत्री की पत्नी के बैंक बैलेंस में बेतहाशा बढ़ोतरी भी ईडी की जांच के घेरे में आ गई है।
ईडी के वकील फिरोज एडुल्जी ने शुक्रवार को अदालत को सूचित किया कि 2016 के राज्य विधानसभा चुनावों के लिए नामांकन के साथ मल्लिक द्वारा दिए गए हलफनामे के अनुसार, उनकी पत्नी के बैंक खाते में कुल शेष 45,000 करोड़ रुपये थे।
हालांकि, ईडी के वकील ने कहा कि महज एक साल के भीतर उनके उसी बैंक खाते में 6 करोड़ रुपये की भारी रकम ट्रांसफर की गई।
जांच अधिकारी फिलहाल यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इतने कम समय में उस बैंक खाते में इतनी बड़ी धनराशि जमा हुई है।

मप्र विस चुनाव: प्रियंका के दमोह दौरे पर शिवराज का तंज, कहा- फिर सज गई झूठ की दुकान

एजेंसी। भोपाल

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शनिवार को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय चुनावी दौरे पर दमोह पहुंचीं। यहां उन्होंने जिले की चारों विधानसभा सीटों से कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। प्रियंका के दमोह दौरे के लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तंज कसा है। उन्होंने कांग्रेस और प्रियंका पर हमला बोलते हुए उनसे कुछ तीखे सवाल पूछे हैं।
मुख्यमंत्री चौहान ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक वीडियो जारी कर कहा कि आज फिर मध्य प्रदेश में कांग्रेस की झूठ की दुकान सज रही है। आज फिर प्रियंका आई हैं। मैं सबसे पहले तो प्रियंका से यही सवाल पूछना चाहता हूं कि भगवान राम और भगवान राम के मंदिर से आपको तकलीफ क्या है? कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग को शिकायत की है कि भगवान राम के मंदिर के फोटो होर्डिंग लगाए जा रहे हैं, वह निकाले जाएं। महाकाल के चित्र लगे हैं, वह निकालो। राम तो रोम-रोम में बसे हैं, कभी आप (कांग्रेस) राम को काल्पनिक बताते थे। भगवान श्रीराम करोड़ों करोड़ लोगों के आराध्य हैं। भगवान राम के बिना इस देश का काम नहीं हो सकता। कभी कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे। अब तो तारीख पता है 22 जनवरी, अब भव्य और दिव्य राम मंदिर बनकर तैयार है। प्रधानमंत्री के हाथों मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। महाकाल महालोक बना, आपने झूठे आरोप लगा दिए। आखिर महाकाल से चिढ़ क्या है आपको? उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस के लोग होर्डिंग उतरवाने की बात करते हैं। राम हों, भगवान महाकाल हो, यह कहीं से नहीं हटाए जा सकते, लेकिन कांग्रेस बताए कि उसका दृष्टिकोण क्या है? पहले किए वादे पूरे नहीं किए, फिर ले आए झूठ का महा वचन पत्र। मैडम प्रियंका नई-नई बातें करने आ गईं। झूठ का महावचन पत्र फिर दे दिया कांग्रेस ने। मैं आज फिर पूछ रहा हूं। साहस है तो जवाब दें। चौहान ने कहा कि गरीब बैगा, भारिया, सहरिया बहनों को जो 1000 रुपये देते थे, कमलनाथ ने उसे क्यों बंद किया? संबल योजना क्यों बंद की? गरीब बहन के पैसे देना बंद कर दिए? बेटा बेटा-बेटी के जन्म के 12000, बच्चों के लैपटॉप क्यों बंद कर दिए? बेटियों की शादी के क्यों पैसे नहीं दिए? तीर्थ दर्शन योजना क्यों बंद की? किसान सम्मान निधि की राशि के लिए किसानों की लिस्ट क्यों नहीं भेजी? गरीबों के मकान जो प्रधानमंत्री जी ने भेजे थे, वापस क्यों कर दिए? प्रियंका जी, जवाब देना पड़ेगा, कमलनाथ ने दो लाख से ज्यादा मकान वापस कर दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एक और बड़ा अपराध किया, 2019 में जल जीवन मिशन लागू हुआ। हर गांव में हर घर में टोटी वाला नल लगाकर जल देने के लिए आपने महिलाओं के साथ अन्याय किया। जल जीवन मिशन शुरू ही नहीं किया और फिर कह रहे हैं।

एमएसपी के नाम पर सरकार कर रही ढोंग : अखिलेश यादव

एजेंसी। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि भाजपा सरकार में लगातार बढ़ती महंगाई ने किसानों की कमर तोड़ दी है। एमएसपी के नाम पर सरकार दिखावा करने का ढोंग क्यों करती है।सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान बेहाल हैं। भाजपा सरकार की नीतियां किसान विरोधी और पूंजीपतियों को लाभ देने वाली हैं। धान की फसल तैयार है लेकिन प्रदेश में किसानों के धान की खरीद की कोई व्यवस्था नहीं है। किसानों को गेंहू की एमएसपी नहीं मिली। अब धान की भी कीमत नहीं मिल रही है।
अखिलेश यादव ने कहा कि डीजल, खाद-बीज, कीटनाशक सब महंगा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किसानों को धोखा दिया। पांच साल तक किसानों की सुध नहीं ली। अब चुनाव सामने देखकर सरकार किसानों को बरगलाने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रही है।
उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की गलत नीतियों और काले कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गये थे। उन्होंने केंद्र सरकार पर किसानों के साथ छल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने 2022 तक ही किसानों की आय दोगुनी करने का दावा किया था लेकिन आज किसानों का क्या स्थिति है यह सबके सामने है। भाजपा सिर्फ जुमला पार्टी बन कर रह गई है।

राजनीति

छग विस चुनाव : मधुबाई किन्नर जोगी कांग्रेस से लड़ेंगी चुनाव

भाजपा-कांग्रेस दोनों को देंगी टक्कर

एजेंसी। रायगढ़

रायगढ़ विधानसभा सीट से इस बार जोगी जनता कांग्रेस ने नगर निगम की पूर्व महापौर मधुबाई किन्नर का चुनावी मैदान में उतारा है। मधुबाई प्रदेश की पहली ट्रांसजेंडर विधानसभा उम्मीदवार है। जिसका लेकर जोगी कांग्रेस ने कांग्रेस व भाजपा को नये तरीके से चौंका दिया है। मधु सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।
शनिवार को पत्रकारों से चर्चा में मधु किन्नर को रायगढ़ विधानसभा सीट से खड़ा करने के मामले में अजीत जोगी की पार्टी जेसीसी के संयोजक ने बताया कि मधुबाई प्रदेश में किन्नर होकर मुख्य धारा में आकर समाज के उत्थान में काम किया। यह बात हमारी पार्टी को हमारे प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी को काफी प्रभावित की और इसलिये पार्टी ने मधुबाई को टिकट दिया है।
आम जनता में प्रचार प्रसार के संबंध में उन्होंने कहा कि हमारे पास न तो दारू है न ही पैसा है और न ही हमारे पास उतने संसाधन हैं। हम बहुत आराम से सीधे तरीके से वोट मांगने जायेंगे यही प्रचार का तरीका है। मधुबाई के चुनावी मैदान में फिर से उतरने से यह चुनाव रोमांचक हो चुका है और इस चुनाव के नतीजे भी चौकाने वाले रहेंगे। चुनावी घोषणा पत्र के संबंध में उन्होंने कहा कि बहुत ही विचार और मंथन के बाद अमित जोगी ने शपथ पत्र तैयार किया है। जिसका एक शब्दों में नारा दें तो दस कदम गरीबी खत्म, जो मुख्य समस्या थी और है वो शराब है। इस प्रदेश में सरकार शराब बेच रही है। सरकार नये-नये ब्रांड बनाकर शराब बेच रही है। शराब इसलिये बेचा जा रहा है ताकि लोग नशे में रहकर अपने अधिकारों को भूलकर कोई सवाल न करें। यही मुख्य जड़ है। इस दस बिंदुओं में हमने छत्तीसगढ़ के सुखद की नींव रखी है। कर्ज माफी के संबंध में उन्होंने कहा कि यह वोट खींचने का तरीका है, नहीं तो सीधा विकास के मुद्दे में आते और अपने द्वारा किये गये कार्यों का बखान करते। कांग्रेस कुल मिलाकर अपनी रोटी सेंकने के लिये लगातार इस तरह की घोषणाएं करती है। रायगढ़ विधानसभा की उम्मीदवार मधुबाई ने कहा कि मैं पहले महापौर रह चुकी है और मैने निर्दलीय चुनाव लड़ा था मेरे कार्यकाल के दौरान मेरे उपर किसी तरह भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है जहां तक हो सका विकास के लिये मैने काम किया। मैं विधानसभा चुनाव इसलिये लड़ना चाह रही हूं उस समय मैं निर्दलीय चुनाव लड़ी थी और जितना मुझसे हो पाया मैने किया, लेकिन मुझे और भी बहुत करना था लेकिन मुझे करने नहीं दिया गया।
रायगढ़ विकास करने के लिये मैने जोगी कांग्रेस का दामन थामा है और यह पार्टी छत्तीसगढ़ की पार्टी है। मैं इसी पार्टी में रहकर छत्तीसगढ़ का विकास करना चाहती हूं। भाजपा और कांग्रेस दोनों में तनाव की स्थिति है उनके द्वारा कुछ कार्य नहीं किया जा रहा है। पांच सालों तक कांग्रेस की सरकार रही और इस दरम्यान कहीं कोई विकास हुआ ही नहीं है।

मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दो दोषियों को तीन साल की सजा

लखनऊ। विशेष न्यायालय ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ की गई धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध के लिए दोषी ठहराया है। दोषियों को तीन साल की सजा और 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। ईडी द्वारा अभियोजन शिकायत दर्ज करने के बाद, विशेष न्यायालय, पीएमएलए ने दो आरोपित विशाल शर्मा उर्फ शिवाश पाठक और नईम खान उर्फ आर के मिश्रा को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ की गई धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध के लिए दोषी ठहराया है। भारत और इलाहाबाद बैंक ने फर्जी आईडी और पते का उपयोग करके डाकघर से फर्जी तरीके से खरीदे गए जाली ₹किसान विकास पत्र₹ पर ऋण प्राप्त किया। अभियुक्तगणों को उनके द्वारा किये गये अपराध के लिए तीन वर्ष के कारावास की सजा और 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

गागर में सागर

उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर आ रही हैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड आने वाली हैं। राष्ट्रपति 7 नवंबर को उत्तराखंड पहुंचेंगी। उसके बाद उनका 8 नवंबर को श्रीनगर गढ़वाल और कुमाऊं दौरे का कार्यक्रम भी है। 9 नवंबर को वह उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम में भाग लेंगी। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने राष्ट्रपति के दौरे को लेकर समीक्षा की। बैठक में शासन व प्रशासन के अधिकारियों के अलावा एचएन बहुगुणा गढ़वाल विवि और गोविंद बल्लभ पंत कृषि विवि के कुलपति भी शामिल हुए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति 7 नवंबर को उत्तराखंड पहुंचेंगी। राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर मुख्य सचिव ने सुरक्षा व आवश्यक व्यवस्थाएं जुटा लेने के निर्देश दिए।

प. बंगाल में सड़क हादसा, छह की मौत

खड़गपुर। पश्चिम बंगाल में पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर थाना अंतर्गत बारामुला इलाके में आज सुबह हुए सड़क हादसे में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। कई अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को खड़गपुर महकमा अस्पताल और मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चार घायलों की हालत गंभीर है। एक घायल को इलाज के लिए कोलकाता ले जाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक पिकअप वैन में फूलों की बोरियां चढ़ाने के दौरान सीमेंट की बोरियों से भरे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे पिकअप वैन बगल के जलाशय में जा गिरी। वैन पर लगभग 20-22 फूल विक्रेता मौजूद थे। यह लोग वैन को कोलाघाट ले जाने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि यह हादसा तड़के करीब तीन बजे डेबरा टोल प्लाजा से एक किलोमीटर दूर बारामुला में हुआ। मृतक मकसूदपुर के रहने वाले हैं। अभी इनकी पहचान नहीं हो पाई है।

बब्बर खालसा के चार आतंकी गिरफ्तार, हथियार बरामद

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के चार आतंकियों को गिरफ्तार करके भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मोहाली जिला पुलिस द्वारा गिरफ्तार आतंकी आगामी त्योहारों के दिनों में टारगेट किलिंग कर पंजाब का माहौल खराब करने की फिराक में थे। डीजीपी के अनुसार एसएएस नगर (मोहाली) पुलिस के सीआईए विंग ने एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। संगठन के सदस्यों के संबंध पाकिस्तान में बैठे आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा के साथ हैं। रिंदा के आतंकी संगठन बीकेआई के साथ मिलकर ये पाकिस्तान से हथियारों की तस्करी कर रहे थे। पकड़े गए आरोपित ड्रोन की सहायता से पाकिस्तान से हथियार मंगवा कर पंजाब में सप्लाई करने का भी काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इनके कब्जे से छह विदेशी पिस्टल, 275 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

युवाओं के भविष्य के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने रोजगार मेला में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित रोजगार मेले युवाओं के भविष्य के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि हम न केवल रोजगार प्रदान कर रहे हैं बल्कि एक पारदर्शी प्रणाली भी बनाए हुए हैं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित किया और विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। देश भर से चुने गए युवा रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग और शिक्षा मंत्रालय सहित स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालयों और विभागों में सरकार में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान देशभर के 37 स्थान मेले से जुड़े रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेलों की यात्रा एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गई है, क्योंकि रोजगार मेले पिछले साल अक्टूबर में शुरू हुए थे। तबसे निरंतर केंद्र शासित और एनडीए शासित राज्यों में विभिन्न रोजगार मेलों में लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, दिवाली में अभी कुछ समय बाकी है लेकिन नियुक्ति पत्र पाने वाले 50 हजार युवाओं के परिवार के लिए ये मौका दिवाली से जरा भी कम नहीं है। मोदी ने कहा कि सरकार न केवल प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने का प्रयास कर रही है बल्कि परीक्षा प्रक्रिया का पुनर्गठन भी कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी चयन चक्र के तहत भर्ती में लगने वाला समय भी घटाकर आधा कर दिया गया है। एसएससी के तहत कुछ परीक्षाओं के बारे में चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि परीक्षाएं अब हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित की जा रही हैं, जिससे उन उम्मीदवारों के लिए भाषा की बाधा को तोड़ना आसान हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, सरकार रोजगार के अवसर प्रदान करने वाले पारंपरिक क्षेत्रों को मजबूत कर रही है, साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष, स्वचालन और रक्षा निर्यात जैसे नए क्षेत्रों को भी बढ़ावा दे रही है।ह्व उन्होंने ड्रोन प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नए रास्ते खोलने का भी जिक्र किया और इसकी मदद से किए जा रहे फसल मूल्यांकन और पोषक तत्वों के छिड़काव का उदाहरण दिया।

प्रधानमंत्री ने खादी के पुनरुत्थान का जिक्र करते हुए कहा कि खादी की जो चमक पहले खो गई थी, वह अब वापस आ गई है। उन्होंने बताया कि 10 साल पहले के महज 30 हजार करोड़ की तुलना में अब खादी ने 1.25 लाख करोड़ से अधिक की बिक्री दर्ज की है। इससे खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र में कई नौकरियां पैदा हुई हैं, विशेषकर महिलाओं को लाभ हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी देश के प्रतिस्पर्धी लाभ के लिए युवाओं की शक्ति का पूरी तरह से एहसास होना जरूरी है। उन्होंने कौशल और शिक्षा की पहल का उल्लेख किया, जो युवाओं को नए अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए तैयार कर रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नए मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम और आईआईआईटी खोले जा रहे हैं और पीएम कौशल विकास योजना के तहत करोड़ों युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। प्रधानमंत्री ने शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर का उल्लेख किया और नई भर्तियों से वोकल फॉर लोकल का संदेश फैलाने का आग्रह किया, जो देश के भीतर रोजगार पैदा करने का एक माध्यम भी है।

काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए लागू होगा ड्रेस कोड

महिलाएं साड़ी, पुरुष धोती-कुर्ता पहन कर ही मंदिर के गर्भ गृह में पूजा अर्चना कर सकेंगे

आरपी सिंह। वाराणसी

अब आप अपनी मनमजी, मस्ती, स्टाइल, फैशन बाजी में जो मन चाहे कपड़े पहनकर काशी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन नहीं कर पाएंगे। यदि आप औरत हैं तो साड़ी, पुरुष हैं तो धोती-कुर्ता पहन कर ही मंदिर के गर्भ गृह में पूजा अर्चना के लिए जा सकते हैं। इसके लिए तैयारी शुरू हो गयी है। इस बारे में संपूणानंद संस्कृत वि.वि. में प्रोफेसर रहे नागेंद्र पांडेय जो काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष हैं, ने कहा कि न्यास की आगामी बैठक में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक परिधान निर्धारित करने पर प्रस्ताव रखा जाएगा। यह बैठक अगले माह नवंबर में होगी। नागेंद्र पांडेय ने कहा कि उम्मीद की जाती है कि धर्मस्थल विश्वनाथ धाम आने वाले दर्शनार्थी शालीन व मर्यादित वस्त्र धारण करके आएं। श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ मंदिर में ऐसे मर्यादित वस्त्र पहनकर आना चाहिए, जो देखने में अच्छे लगे। पुरुषों के लिए धोती-कुर्ता और महिलाओं के लिए साड़ी पहन कर ही गर्भगृह में दर्शन पूजन करने को लेकर मंदिर न्यास की अगली बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। न्यास की बैठक में विचार-विमर्श के बाद इस पर फैसला लिया जाएगा। फिलहाल मात्र अर्चकों के लिए दो सेट पोशाक न्यास की तरफ से देने का निर्णय लिया गया है, जिसे लागू किया जाएगा। मंदिर में पुजारी अभी तक धोती पहनते हैं, लेकिन अब उनके लिए जाड़े में चादर और गर्मी में दुपट्टा दिया जाएगा, इस पर न्यास का लोगो होगा, जो उनकी पहचान बताएगा। मालूम हो कि काशी विश्वनाथ धाम के नये स्वरूप के निर्माण में 700 करोड़ रुपये के लगभग खर्च हुए और पौने तीन साल समय लगा।

भारत ने 26 राफेल-समुद्री जेट विमानों की खरीद के लिए फ्रांस को एलओआर भेजा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ने 26 राफेल-समुद्री लड़ाकू जेट खरीदने के लिए फ्रांसीसी सरकार को अनुरोध जारी किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल-समुद्री लड़ाकू जेट और तीन स्कॉर्पीन डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों की खरीद के प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी दे दी थी। मंत्रालय ने कहा कि डीएसी ने फ्रांसीसी सरकार से भारतीय नौसेना के लिए संबंधित सहायक उपकरण, हथियार, सिम्युलेटर, स्पेयर, दस्तावेजीकरण, चालक दल प्रशिक्षण और रसद समर्थन के साथ 26 राफेल-समुद्री लड़ाकू जेट की खरीद के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। अंतर-सरकारी समझौता (आईजीए)। इसमें कहा गया है कि अन्य देशों द्वारा समान विमान की तुलनात्मक खरीद कीमत सहित सभी प्रासंगिक पहलुओं को ध्यान में रखने के बाद कीमत और खरीद की अन्य शर्तों पर फ्रांसीसी सरकार के साथ बातचीत की जाएगी। इसके अलावा, भारतीय डिजाइन किए गए उपकरणों के एकीकरण और विभिन्न प्रणालियों के लिए रखरखाव, मरम्मत और संचालन (एमआरओ) हब की स्थापना को उचित बातचीत में अनुबंध दस्तावेजों में शामिल किया जाएगा। अब भारतीय रक्षा मंत्रालय की ओर से प्रस्तावित सौदे के लिए फ्रांसीसी आयुध महानिदेशालय को एक विस्तृत अनुरोध पत्र (एलओआर) जारी किया गया है। सूत्रों ने कहा कि इसमें 22 सिंगल-सीट जेट और चार ट्विन-सीट ट्रेनर के साथ-साथ हथियार, सिम्युलेटर, स्पेयर, क्रू ट्रेनिंग और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट शामिल होंगे। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार फ्रांस को अपनी पेशकश, कीमत और अन्य विवरण के साथ कुछ महीनों में जवाब देना चाहिए। लागत पर बातचीत और सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की अंतिम मंजूरी के बाद एक बार अनुबंध पर हस्ताक्षर हो जाने के बाद, डिलीवरी तीन साल में शुरू हो जाएगी। सरकार-से-सरकारी सौदे के लिए एलओआर, जिसमें डसॉल्ट एविएशन निर्मित जेट की ऑफ-द-शेल्फ खरीद शामिल है, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा 10 अक्टूबर को फ्रांस की यात्रा के तुरंत बाद आया है।

राष्ट्रनिर्माण में भी दें योगदान : अनुराग ठाकुर

एजेंसी। हमीरपुर

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर का 14वां दीक्षांत समारोह शनिवार को संस्थान के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में संस्थान के 1265 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आज का यह दिन उनके (विद्यार्थियों) परिश्रम और समर्पण का प्रतिफल है और अपनी सफलता को सेलिब्रेट करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आज का भारत तेजी से बुलंदियों को छू रहा है तथा विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत के लिए अमृतकाल के अगले 25 वर्ष बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। इसमें युवाओं के लिए अपार अवसर हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इन अवसरों का लाभ उठाकर आगे बढ़ें और राष्ट्रनिर्माण में भी अपना हरसंभव योगदान दें।

गुजरात : आर्थिक तंगी से परेशान एक ही परिवार के 7 सदस्यों ने की सामूहिक आत्महत्या

सूरत। गुजरात के सूरत से दिल को झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई है, जहां आर्थिक तंगी के चलते एक परिवार के सात सदस्यों ने आत्महत्या कर ली। मृतकों में माता-पिता, पति-पत्नी और तीन बच्चे हैं। पुलिस के अनुसार प्रथमदृष्ट्या इनमें 6 लोगों ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया जबकि एक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गए हैं। मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें आर्थिक तंगी का जिक्र है। पालनपुर जकातनाका के समीप विद्याकुंज स्कूल के पीछे सिद्धेश्वर अपार्टमेंट के सी-2 ब्लॉक में शनिवार सुबह दिल-दहलाने वाली घटना सामने आई। मनीष सोलंकी नामक फर्नीचर और बिल्डिंग के कांट्रेक्टर का घर का दरवाजा शनिवार सुबह देर तक नहीं खुला तो पड़ोसियों ने मनीष के रिश्तेदारों को सूचना दी।

राजनीति

कांग्रेस-भाजपा ने पुराने राजनीतिक राजवंशों को दिया टिकट

26 वंशजों को चुनावी मैदान में उतारा

एजेंसी। जयपुर

कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे पर राजनीति में भाई-भतीजावाद का आरोप लगाते रहे हैं और बार-बार इसकी आलोचना करते रहे हैं। हालांकि, इस सार्वजनिक रुख के बावजूद, दोनों पार्टियों ने राजस्थान में अपने दिग्गज नेताओं के परिवार के सदस्यों को टिकट दिया है।

राजस्थान में करीब 81 सीटें हैं, जो कई नेताओं का गढ़ मानी जाती हैं। इनमें से 40 सीटें दशकों से कुछ नेताओं और उनके परिवारों की पॉकेट रही हैं। दोनों दलों ने अपने वरिष्ठ नेताओं के रिश्तेदारों को 26 टिकट दिए हैं। इसमें दिग्गज नेताओं के 15 बेटे, छह बेटियां-पोतियां, तीन पत्नियां, एक बहू और एक रिश्तेदार शामिल हैं। राजस्थान में अब तक बीजेपी ने 124 और कांग्रेस ने 76 टिकट बांटे हैं। इनमें से भाजपा ने 11 और कांग्रेस ने 15 ऐसे उम्मीदवारों को टिकट दिए जिनके परिवार के सदस्य विधायक, सांसद और मंत्री रहे हैं। बीजेपी ने देवली-उनियारा से पूर्व सांसद प्रत्याशी किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैंसला को टिकट दिया है। इसके बाद विद्याधर नगर से दीया कुमारी हैं जो पूर्व सांसद गायत्री देवी की पोती हैं और जयपुर के पूर्व शाही परिवार से आती हैं।

बीकानेर से सिद्धि कुमारी, जिनके दादा करणी सिंह 1952 से 1977 तक सांसद थे, को बीजेपी से टिकट मिला है। श्रीमाधोपुर से चार बार विधायक रहे हरलाल सिंह खर्रा के बेटे झाबर सिंह खर्रा को इस बार अपने पिता के निर्वाचन क्षेत्र से टिकट मिला है।

मंजीत चौधरी को मुंडावर से टिकट मिला है और वह पूर्व विधायक धर्मपाल चौधरी के बेटे हैं। पूर्व मंत्री दिगंबरसिंह के बेटे शैलेश सिंह को डीग कुम्हेर से टिकट मिला है।

इसी तरह नसीराबाद से रामस्वरूप लांबा को टिकट मिला है। वह पूर्व मंत्री और सांसद सांवरलाल जाट के बेटे हैं। पूर्व सांसद नाथूराम मिर्धा की पोती डॉ. ज्योति मिर्धा नागौर से बीजेपी के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगी। धरियावद से कन्हैयालाल मीणा लड़ेंगे चुनाव। वह धरियावद के पूर्व विधायक गौतमलाल मीणा के बेटे हैं। दीप्ति माहेश्वरी राजसमंद से चुनाव लड़ेंगी और वह पूर्व मंत्री किरण माहेश्वरी की बेटी हैं।

सुमिता भींचर मकराना के पूर्व विधायक श्रीराम भींचर की बहू हैं और अब उसी सीट से चुनाव लड़ेंगी। भाजपा के ठीक बाद कांग्रेस ने भी पारिवारिक संपर्क वाले कई नेताओं को मैदान में उतारा है। सुशीला डूडी पूर्व विपक्ष नेता रामेश्वर डूडी की पत्नी हैं, जो अब नोखा से कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगी। सरदार शहर से अनिल शर्मा पूर्व विधायक भवर लाल शर्मा के बेटे हैं, जबकि ब्रजेंद्र ओला पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के बेटे हैं।

रामगढ़ से जिस जुबेर खान को टिकट दिया गया है, वह कांग्रेस विधायक सफिया जुबेर के पति हैं। सुजानगढ़ से उम्मीदवार बनाए गए मनोज मेघवाल पूर्व मंत्री भंवरलाल मेघवाल के बेटे हैं, जबकि रीटा चौधरी मंडावा से छह बार जीत चुके रामनारायण चौधरी की बेटी हैं।

सवाई माधोपुर से टिकट पाने वाले दानिश अबरार पूर्व राज्यसभा सांसद अबरार अहमद के बेटे हैं, जबकि टोंक से लड़ने वाले सचिन पायलट पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट और पूर्व विधायक-सांसद रमा पायलट के बेटे हैं।

डेगाना से चुनावी मैदान में उतरे विजयपाल मिर्धा, नाथूराम मिर्धा परिवार से हैं और पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा के बेटे हैं। ओसियां से दिव्या मदेरणा को भी टिकट दिया गया है। वह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष परसराम मदेरणा की पोती और पूर्व मंत्री महिपाल मदेरणा की बेटी हैं। लूणी से महेंद्र विश्नोई को टिकट दिया गया है। वह पूर्व मंत्री रामसिंह विश्नोई के पोते और पूर्व विधायक मलखान विश्नोई के बेटे हैं। वल्लभनगर से उम्मीदवार बनाई गईं प्रीति शक्तावत पूर्व मंत्री गुलाब सिंह शक्तावत की बहू और पूर्व विधायक गजेंद्र शक्तावत की पत्नी हैं।

मांडलगढ़ से टिकट पाने वाले विवेक धाकड़ कन्हैयालाल धाकड़ के बेटे हैं, जबकि, राजाखेड़ा से टिकट पाने वाले रोहित बोहरा पूर्व मंत्री प्रद्युम्न सिंह के बेटे हैं।

हैरानी की बात यह है कि कुछ दिन पहले कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधवाड़ा ने पार्टी में बढ़ते भाई-भतीजावाद पर चिंता जताई थी।

FILMY हलचल

'आर्या' में ऐसी ताकत है जो बवंडर का मुकाबला कर सकती है : सुष्मिता सेन

क्राइम थ्रिलर 'आर्या 3' में एक्ट्रेस और पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन का किरदार आर्या सरीन एक बेहतरीन पावरहाउस हैं, जिसमें ऐसी ताकत है जो बवंडर का मुकाबला कर सकती है।

सुष्मिता ने कहा, पहले सीजन से ही वह शो चलाने वाली सिंगल मदर हैं। सुष्मिता ने कहा, मेरा किरदार 'आर्या' बहुत मजबूत है। उसमें दर्द सहने की क्षमता है। वह काफी हद तक शांत है। जब तक जरूरी न हो, वह रिएक्ट करना नहीं बल्कि रिस्पॉन्ड देना पसंद करती है। मैं वैसे ही बनी हूं, लेकिन उसने मुझसे ज्यादा विश्वासघात देखा है, इसके लिए भगवान का शुक्र है, मैंने अपनी लाइफ में अच्छे लोग देखे हैं। मैं उम्मीद कर रही हूं कि इस शो में वह अच्छे लोगों से मिलेंगी, जिससे उनके जीवन में कुछ आशा, कुछ रोमांस वापस आ जाएगा।" दूरदर्शी राम माधवानी द्वारा निर्मित और सह-निर्देशित और अमिता माधवनी, राम माधवानी, राम माधवानी फिल्म्स और एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा सह-निर्मित, 'आर्या 3' 3 नवंबर से डिज्नी पल्स हॉटस्टार पर प्रसारित होगा।

आदित्य रॉय कपूर-अनन्या पांडे का वीडियो हुआ वायरल

बॉलीवुड में इस वक्त आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे के रिश्ते की खूब चर्चा हो रही है। चाहे स्पेन की यात्रा हो या सिद्धार्थ-कियारा की शादी का रिसेप्शन, दोनों को एक साथ कई समारोहों में भाग लेते देखा जा रहा है। फिलहाल सोशल मीडिया पर आदित्य और अनन्या का मुंबई की एक पार्टी का वीडियो वायरल हो रहा है। आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे मुंबई के एक मशहूर रेस्टोरेंट में डिनर के लिए गए। इस समय दोनों ने एक-दूसरे का हाथ कसकर पकड़ रखा था और वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक्ट्रेस ने अपना सिर आदित्य के कंधे पर रखा हुआ है। डिनर पार्टी में दोनों ने ब्लैक ड्रेस पहनी थी।

एक्ट्रेस रिंकू घोष ने 'जुनूनियत' के बंद होने पर कहा-'हर अंत की एक नई शुरूआत होती है'

'दुर्गेश नंदिनी', 'मोहे रंग दे', 'मिसेज पम्मी प्यारे लाल' जैसे शो फेम एक्ट्रेस रिंकू घोष ने दुख व्यक्त किया है कि उनका शो 'जुनूनियत' जल्द ही ऑफ एयर होने वाला है, उन्होंने कहा कि हर अंत की एक नई शुरूआत होती है। यह लोकप्रिय शो अंकित गुप्ता (जहान), गौतम सिंह विग (जॉर्डन) और नेहा राणा (इलाही) द्वारा संचालित प्रेम और संगीत की कहानी के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो के बंद होने के बारे में बात करते हुए, रिंकू ने कहाः "पहले तो मैं थोड़ी उदास थी। मैं इसके इतनी जल्दी खत्म होने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि शो अच्छा चल रहा है। फ्रिक्शन कैटेगरी में यह चैनल पर बिताया गया दूसरा सबसे ज्यादा समय है, लोगों को भी यह काफी पसंद आ रहा है।" 'इम्तिहान' फेम एक्ट्रेस ने कहा, "सीरियल करते समय आप अपने सह-कलाकारों के साथ कई बंधन बनाते हैं क्योंकि हम अपना अधिकांश समय एक-दूसरे के साथ बिताते हैं। ऐसा लगता है जैसे एक परिवार टूट रहा है। लेकिन, अब मैं इसे एक और नए अध्याय की शुरूआत के रूप में लेती हूं।

गागर में सागर

यूबीआई का दूसरी तिमाही का मुनाफा लगभग दोगुना होकर 3,511 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि ब्याज आय में सुधार के कारण सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ लगभग दोगुना होकर 3,511 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बैंक ने एक साल पहले इसी तिमाही में 1,848 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। यूबीआई ने शेयर बाजार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 28,282 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 22,958 करोड़ रुपए थी। बैंक का परिचालन लाभ बढ़कर 7,221 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 6,577 करोड़ रुपए था। समीक्षाधीन तिमाही के अंत में सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) एक साल पहले के 8.45 प्रतिशत से घटकर 6.38 प्रतिशत रहा। इसी तरह, शुद्ध एनपीए या खराब ऋण घटकर 1.30 प्रतिशत रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2.64 प्रतिशत था।

आरबीआई का बॉन्ड दे रहा तगड़ा रिटर्न, सुरक्षित रहेगा पैसा



नई दिल्ली। अगर आप भी अपने सेविंग को निवेश करना चाहते हैं और किसी ऐसी प्लेटफॉर्म की तलाश कर रहे हैं, जहां आपका पैसा भी सिक्योर रहे और आप ज्यादा रिटर्न भी मिले तो आरबीआई का फ्लोटिंग रेट सेविंग बॉन्ड में निवेश कर सकते हैं। यहां कई बैंकों के फिक्स्ड डिपॉजिट से भी ज्यादा रिटर्न मिल रहा है। आरबीआई का फ्लोटिंग रेट सेविंग बॉन्ड का ब्याज 8.05 फीसदी है। निवेश करने से पहले इसके कुछ फीचर के बारे में जान लेना चाहिए। भारत सरकार की ओर से आरबीआई फ्लोटिंग रेट सेविंग बॉन्ड को जारी किया गया है। यह सात साल की मैच्योरिटी टाइम के साथ आता है। यह नॉन ट्रेडेड बॉन्ड है, जिसके तहत गारंटीड ब्याज मिलता है। इसके तहत ब्याज निश्चित नहीं होता है। यह केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली एक छोटी बचत योजना, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) की ब्याज दर से जुड़ा हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक के इस बॉन्ड के तहत ब्याज बदलता रहता है। हालांकि यह एक सिक्योर निवेश बॉन्ड है। इस बॉन्ड का ब्याज छोटी बचत योजना के ब्याज की तिमाही समीक्षा के आधार बॉन्ड का ब्याज तय किया जाता है। वहीं एनएससी से 0.35 फीसदी ज्यादा ब्याज इस बॉन्ड के तहत दिया जाता है।

विदेशों में जमकर हो रही आम की मांग 19%बढ़ गया भारत से निर्यात

नई दिल्ली। भारत के आम की मिठास दुनियाभर में बढ़ती जा रही है। वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल से अगस्त महीने के दौरान भारत से विदेशों में निर्यात किए जाने वाले आम में 19 फीसदी का उछाल देखने को मिला है। इस अवधि के दौरान भारत ने कुल 47.98 मिलियन डॉलर का आम निर्यात किया है। जबकि 2022-23 के इसी अवधि के दौरान भारत ने कुल 40.33 मिलियन डॉलर का आम निर्यात किया था। वाणिज्य मंत्रालय ने भारत से आम के निर्यात किए जाने वाले आम को लेकर डेटा जारी किया है। मंत्रालय ने बताया कि कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के साथ मिलकर एपीईडीए ने अप्रैल से अगस्त 2023 के दौरान कुल 27,330 टन आम का एक्सपोर्ट किया है, जो एक साल पहले की अवधि में 22,963.78 टन था।

भारत का यूपीआई: एक विश्वस्तरीय अग्रणी डिजिटल भुगतान प्रणाली

एजेंसी। नई दिल्ली

हाल के वर्षों में यदि किसी भारतीय नवाचार ने वैश्विक स्तर पर सुर्खियां बटोरी हैं, तो वह निस्संदेह यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) भुगतान प्रणाली है। आज, भारत में किए जाने वाले कुल भुगतानों में से 40 प्रतिशत से अधिक भुगतान डिजिटल माध्यम से किए जाते हैं। इन डिजिटल भुगतानों में यूपीआई की हिस्सेदारी सबसे अधिक है, जिसका उपयोग 30 करोड़ से अधिक व्यक्ति और पांच करोड़ से अधिक व्यापारी करते हैं। यूपीआई का उपयोग रेहड़ी-पटरी वालों से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल तक सभी स्तरों पर किया जाता है। वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार, आज भारत दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल लेनदेन करने वाला देश है। वैश्विक स्तर पर होने वाले डिजिटल लेन-देन में भारत की हिस्सेदारी लगभग 46 प्रतिशत है।

यूपीआई के साथ रुपे क्रेडिट कार्ड को जोड़ना क्रांतिकारी कदम

यूपीआई के साथ रुपे क्रेडिट कार्ड को जोड़ना डिजिटल भुगतान परिदृश्य में एक क्रांतिकारी कदम है, जो उपभोक्ताओं को क्रेडिट कार्ड और यूपीआई दोनों के लाभ देता है। यूपीआई लेनदेन के लिए क्रेडिट कार्ड द्वारा दी जाने वाली अल्पकालिक क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाकर, कार्डधारक अब अपने बचत खातों से धनराशि निकालने के बजाय अपनी क्रेडिट लाइनों का उपयोग करके भुगतान शुरू कर सकते हैं। भारत का सुदृढ़ डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। स्थानीय स्तर पर यूपीआई की सफलता के बाद, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान प्रणाली को देश के बाहर ले जाने के लिए 2020 में एनआईपीएल (एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड) नामक शाखा की स्थापना की। उसके बाद से एनआईपीएल और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भारत की सीमाओं के पार यूपीआई-आधारित लेनदेन का विस्तार करने के लिए 30 से अधिक देशों में वित्तीय संस्थाओं के साथ समझौते किए हैं।

भारत के बाद ब्राजील, चीन, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया जैसे देश आते हैं। वर्ष 2016 में मात्र दस लाख लेनदेन से आगे बढ़ते हुए यूपीआई ने अब तक 10 बिलियन (1,000 करोड़) लेनदेन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। यूपीआई से जो सबसे बड़ा बदलाव आया है, वह भारतीयों के लेन-देन के तरीकों से संबंधित है। ग्लोबल डेटा रिसर्च के अनुसार, 2017 में लेनदेन की कुल मात्रा में नकद की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत थी जो अब घटकर 60 प्रतिशत से भी कम रह गई है। वर्ष 2016 में 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट बंद होने के छह महीने के भीतर, यूपीआई पर कुल लेन-देन की मात्रा 2.9 मिलियन से बढ़कर 72 मिलियन हो गई। वर्ष 2017 के अंत तक, यूपीआई लेनदेन पिछले वर्ष की तुलना में 900 प्रतिशत बढ़ गया और तब से इसने अपने विकास की गति जारी रखी हुई है। यूपीआई अविश्वसनीय रूप से उपयोगकर्ता के अनुकूल है। यह उपयोगकर्ताओं को वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए) का उपयोग करके सरल तरीके से भुगतान की सुविधा देता है, जिससे संवेदनशील बैंक विवरण साझा करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यह प्रक्रिया उतनी ही सरल है जितना स्मार्टफोन पर टेक्स्ट मैसेज भेजना। इसका असर सुविधा मिलने के अलावा, वित्तीय समावेशन में योगदान, पारदर्शिता और अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में कमी तक हुआ है। यूपीआई की वृद्धि ने न केवल भुगतान के लिए नकदी का बड़े पैमाने पर उपयोग कम कर दिया है, बल्कि डिजिटल भुगतान की अन्य विधियों का भी स्थान ले लिया है। उदाहरण के लिए, मर्चेंट भुगतान के लिए डेबिट कार्ड का उपयोग साल-दर-साल कम हो रहा है, और यूपीआई ने आज प्रीपेड वॉलेट तक पहुंच स्थापित करने का तरीका भी बदल दिया है। जैसे-जैसे यूपीआई का विस्तार और परिवर्तन जारी रहेगा, यह भारत के डिजिटल भविष्य को आकार देने में और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हालांकि, डिजिटल भुगतान प्रणाली की सफलता न केवल डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे की मजबूती में निहित है, बल्कि व्यवहारिकता में भी है जिसने लोगों को नकदी से डिजिटल की ओर जाने के लिए प्रोत्साहित किया।

भारत-ब्रिटेन ने प्रस्तावित एफटीए वार्ता की प्रगति पर समीक्षा की

नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जारी वार्ता की प्रगति की शनिवार को समीक्षा की। दोनों देशों के बीच प्रस्तावित एफटीए पर वार्ता अंतिम चरण में पहुंच गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बेडनॉश ने ओसाका में एफटीए पर जारी वार्ता की प्रगति की समीक्षा की। दोनों मंत्री जी-7 के व्यापार मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए जापान के ओसाका में मौजूद हैं। गोयल ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर कहा, ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बेडनॉश के साथ भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत की प्रगति को लेकर चर्चा की। प्रस्तावित एफटीए के लिए वार्ता को जल्द पूरा करने के लिए उत्पादों के मूल स्थान और सेवा क्षेत्र के नियमों जैसे मुद्दों पर मतभेद दूर करने के लिए दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बातचीत चल रही है।

मारुति सुजुकी ने कर दिया धमाका, नेट प्रॉफिट में 80% की जोरदार उछाल

एजेंसी। नई दिल्ली

देश में सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में धमाकेदार नतीजे पेश किए हैं। कंपनी को अगस्त-अक्टूबर तिमाही का नेट प्रॉफिट 80.3 प्रतिशत उछाल के साथ 3,716.5 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने एक बयान में बताया कि उसे यह मुनाफा बेहतर बिक्री, जिंस की कीमतों में नरमी, लागत घटाने की कोशिशों और ऊंची नॉन-ऑपरेशनल इनकम के चलते हुआ। एमएसआई को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 2,061.5 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में रजिस्टर्ड शुद्ध बिक्री 35,535.1 करोड़ रुपए रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 28,543.50 करोड़ रुपए रही थी। एमएसआई ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 5,52,055 व्हीकल्स की बिक्री की। इनमें से 4,82,731 व्हीकल्स घरेलू बाजार में जबकि बाकी 69,324 कारों का एक्सपोर्ट किया। कंपनी ने सितंबर, साल 2022 में 5,17,395 गाड़ियां बेची थीं। मारुति सुजुकी ने बताया कि सितंबर तिमाही में उसकी बिक्री संख्या, शुद्ध बिक्री और शुद्ध लाभ अब तक किसी भी तिमाही के मुकाबले अधिक रहा। मारुति सुजुकी के मुताबिक, वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के दौरान, इसके सामान, कर्मचारी, मूल्यह्रास और अन्य खर्च पिछले वर्ष की दूसरी तिमाही की तुलना में कम हो गए। कमोडिटी की कीमतों में नरमी, लागत में कमी के उपाय, बेहतर रिकवरी और दूसरे खर्चों में कमी के चलते मार्जिन बेहतर हुआ। मारुति सुजुकी का शेयर 10,459.95 रुपए पर खुलने के बाद 10,770 रुपए तक पहुंच गया। बाद में शेयर 10,758 रुपए की रेंज में पहुंच गया।

रिलायंस जियो नेट प्रॉफिट 12 प्रतिशत बढ़कर 5,058 करोड़ पहुंचा

नई दिल्ली। दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब 12 प्रतिशत बढ़कर 5,058 करोड़ रुपये रहा। रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी का पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 4,518 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की परिचालन आय 9.8 प्रतिशत बढ़कर 24,750 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस जियो ने देश के दूरदराज के क्षेत्रों में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने वाली भारत की पहली उपग्रह-आधारित गीगा फाइबर सेवा पेश की। जियो ने इंडिया मोबाइल कांगेस' में शुक्रवार को नए उपग्रह आधारित ब्रॉडबैंड जियो स्पेस फाइबर' को पेश किया। ह्यजियो स्पेस फाइबर' उपग्रह आधारित गीगा फाइबर प्रौद्योगिकी है।

केन्द्र सरकार अगले सप्ताह तक जारी करेगी पीएम ई-बस सेवा

3000 बसों की शीघ्र निकाली जायेगी टेंडर : हरदीप सिंह पुरी

एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम-ई बस सेवा के तहत 3000 इलेक्ट्रिक बसों की निविदा अगले सप्ताह जारी की जाएगी। यह जानकारी केंद्रीय आवास व शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी और आवास व शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने विगत शुक्रवार को दी। पुरी ने अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस ऐंड एक्सपो 2023 के संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये निविदाएं शीघ्र ही जारी की जाएंगी। जोशी ने कहा, हमने आरएफपी (प्रस्ताव का अनुरोध) को अंतिम रूप दे दिया है। हम आंतरिक मंजूरी ले रहे हैं। लिहाजा हम अगले सप्ताह के अंत तक 3000 बसों की निविदा जारी कर सकेंगे। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि उत्तर प्रदेश सरकार की 2000 बसों के प्रस्ताव पर कार्य जारी है। पीएम ई बस सेवा के तहत सार्वजनिक व निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत 169 शहरों में 10,000 इलेक्ट्रिक बसें मुहैया करवाई जाएंगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अगस्त में 57,000 करोड़ रुपए के निवेश की इजाजत दे दी थी। जोशी ने बताया, ह्यकेंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के बाद हमने राज्यों को प्रस्ताव भेजने के लिए एक महीने का समय दिया था। इन प्रस्तावों पर अन्य राज्य भी कार्य कर रहे हैं। दरअसल पीएम ई बस सेवा की शुरूआत सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में इलेक्ट्रिक बसों का अपनाना धीरे होने के कारण की गई थी।

विदेश

कजाकिस्तान की कोयला खदान में आग लगने से कम से कम 21 लोगों की हुई मौत

एजेंसी। अस्ताना



मध्य कजाकिस्तान में कोयला खदान में शनिवार को आग लगने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई जबकि 25 अन्य लोग लापता हैं। खदान का संचालन करने वाली कंपनी आर्सेलरमित्तल तेमिरताउ ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि जिस वक्त कोस्टेनको कोयला खदान में आग लगी तो उसमें करीब 252 लोग काम कर रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि आग लगने का कारण मिथेन गैस हो सकती है। लक्समबर्ग स्थित दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इस्पात निमार्ता बहुराष्ट्रीय कंपनी आर्सेलर मित्तल का स्थानीय प्रतिनिधि आर्सेलरमित्तल तेमिरताउ है। आर्सेलरमित्तल तेमिरताउ कारागांडा क्षेत्र में आठ कोयला खदानों का संचालन करती है। इसके अलावा कंपनी के पास मध्य एवं उत्तरी कजाकिस्तान में चार लौह अयस्क खदानों के संचालन का जिम्मा भी है। कंपनी की इसी खदान अगस्त में भी आग लग गई थी जिसमें चार खनिकों की मौत हो गई थी। वहीं, नवंबर 2022 में एक अन्य कार्यस्थल पर मीथेन गैस के रिसाव से पांच लोगों की मौत हो गई थी। कंपनी ने बयान में मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनका प्रयास अब यह सुनिश्चित करना है कि प्रभावित कर्मचारियों को देखभाल और पुनर्वास के साथ सरकारी अधिकारियों से सहयोग मिले। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायव ने शनिवार को कहा कि उनका देश आर्सेलरमित्तल तेमिरताउ के साथ निवेश सहयोग बंद कर रहा है। देश के महा अभियोजक के कार्यालय ने कोयला खदान में संभावित सुरक्षा उल्लंघनों की जांच की भी घोषणा की है।

पेज एक के शेष

जेपीएससी परीक्षा में ...

करते हुए हाई कोर्ट ने इन परीक्षाओं की सीबीआई जांच करने का निर्देश दिया था और नियुक्ति पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के इस आदेश से प्रभावित अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली थी। यहां अभ्यर्थियों को राहत मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के नियुक्ति प्रक्रिया को रोकने के आदेश को खारिज कर दिया था, लेकिन सीबीआई जांच के आदेश को बरकरार रखा था।

भ्रष्टाचार में...

हाथ पड़ा उसका बंटाधार हो गया लेकिन मोदी के हाथ जो काम लगा उसका विकास हो गया। विश्व स्तर का रेलवे स्टेशन बनकर आयेगा यह तय है। जेपी नड्डा ने गोड्डा, गढ़वा, देवघर और रांची में होने वाले विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने पीएम मोदी का रिपोर्ट कार्ड आपके सामने रखा है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की चर्चा तो बहुत लोगों ने की लेकिन जनजातीय गौरव दिवस के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मनाने का फैसला लिया। हम यहां के बारे में सुनते थे लेकिन मौजूदा सरकार ने कभी यहां का दर्द नहीं समझा। अटल बिहारी वाजपेयी थे, जिन्होंने झारखंड की स्थापना की। झारखंड में अटल बिहारी वाजपेयी हमेशा याद किए जायेंगे। हेमंत सोरेन ने ट्राइबल की चर्चा की। इसी नाम पर वोट मांगे और जितना नुकसान हेमंत सरकार ने आदिवासियों का किया उतना किसी ने नहीं किया। जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा की सरकार और भाजपा के कार्यकर्ता जब सत्ता पर बैठते हैं, तो लोगों की सेवा के लिए बैठते हैं। लोगों के काम करने के लिए बैठते हैं। झारखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए बैठते हैं लेकिन जब झामुमो के लोग सत्ता पर बैठते हैं, तो वो अपनी सेवा के लिए बैठते हैं। मेवा खाने के लिए बैठते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने वोट की राजनीति के लिए धर्मांतरण पर आंख मूंद ली। वोट की राजनीति, धर्मांतरण पर मौन स्वीकृति देना यह बताता है कि वह वोट के लिए हर कुछ करने के लिए तैयार है। ये बताता है कि हेमंत सोरेन को आदिवासियों की संस्कृति की नहीं सिर्फ वोट की चिंता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में तुष्टिकरण चरम पर है। मंदिर और मूर्तियां टूट रही है परंतु कोई एक्शन नहीं होता। महादेव की बारात को रोकी जा रही है पुलिस मूक दर्शक है। झारखंड की क्या स्थिति हो गई है जब मुंडा, बाबूलाल और रघुवर का राज था तब नक्सली पर काबू था आज नक्सली आतंक मचा रहे हैं घटनाएं बढ़ी है। पुलिस रक्षक की बजाय भक्षक बन गई है महिलाओं के साथ उत्पीड़न और अनाचार, बलात्कार किया जा रहे हैं। स्कूल के गेट से नाबालिग को उठाया जा रहा है। यह जंगलराज नहीं तो क्या है। झारखंड में जो जमीन घोटाला हुआ है इतिहास में ऐसा नहीं हुआ। ट्रांसफर पोस्टिंग का धंधा चालू है। केंद्र की मोदी सरकार ने झारखंड को आगे बढ़ाने का काम किया लेकिन यहां की निक्कमी सरकार ने कांग्रेस के साथ मिली भगत कर यहां का विकास काम ठप कर दिया है।

राज्य सरकार सिर्फ ...

लेकिन कोई भी काम पूरा नहीं हुआ। हेमंत सोरेन सरकार के रहते प्रदेश का विकास नहीं हो सकता है। यह लोग सिर्फ अपना, अपने परिवार का विकास करते हैं। पैसे की राजनीति करते हैं। मरांडी ने कहा कि कानून व्यवस्था की पूरे राज्य में स्थिति खराब है। चोरी डकैती अपहरण बलात्कार हो रही है। बहू बेटियां सुरक्षित नहीं है। ब्लॉक से लेकर सभी दफ्तरों में बिना पैसे का कोई काम नहीं होता है। जमीन, कोयला, बालू, पत्थर हर जगह सिर्फ लूट ही लूट है। इन लुटेरे को झारखंड सरकार बचाती है। हेमंत सोरेन तो लुटेरों को संरक्षण दे रहे हैं। लुटेरे को पकड़कर ईडी ने जेल भेजना शुरू किया तो उन्हें बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट से महंगे वकीलों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। हेमंत कहते हैं कि वह आंदोलनकारी के बेटे हैं डरते नहीं हैं लेकिन जब ईडीवालों ने नोटिस दिया तो वह सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट भागे भागे फिर रहे हैं। अगर कोई गड़बड़ी नहीं किया तो उन्हें भागने की जरूरत क्या है? ईडी के दफ्तर जाकर उन्हें सारी चीज साफ-साफ बता देनी चाहिए।

लातेहार में आठ लाख ...

दौरान अगनु गंझू को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पूछताछ के दौरान पता चला कि गिरफ्तार नक्सली भाकपा माओवादी का सब जोनल कमांडर अगनु है।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली पिछले कई वर्षों से माओवादी संगठन में सक्रिय था और विभिन्न आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया था। लातेहार समेत आसपास के जिलों के विभिन्न थाना में 78 से अधिक हिंसक घटनाओं से संबंधित मामले दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली अगनु भाकपा माओवादी के खूंखार जोनल रविन्द्र गंझू का दाहिना हाथ माना जाता था। इसकी गिरफ्तारी से माओवादियों को बड़ा नुकसान हुआ है।

एसपी ने बताया कि अगनु की गिरफ्तारी में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, सब इंस्पेक्टर जमील अंसारी, नारायण यादव दिव्य प्रकाश, कुंदन कुमार ,सुनील टूटी, चंदन मांझी समेत अन्य पुलिस के जवानों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

योगेंद्र तिवारी ...

रहने वाले योगेंद्र तिवारी ने पूर्व की सरकार से लेकर अब तक शराब के धंधे से करोड़ों की संपत्ति अर्जित की है। ईडी के पहले शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के यहां 21 मार्च की आयकर विभाग की छापेमारी में यह बात सामने आया था कि उसके पास लगभग 20 करोड़ की अघोषित संपत्ति है। इस छापामारी के बाद 23 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाला मामले में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के आवास सहित राज्य के 36 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान प्रवर्तन निदेशालय ने रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित उरांव के ठिकाने से 30 लाख रुपए नगद बरामद किए थे। वहीं योगेंद्र तिवारी के विभिन्न ठिकानों से कई दस्तावेज मिले थे।

किसानों को ...

सत्यापन के बाद बाकी किसानों का भी 50 हजार रुपये तक का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। राज्य में लगातार दो वर्ष से बारिश काफी कम मात्रा में हुई, जिस वजह से सुखाड़ की स्थिति बनी हुए। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है। इस साल राज्य सरकार ने केसीसी पर लगने वाले चार फीसदी ब्याज का बोझ खुद उठाने का फैसला किया है। दरअसल, केसीसी पर कुल सात फीसदी ब्याज देना होता है। इसमें अब तक तीन फीसदी ब्याज केंद्र सरकार और तीन फीसदी राज्य सरकार देती है।

भारत-ईरान व आर्मीनिया ने पाकिस्तान और तुर्की के खिलाफ कसी कमर

भारत नए कॉरिडोर पर काम करने का बना रहा प्लान

एजेंसी। तेहरान

भारत, आर्मीनिया और ईरान ने अब पाकिस्तान, अजरबैजान और तुर्की की नापाक तिकड़ी को मात देने के लिए कमर कस ली है और नया प्लान तैयार कर रहे हैं। पाकिस्तान और अजरबैजान ने हाल ही में अपने रक्षा संबंध को काफी बढ़ा लिया है। आर्मेनिया को बड़े पैमाने पर हथियार बेचने वाले भारत ने अब उसे साथ लेकर एक और बड़ा प्लान तैयार किया है। भारत ने आर्मेनिया और ईरान के साथ मिलकर एक नए कॉरिडोर पर काम करने की प्लानिंग की है। इससे पाकिस्तान, तुर्की और अजरबैजान के त्रिगुट की काट की जा सकेगी। इस साल इस्लामाबाद और बाकु में कई मीटिंग्स हुई हैं, जिनमें तुर्की को साथ लेकर आगे बढ़ने की बात है। भारत ने अब ईरान के साथ आर्मेनिया तक पहुंच का प्लान बनाया है। इसी साल अप्रैल में आर्मेनिया की राजधानी येरेवन में एक मीटिंग हुई थी, जिसमें तीनों देशों के बीच आर्थिक संबंध, कॉम्युनिकेशन चैनल और जनता से जनता के संपर्क को बढ़ावा देने पर बात हुई। इस मीटिंग में लगातार संपर्क में रहने और इन अहम मसलों पर साथ काम करने को लेकर बात हुई। मीटिंग में इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के इस्तेमाल पर भी बात हुई ताकि क्षेत्रीय स्तर पर कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा सके। बीते कुछ सालों में आर्मेनिया के साथ भारत के संबंध तेजी से बेहतर हुए हैं। वहीं उसके प्रतिद्वंद्वी अजरबैजान की पाकिस्तान से निकटता है और उसे तुर्की का भी साथ मिलता है। ऐसे में आर्मेनिया भारत के और निकट आया है। भारत ने उसे हथियार भी बेचे हैं और अब डिमांड के बाद नई खेप भी भेजने की तैयारी है। आर्मेनिया ने प्रस्ताव दिया है कि फारस की खाड़ी और काला सागर से होते हुए ईरान के रास्ते एक कॉरिडोर तैयार किया जाए। यह कॉरिडोर एनएसटीसी के समानांतर होगा, जो भारतीय कारोबारियों के रूस के रास्ते यूरोप तक से जोड़ता है। दरअसल आर्मेनिया और ईरान के बीच करीब एक सदी से अच्छे संबंध हैं। दोनों के बीच सांस्कृतिक तौर पर बेहतर रिश्ते हैं तो वहीं कारोबारी संबंध भी मजबूत हैं। क्यों आर्मेनिया और भारत के साथ आ रहा ईरान और पाक परेशान ऐसे में आर्मेनिया से ईरान होते हुए भारत तक के लिए कॉरिडोर बनाना भी आसान है। हालांकि अजरबैजान से दोस्ती करने वाला पाकिस्तान उसे कुछ देने की स्थिति में नहीं है बल्कि उससे तेल आदि की सस्ती खरीद की ही फिराक में है।

आर्मेनिया के साथ भारत के संबंध तेजी से बेहतर हुए हैं। वहीं अजरबैजान की पाकिस्तान से निकटता है और उसे तुर्की का भी साथ मिलता है

विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 5 रन से हराया

एजेंसी। धर्मशाला

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच शनिवार को विश्व कप मुकाबला विशाल स्कोर वाला रहा जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने पांच रन से रोमांचक जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने 49.2 ओवर में 388 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाया जबकि न्यूजीलैंड की टीम विशाल लक्ष्य का जबरदस्त ढंग से पीछा करने के बावजूद 50 ओवर में नौ विकेट पर 383 रन ही बना सकी। मुकाबले की अंतिम गेंद तक इस हाई स्कोरिंग मैच का रोमांच बना रहा। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच यह अब तक सबसे ज्यादा स्कोर वाला वनडे मैच बन गया। इस मैच में कुल 758 रन बने। ऑस्ट्रेलिया की छह मैचों में यह चौथी जीत है जबकि न्यूजीलैंड को दूसरी हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों के आठ-आठ अंक हैं। लेकिन इस नतीजे ने अंक तालिका में भी रोचकता बढ़ा दी है। भले ही ऑस्ट्रेलिया ने भी चार मैच जीत लिए हों लेकिन खासकर न्यूजीलैंड के आने वाले मैच मजबूत टीमों के खिलाफ हैं। ऑस्ट्रेलिया की पारी में अपना पहला विश्व कप मैच खेल रहे ट्रेविस हेड को मात्र 67 गेंदों में 10 चौकों और सात छक्कों से सजी 109 रन की तूफानी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। न्यूजीलैंड के लिए भी रचिन रविंद्र ने 89 गेंदों में 116 रन की शानदार शतकीय पारी खेली लेकिन वह अपनी टीम को जीत की मंजिल तक नहीं ले जा पाए।

स्कोर बोर्ड

ऑस्ट्रेलिया	रन	बॉल	4	6
डेविड वॉर्नर	81	65	5	6
ट्रैविस हेड	109	67	10	7
मिचेल मार्श	36	51	2	0
स्टीव स्मिथ	18	17	2	0
मार्नस लाबुशेन	18	26	2	0
ग्लेन मैक्सवेल	41	24	5	2
जॉश इंग्लस	38	28	4	1
पैट कमिंस	37	14	2	4
मिचेल स्टार्क	1	3	0	0
ऐडम जैम्पा	0	3	0	0
जॉश हेजलवुड	0	0	0	0

अतिरिक्त : 09, **कुल :** 388/10 (49.2 ओवर)
विकेट पतन: 1-175, 2-200, 3-228, 4-264, 5-274, 6-325, 7-387, 8-388, 9-388, 10-388 . डीआरएस
गेंदबाजी : मैट हेनरी 6.2-0-67-1, ट्रेंट बोल्ट 10-0-77-3, लॉकी फर्ग्युसन 3-0-38-0, मिचेल सैंटनर 10-0-80-2, ग्लेन फि लिप्स 10-0-37-3, रचिन रविंद्र 8-0-56-0, जिमी नीशम 2-0-32-1

न्यूजीलैंड	रन	बॉल	4	6
डेवन कॉन्वे	28	17	6	0
विल यंग	32	37	4	1
रचिन रविंद्र	116	89	9	5
डैरिल मिचेल	54	51	6	1
टॉम लेथम	21	22	2	0
ग्लेन फि लिप्स	12	16	1	0
जिमी नीशम	58	39	3	3
मिचेल सैंटनर	17	12	1	1
मैट हेनरी	9	8	1	0
ट्रेंट बोल्ट	10	8	0	1
लॉकी फर्ग्युसन	0	1	0	0

अतिरिक्त : 26, **कुल :** 383/9 (50 ओवर)
विकेट पतन: 1-61, 2-72, 3-168, 4-222, 5-265, 6-293, 7-320, 8-346, 9-383 . डीआरएस
गेंदबाजी : मिचेल स्टार्क 9-0-89-0, जॉश हेजलवुड 9-0-70-2, पैट कमिंस 10-0-66-2, ग्लेन मैक्सवेल 10-0-62-1, ऐडम जैम्पा 10-0-74-3, मिचेल मार्श 2-0-18-0

वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

टीम	मैच	जीत	हार	नेट प्वाइंट्स	नेट प्वाइंट्स
सा. अफ्रीका	6	5	1	10	+2.032
भारत	5	5	0	10	+1.353
न्यूजीलैंड	6	4	2	8	+1.232
ऑस्ट्रेलिया	6	4	2	8	+0.970
श्रीलंका	5	2	3	4	-0.205
पाकिस्तान	6	2	4	4	-0.387
अफगानिस्तान	5	2	3	4	-0.969
नीदरलैंड्स	6	2	4	4	-1.277
बांग्लादेश	6	1	5	2	-1.338
इंग्लैंड	5	1	4	2	-1.634

भारत की निगाहें इंग्लैंड के खिलाफ जीत का विजय रथ जारी रखने पर

एजेंसी। लखनऊ

जब जून में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा की गई थी, तो किसी ने 29 अक्टूबर को देखा होगा और बीआरएसएबीवी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में भारत-इंग्लैंड के बीच होने वाले मुकाबले को अपने कैलेंडर में एक प्रमुख मुकाबले के रूप में चिह्नित किया होगा । मेजबान टीम का मुकाबला गत चैंपियन से है। अभी रुकें और भारत सबसे प्रबल दावेदार होने की टूर्नामेंट-पूर्व बिलिंग पर खरा उतरा है - पांच में से पांच मैच जीतकर और अंक तालिका में शीर्ष-दो में जगह बनाने की उम्मीद। लेकिन स्क्रिप्ट उस तरह से घटित नहीं हुई जैसी इंग्लैंड के लिए सोची गई थी, मौजूदा चैंपियन पांच में से चार मैच हारने और प्रतियोगिता से जल्दी बाहर होने के कगार पर है। पिछले हफ्ते एचपीसीए स्टेडियम में न्यूजीलैंड पर चार विकेट की जीत के बाद धर्मशाला के ठंडे मौसम में आराम करने के बाद, भारत अपनी जीत की गति को जारी रखने के इरादे से पिछले दो दिनों से लखनऊ में पसीना बहाकर रविवार के मुकाबले में उतर रहा है। कप्तान रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली और विकेटकीपर केएल राहुल तक उनके बल्लेबाज शानदार फॉर्म में हैं और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खड़े हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करते हुए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच विकेट लेकर तत्काल प्रभाव छोड़ा है। स्पिन गेंदबाजी विभाग में रवींद्र जड़ेजा और कुलदीप यादव बेहद प्रभावी रहे हैं। बायें टखने की चोट के कारण हार्दिक पंड्या अभी भी अनुपलब्ध हैं, ऐसे में भारत धर्मशाला में उतारी गई अंतिम एकादश की तरह ही अंतिम एकादश उतार सकता है। हार्दिक की अनुपस्थिति में टीम के संतुलन के सवाल पर भारतीय थिंक-टैंक टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम बने रहने की अपनी खोज पर विचार कर रहा होगा। धर्मशाला में हार्दिक की अनुपस्थिति का मतलब था कि भारत को सूर्यकुमार यादव और मोहम्मद शमी को लाकर उनकी कमी को पूरा करना था, जबकि शार्दुल ठाकुर को बाहर रखा गया था।

टीमें इस प्रकार है

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव।

इंग्लैंड : जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), मोइन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम करेन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, आदिल राशिद, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, डेविड विली, मार्क वुड और क्रिस वोक्स.

स्कोर बोर्ड

नीदरलैंड्स	रन	बॉल	4	6
विक्रमजीत सिंह	3	9	0	0
मैक्स ओ'डाउड	0	3	0	0
वेस्ली बरेसी	41	41	8	0
कॉलिन ऐकरमैन	15	33	1	0
स्कॉट एडवर्ड्स	68	89	6	0
बास डलीडे	17	32	2	0
साइब्रैंड एंगलब्रेख्त	35	61	3	0
लोगन वैन बीक	23	16	2	1
शारिज अहमद	6	8	0	0
आर्यन दत्त	9	6	0	1
पॉल वैन मीकरेन	0	2	0	0

अतिरिक्त : 12, **कुल :** 229/10 (50 ओवर)
विकेटपतन: 1-3, 2-4, 3-63, 4-63, 5-107, 6-185, 7-185, 8-194, 9-212, 10-229 . डीआरएस
गेंदबाजी : शोरिफुल इस्लाम 10-0-51-2, तस्किन अहमद 9-1-43-2, शाकिब अल हसन 10-1-37-1, मेहदी हसन मिराज 4-0-17-0, मुस्तफि जुर रहमान 10-1-36-2, महेदी हसन 7-0-40-2

बांग्लादेश	रन	बॉल	4	6
लिटन कुमार दास	3	12	0	0
तंजिद हसन	15	16	3	0
मेहदी हसन मिराज	35	40	5	1
नजमुल शान्तो	9	18	2	0
शाकिब अल हसन	5	14	0	0
मुशफि कुर रहीम	1	5	0	0
महमुदउल्लाह	20	41	2	0
महेदी हसन	17	38	1	0
तस्किन अहमद	11	35	1	0
मुस्तफि जुर रहमान	20	35	2	1
शोरिफुल इस्लाम	0	0	0	0

अतिरिक्त : 06, **कुल :** 142/10 (42.2 ओवर)
विकेट पतन: 1-19, 2-19, 3-45, 4-63, 5-69, 6-70, 7-108, 8-113, 9-142, 10-142 . डीआरएसा
गेंदबाजी : आर्यन दत्त 10-3-26-1, लोगन वैन बीक 9-1-30-1, कॉलिन ऐकरमैन 7-1-25-1, पॉल वैन मीकरेन 7.2-0-23-4, बास डलीडे 7-0-25-2, शारिज अहमद 2-0-13-0

नीदरलैंड ने वर्ल्ड कप 2023 में जीता दूसरा मैच, बांग्लादेश को 87 रनों से दी शिकस्त

एजेंसी। कोलकाता

विश्व कप 2023 में शनिवार को नीदरलैंड ने बांग्लादेश को 87 रनों से हरा दिया। नीदरलैंड के द्वारा 229 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम 42.2 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर सिर्फ 142 रन बना सकी। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन ने 40 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्के की मदद से सर्वाधिक 35 रन बनाए। बता दें कि नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया था। नीदरलैंड ने कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के 68 रन की शानदार पारी के बदौलत नीदरलैंड 50 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 229 रनों का स्कोर खड़ा किया नीदरलैंड की ओर से पॉल वैन मीकेरेन ने सर्वाधिक 4 विकेट चटकाए। बता दें कि बांग्लादेश ने प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव किए थे। नसुम अहमद और हसन महमूद की जगह तस्कीन अहमद को मौका मिला था। ईडन गार्डन पर यह मौजूदा विश्व कप का पहला मुकाबला है। नीदरलैंड के खिलाफ 230 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश ने लगातार अंतराल पर अपने विकेट गंवाए। खबर लिखे जाने तक बांग्लादेश का स्कोर 33.2 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 114 रन है। बांग्लादेश की ओर से तस्कीन अहमद 4 रन पर जबकि मुस्तफिजुर रहमान 1 रन पर बैटिंग कर रहे हैं। नीदरलैंड की ओर से पॉल वैन मीकेरेन ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम ने खबर लिखे जाने तक 79 रन के अंदर अपने 6 विकेट गंवा दिए हैं। बांग्लादेश की ओर से क्रीज पर महमुदुल्लाह 7 रन बनाकर जबकि मेहंदी हसन 2 रन बनाकर

डटे हुए हैं। नीदरलैंड के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत खराब रही। बांग्लादेश के दोनों ओपनर जल्द ही पवेलियन लौट गए। खबर लिखे जाने तक बांग्लादेश का स्कोर 16 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 63 रन है। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन 5 रन बनाकर आउट हो गए। नीदरलैंड की ओर से पॉल वैन मीकेरेन ने सर्वाधिक 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम को पांचवें ओवर में ओपनर लिटन दास के रूप में बड़ा झटका लगा है। लिटन दास 3 रन बनाकर आउट हो गए। खबर लिखे जाने तक बांग्लादेश का स्कोर 1 विकेट के नुकसान पर 5 ओवर में 19 रन है। नीदरलैंड ने कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के 68 रन की शानदार पारी के बदौलत नीदरलैंड 50 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 229 रनों का स्कोर खड़ा किया। इस तरह नीदरलैंड की टीम ने बांग्लादेश को 230 रनों का लक्ष्य दिया है। नीदरलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ 48 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 203 रन बना लिए हैं। न्यूजीलैंड का 8वां विकेट शरीज अहमद के रूप में गिरा है।

एशियन पैरा गेम्स 2023 : भारत ने 100 पदक का आंकड़ा पार किया, 30 स्वर्ण के करीब

एजेंसी। हांगझू

भारतीय पैरा-एथलीटों ने चीन के हांगझू में चौथे एशियाई पैरा खेलों में चमक जारी रखी और शनिवार को सामूहिक रूप से प्रतिष्ठित 100 पदक का आंकड़ा पार कर लिया। इससे पहले, भारत ने 2018 जकार्ता खेलों में अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए गुरुवार को 72-पदक (15 स्वर्ण, 24 रजत, 33 कांस्य) के आंकड़े को पार करते हुए अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ पदक को पीछे छोड़ दिया। लेखन के समय भारत की पदक तालिका में 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य सहित कुल 111 पदक थे, और प्रतियोगिताओं के अंत तक गिनती बढ़ने की उम्मीद है। शनिवार को पुरुषों की टी-47 400 मीटर स्पर्धा में दिलीप गावित द्वारा जीते गए 26वें स्वर्ण के साथ भारत ने प्रतिष्ठित 100 पदक का आंकड़ा पार कर लिया। इस बीच, चीन 200 से अधिक स्वर्ण पदकों सहित 500 से अधिक पदकों के साथ बाकियों से आगे है।

भारत ने पूरे किये 100 पदक, एशियाई पैरा खेलों में जीत पर पीएम मोदी ने दी बधाई

इस उपलब्धि पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी और कहा कि ये जीत सभी के लिए प्रेरणा होगी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, एशियाई पैरा खेलों में 100 पदक! अद्वितीय खुशी का क्षण। यह सफलता हमारे एथलीटों की प्रतिभा, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। यह उल्लेखनीय मील का पत्थर हमारे दिलों को बेहद गर्व से भर देता है। मैं अपनी गहरी सराहना व्यक्त करता हूं। हमारे अविश्वसनीय एथलीटों, कोचों और उनके साथ काम करने वाली पूरी सहायता प्रणाली का आभार। ये जीतें हम सभी को प्रेरित करती हैं। वे एक अनुस्मारक के रूप में काम करती हैं कि हमारे युवाओं के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। इस बीच, प्रतिष्ठित खेलों के आखिरी दिन भारत के लिए पदकों की बारिश जारी रही। इससे पहले शनिवार को रोवर्स अनीता और नारायण कोंगनापल्ले ने पीआर 3 मिक्स्ड डबल्स स्कल्स में रजत पदक जीता। मिश्रित युगल जोड़ी ने 8:50.71 के समय के साथ पोडियम फिनिश किया।

मनु भाकर ने निशानेबाजी में भारत के लिए 11वां पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया

एजेंसी। नई दिल्ली

ओलंपियन और भारत के सबसे सफल समकालीन निशानेबाजों में से एक मनु भाकर ने कोरिया के चांगवोन में चल रही 15वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में पांचवें स्थान पर रहकर शूटिंग में भारत का 11वां पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। मनु ने फाइनल में 24 का स्कोर किया और शूट-ऑफ में हारकर एक और अंतरराष्ट्रीय पदक से चूक गईं। ईरान की हनियेह रोस्तमियान दूसरे स्थान पर रहीं, उन्होंने चीन का पदक छीन लिया, क्योंकि पावरहाउस राष्ट्र ने अन्य सभी स्थानों को एक से चार तक ले लिया। यह देखते हुए कि चीन केवल एक कोटा का दावा कर सकता है और हनियाह ने पहले ही अपना कोटा सुरक्षित कर लिया था, दूसरा पेरिस स्थान भारतीय ने हासिल किया। बाहर होने से पहले, मनु अक्सर शीर्ष दो में और पूरे समय पदक की स्थिति में रहती थीं, सातवीं और आठवीं श्रृंखला में दो और तीन के स्कोर से पहले उन्हें चौथे स्थान के लिए चीन की झाओ नान के साथ शूट-ऑफ में जाना पड़ा। वह चूक गईं लेकिन कोटा पहले ही सुरक्षित हो चुका था। मनु ने अपने कार्यक्रम के बाद कहा, उद्देश्य स्पष्ट रूप से कोटा था, क्योंकि इसके बाद जीतने की बहुत कम संभावनाएँ बची हैं। तो हां, मुझे खुशी है कि मैंने कोटा जीत लिया है लेकिन पोडियम फिनिश बेहतर होता। मैं कुछ सुधारों पर काम कर रही हूं और मुझे लगता है कि मैं सही रास्ते पर हूं लेकिन यहां से और भी अधिक मेहनत करने की जरूरत होगी।"

एशियन पैरा गेम्स पदक तालिका

रैंक	देश	सोना	चांदी	कांस्य	कुल
1	चीन	214	167	140	521
2	आईआर ईरान	44	46	41	131
3	जापान	42	49	59	150
4	दक्षिण कोरिया	30	33	40	103
5	भारत	29	31	51	111
6	इंडोनेशिया	29	30	36	95
7	थाईलैंड	27	26	55	108
8	उज्बेकिस्तान	25	24	30	79
9	फिलीपींस	10	4	5	19
10	हांगकांग(चीन)	8	15	24	47

आयोजन **लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2023 के टिकटों की बिक्री शुरू**

खेल प्रेमियों का होगा मनोरंजन : रमन रहेजा

पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर पर उपलब्ध

टिकटों की कीमत 249 रु. से शुरू

रांची के मैचों के लिए टिकट उपलब्ध

नवीन मेल संवाददाता। रांची

लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) ने इस सीजन के टिकटों की बिक्री शुरू करने की घोषणा की। खेल प्रेमियों को बेसब्री से इसका इंतजार था। वे अब पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर पर टिकट खरीद सकते हैं। एलएलसी 2023 के मैच 18 नवंबर से 9 दिसंबर 2023 तक भारत के पांच शहरों में खेले जाएंगे। रांची में सभी मैच जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे और टिकटों की कीमत 249 रु. से शुरू होगी। एलएलसी के इस सीजन रांची के मैचों के टिकट पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर पर उपलब्ध हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सीईओ रमन रहेजा ने कहा कि हम ने इस सीजन खेल प्रेमियों के मनोरंजन की जबरदस्त तैयारी की है। पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर से अहम साझेदारी कर उन्हें एक्सक्लूसिव टिकटिंग पार्टनर बनाया है। भारत के पांच शहरों - देहरादून, रांची, जम्मू, विशाखापत्तनम और सूरत में होने वाले ये मैच यादगार बनने वाले हैं। आप भी एक्शन के लिए तैयार हो जाइए। कैलेंडर पर निशान लगा लीजिए और पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर पर टिकट बुक कर लीजिए। पेटीएम इनसाइडर के बिजनेस हेड वरुण खरे ने बताया कि हम लीजेंड्स लीग टी20 में खेल प्रेमियों को उनके पसंदीदा क्रिकेट के दिग्गजों को एक बार फिर एक्शन में देखने का अवसर देने के लिए बेहद उत्साहित हैं। रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापत्तनम और सूरत में गौतम गंभीर, सुरेश रैना, हरभजन सिंह, आरोन फिंच, इरफान पठान, पार्थिव पटेल, क्रिस गेल, मार्टिन गुप्टिल जैसे दिग्गज क्रिकेटरों का खेल देखने का यह अभूतपूर्व अवसर है। इस तरह देश के कोने-कोने में क्रिकेट की धूम मचेगी। यह अवसर अविस्मरणीय अनुभव रहेगा। इन दिग्गजों को लाइव देखने के लिए आप पेटीएम ऐप और पेटीएम इनसाइडर वेबसाइट और ऐप पर आसानी से टिकट खरीद सकते हैं। इस साल लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में 6 टीमें हैं और ये मैच पांच शहरों में खेले जाएंगे। इस सीजन लीग में दो नई फ्रेंचाइजी शामिल की गई है - सदर्न सुपर स्टार्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद। एलएलसी 2023 का उद्घाटन मैच 18 नवंबर को रांची में होगा है, जहां पिछले सीजन के चैंपियन इंडिया कैपिटल्स का मुकाबला भीलवाड़ा किंग्स से होगा। इस सीजन 22 दिनों में कुल 19 मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट रोमांचक होने वाला है क्योंकि एलएलसी 2023 में इस खेल के दिग्गज क्लास की नई परिभाषा करने के लिए मैदान में उतरेंगे। रांची के बाद 24 नवंबर को देहरादून में मैच होगा। जम्मू में 27 नवंबर से 1 दिसंबर तक चार मैच खेले जाएंगे, जबकि विशाखापत्तनम में 2 दिसंबर से 4 दिसंबर तक तीन मैच खेले जाएंगे। एलएलसी 2023 के नॉकआउट मैच सूरत में खेले जाएंगे, जिसमें क्वालीफायर 5 दिसंबर से 7 दिसंबर तक रोमांचक खेल प्रदर्शन करेंगे। 9 दिसंबर के शानदार मैच से सीजन का समापन होगा।